छवि (सं.) स्त्री. शोभा, शान, छब

छव्वी २६ (छब्बीस)

छव्वीं (छौका ब.व.) रज़ाइयों तकियों के लिहाफ़

छां स्त्री. छाया, (फ़ा.) साया

छा क्रि. आज्ञा. आच्छादित कर ले

छा स्त्री. छाछ, लस्सी

छा झगणा क्रि. लस्सी बिलोना, (पु.) बिलोने का उपकरण

छांट क्रि. आज्ञा. छांट कर अलग कर, चुन ले

छांटणा क्रि.सं. चुनना, छंटाई करना

छाट स्त्री. बौछार

छाण पु. छान, आटा छानने से निकला छोकर

—छा पिला लस्सी पिला

—छा पीसें? क्या तू लस्सी पियेगा?

—छा पीसूं हम लस्सी पियेंगे

—छा पीसिन वे लस्सी पियेंगे

—छा पीसां मैं लस्सी पियूंगा

छाला पु. ए.व. छाला, आबला, बकरी का मेमना

छाली स्त्री. मेमनी

छाले पु. ब.व. छाले, आबले, मेमने

छिंग स्त्री. ए.व. गन्ने का छिलका

छिंगूं स्त्री. ब.व. गन्ने के छिलके

छिंगूं लाहवणा क्रि. छीलना, छिलके उतारना

छिंडकणा क्रि. छिड़कना

छिड़णा क्रि. छिड़ना, पशुओं का चरने जाना

छिणकणा पु. बजने वाला खिलोना

छित्तर (पं.) पु. जूता

छित्तर मारणा क्रि. जूते मारना

छित्तरें दी मार स्त्री. जूतों द्वारा पिटाई

छित्ता वि.पु. क्रूर, लड़ाका, पागल, वहशी

—छित्ता थी गई? तू पागल हो गया है क्या?

—छित्ता थी गे वह पागल हो गया है

छित्ती वि. स्त्री. क्रूर व लड़ाकी स्त्री

—छित्ती थी गई? तू पागल हो गई है क्या?

—छित्ती थी गई हे वह पागल हो गई है

—छित्ते वि. ब.व. क्रूर, पागल, वहशी लोग

—छित्ते थी ग्यो? क्या आप पागल हो गए हैं?

छित्यां थी ग्यो? क्या तुम पागल हो गई हो?

छिद्रोड़ा पु. ददोड़ा, दाफड़

छिल्ल स्त्री. छाल, छिलका, त्वचा, खाल

छिल्ल लाहवणा क्रि. खाल उतारना मु. बहुत बुरी तरह पीटना

छिल्लुड़, छिल्लड़ पु. छिलका

छुआर पु. लड़का

छुआरा पु. एक सूखा मेवा जो खजूर से बनता है

छुइर, छुएर स्त्री. ए.व. लड़की

छुएरीं स्त्री. ब.व. लड़कियाँ

छुकछुक स्त्री. रेल के इंजन के चलने की आवाज़

छुट वञणा क्रि. छूट जाना, मुक्त हो जाना, मर जाना, निश्चिंत हो जाना

छुट वञ क्रि. तू छूट जा, निश्चिंत हो जा

छुट वञो क्रि. आप छूट जाएँ, निश्चिंत रहें

छुट वेसी क्रि. छूट जाएगा, मुक्त हो जाएगा

छुट वेसूं क्रि. हम छूट जाएँगे

छुट वेसो तुम छूट जाओगे, आप छूट जाएँगे

छुड़क, छुड़क् वि. ढीला (लूज़)

छुड़तल वि. निर्बंध, अनियंत्रित

छुरक्की स्त्री. बचपना, बचगाना, व्यवहार

छेंडा पु. छींटा, ब.व. छेंडे

छेंबा वि. छीपा, कपड़े छापने वाला

छेंबे वि. ब.व. छींपे, कपड़े छापने वाले

छेक पु. छिद्र, सुराख़

छेकड़ क्रि.वि. आख़िर, अंततः

छेकड़ी वि. आख़िरी, अंतिम

छेणू पु. गरम घी को छानने से निकला अवशेष, विसन्नण

छेज स्त्री. गर्बा या डांडिया नृत्य

छेज मारणां क्रि. गर्बा नाचना, डांडिया नृत्य करना

छेड़ क्रि. प्रे. छेड़, छेड़छाड़ कर, पशुओं को चराने ले जा

छेड़णा क्रि. सं. छेड़ना, पशुओं को चराने ले जाना

छेत, छेतूं स्त्री. लकड़ी की फांस जो नाखुन में घुस जाए

छेर, छेरीं स्त्री. लड़की, लड़कियां

छोडे पु. ब.व. लकड़ी के छोट छोटे टुकड़े

छोपला वि. ढीला

छोपले वि. ढीले, जो फिट न हों

छोपले छोपले हत्थें नाल ढीले ढीले हाथों से, कस कर न पकड़ते हुए

छोरा वि. असहाय, दीनहीन, यतीम

छोरा थी वञणा असहाय या यतीम हो जाना

छौ स्त्री. रज़ाई या तकिये का लिहाफ़, चुप्पी, मौन

छौ चढ़ावणा क्रि. लिहाफ़ चढ़ाना

छौ मारणा क्रि. चुप हो रहना

छौ मार वञणा मु. चुप हो रहना, चुप्पी साध लेना

ज

जंग (फ़ा.) स्त्री. युद्ध, लड़ाई, समर

ज़ंग (फ़ा.) पु. लोहे पर भीगने से लगने वाला मैल

जंगजू (फ़ा.) वि. योद्धा, सैनिक, सिपाही

जंगल, जंगिल पु. वन, कानन, सहरा

जंगली वि. वनैला, वन्य, असभ्य, वहशी

जंगी वि. युद्धशील, युद्ध-सम्बंधी

जंघ स्त्री. ए.व. जंघा, टांग, ब.व. जंघां, जंघीं – टांगें

जंघड़ी स्त्री. टांग

(–अड़ावणा, मारणा)

–जंघड़ी अड़ावणा मु. टांग अड़ाना, दख़ल देना

–जंघड़ी मारणा मु. (वच्चों का) टांगें चलाना

जंघी स्त्री. हल का एक भाग

जंघीं, जंघां स्त्री. ब.व. टांगें

जंड, जंडी स्त्री. एक वृक्ष, जिसकी टहनी विवाह के समय दूल्हे को काटनी होती है

जंद्रा पु. ताला, कृपक का एक उपकरण जिस से वह मिट्टी हटाता या इकट्ठी करता है

जंद्राह पु. फ़राश, वहुत वड़ी चक्की

जंद्री स्त्री. छोटा ताला, ताली, व.व. जंद्रियाँ

जंद्रे पु. व.व. ताले

जंजीर, ज़ंजीर (फ़ा.) स्त्री. शृंखला, सांकल

ज़ंजीरगर (फ़ा.) वि. ज़ंजीर वनाने वाला

ज़ंबूर पु. एक औजार, प्लास

जंवई, जवांत्रा दामाद, जामाता

ज़ईफ़ः (अर.) वि.पु. वृद्ध, बूढ़ा, कमज़ोर

ज़ईफ़ः (अर.) वि.स्त्री. वृद्धा, बूढ़ी, कमज़ोर स्त्री

ज़ईफ़ी (अर.) स्त्री. वृद्धावस्था, बुढ़ापा, कमज़ोरी

जईफ़ुल उम्र (अर.) वि. वयोवृद्ध, बड़ी आयु वाला

ज़क (फ़ा.) स्त्री. हानि, नुकसान

ज़क पहुंचावणा क्रि. हानि पहुंचाना

ज़का, ज़ुका (अर.) स्त्री. बुद्धि, मेधा

ज़कात (अर.) स्त्री. आय का २ १/२ प्रतिशत धनियों से लेकर निर्धनों को दिया जाने वाला दान

जकड़ क्रि.प्रे. कस कर पकड़ (स्त्री.) जकड़न

जकड़णा क्रि. सं. जकड़ना, कसकर पकड़ना

जकड़न स्त्री. जकड, कसाव

जक्खड़ वि. बातूनी

जख, झख पु. मछली

जख मारणा मु. व्यर्थ बोलना, व्यर्थ काम करना, ख़ाली बैठे रहना

जखाड़ मारणा मु. फ़जूल और बहुत बोलना

जग पु. जग, संसार, जगत, (अं.) एक पात्र

जगराता पु. जागरण, रात भर जाग कर भजन कीर्तन करना

जगा क्रि. प्रे. जागृत कर

जगांत पु. चुंगी कर या टोल टैक्स
जगीर स्त्री. जागीर, सम्पदा
जचणा क्रि. फब जाना, पसंद आना
जच वञणा क्रि. फब जाना, पसंद आ जाना
जज (अं.) न्यायाधीश
जजमान वि. (सं.) यजमान, शिष्य, भक्त, मुरीद, ग्राहक
जजी स्त्री. जज का ओहदा
जज़ीरा (अर.) पु. टापू, द्वीप, चारों ओर से पानी से घिरा भूखंड यथा श्रीलंका
जज़ीरानुमा (अर.) (फ़ा.) पु. प्रायद्वीप, तीन ओर से पानी से घिरा भूखंड यथा दक्षिणी भारत
जज़्बः, जज़्बा (अर.) पु. भाव, भावना, मनोवृत्ति, ब.व. जज़्बात
जज़्ब (अर.) पु. आकर्षण, कशिश
—जज़्ब कर घिनणा क्रि. चूस लेना
जज़्वात (अर., फ़ा.) भावनाएँ, मनोवृत्तियाँ
जञ स्त्री. बरात, बारात
—जञ चढ़णा बारात चढ़ना
—जञ चढ़ावणा बारात चढ़ाना, बहुत शोर मचाना
जञघर पु. बारात घर
जञीं स्त्री. ब.व. बारातें
जञूं पु. (पं.) जंजू, जनेऊ, (सं.) यज्ञोपवीत
जञूं पावणा यज्ञोपवीत धारण करना
ज़ट पु. कृषक, अशिष्ट, ग्रामीण, मुसलमान
जटका, जटाका वि.पु. ग्रामीणों जैसा
जट भूतान वि.पु. उजड्डु अनगढ़ व्यक्ति
जट्टी स्त्री. ग्रामीण स्त्री, कृषक स्त्री, मुसलमानी
जड़ण, जड़ुण क्रि. वि. जब
जड़ स्त्री. ए.व. मूल, जड़, जड़ताग्रस्त, क्रि. आज्ञा. नगीने की तरह जड़
जड़णा क्रि.सं. जड़ना
जड़, जड़हाँ, जड़ों वि. जब
जण क्रि. आज्ञा. उत्पन्न कर, पैदा कर, जन
जणवा क्रि. आज्ञा. परिचित करा, जान पहचान करा
जणा पु. जन, व्यक्ति, मर्द, पति
जणावणा, जणवावणा क्रि. जताना, परिचय कराना
जणी स्त्री. महिला
जणे पु. ब.व. कई जन, कई व्यक्ति
जणेत (हरि.) स्त्री. बारात
जण्यां स्त्री. ब.व. कई महिलाएँ
जत स्त्री. बकरी के बाल
जत लाहवणा बकरी के बाल काटना
जत, जतवाल पु. ऊटों वाला
जतरा पु. धीरज, धैर्य
जतरा करणा क्रि. धीरज धरना
जतरावणा क्रि. धीरज बँधाना
जतवालिण स्त्री. जतवाल की पत्नी
जद (फ़ा.) पु. पूर्वजों की परम्परा, बाप दादा (पं.) ज़ब

जद्दी जयदाद स्त्री. बाप दादा की सम्पत्ति, मौरूसी जायदाद

ज़न सं. (फ़ा.) स्त्री. स्त्री, महिला, औरत, ज़नानी

जनाज़ा वि. सं. प्र. अर्थी

जनाज़ा कढणा नाश कर देना

ज़नानः (फ़ा.) ज़नाना, स्त्रियों से सम्बद्ध, स्त्रियों का

ज़नानख़ानः सं. (अ.) पु. स्त्री-कक्ष, अन्तःपुर

ज़ना पु. फ़ा. व्यभिचार

ज़नाकार वि. व्यभिचारी

ज़ना बिल जब्र फ़ा. बलात्कार

ज़नानी सं. स्त्री., स्त्री, महिला, औरत

जनाब वि. अ.प्र. श्रीमान जी, महोदय, महाशय

जनाबे आली, जनाबे आला वि. अ. मान्यवर महोदय!

ज़नावर जानवर, पशु

ज़नाह, ज़ना सं. (फ़ा.) पु. व्यभिचार

ज़नाकार (फ़ा.) वि. व्यभिचारी

ज़नाहकारी सं. (फ़ा.) स्त्री. व्यभिचार

जनाह बिल जब्र वि. (फ़ा.) बलात्कार

जन्नत सं. (अ.) स्त्री. स्वर्ग, देवलोक, सुरलोक, खुल्द

जन्नतनशीं वि. (अ. फ़ा.) स्वर्गवासी

जप सं. (पं.) जाप, जाप कर

जप जी साहब सं. (पं.) सिख धर्म की गुरवाणी

ज़फ़र सं. (अ.) स्त्री. जय, विजय, फ़तह, सफलता

जफ़ा सं. (फ़ा.) स्त्री अत्याचार, अन्याय, अनीति, ज़ुल्म

जफ्फा सं. (पं.) आलिंगन

जफ्फा मारणा पं. आलिंगन बद्ध करना

ज़बर वि. (फ़ा.) ऊपर

जब्‌र वि. (हरि.) शक्तिशाली, ज़बरदस्त

ज़बरदस्ती सं. (फ़ा.) स्त्री. बलपूवर्क, जब्रन, हठात

ज़बान सं. (फ़ा.) स्त्री. जीभ, जिह्वा, भाषा, वचन

ज़बान डेवणा वचन देना

ज़बान तू मुकर वञणा, ज़बान तू फिर वञणा वचन देकर मुकर जाना या न निभाना

ज़बान दा झूठा वि. वचन का कच्चा, झूठा वादा करने वाला

ज़बानी वि. फ़ा. मौखिक, कंठ या मुख से

जवाब सं. पु. जवाब, उत्तर, इनकार, निष्कासन

जवाब डेवणा इनकार कर देना, नौकरी से निकाल देना

जम सं. पु. यम, यमराज, मृत्यु का देवता

जम वञणा जम जाना, जड़ हो जाना, पक्का हो जाना

जम गे जम गया है, जड़ हो गया है, पक्का हो गया है

जमणा क्रि. जम जाना, पक्का हो जाना

जमना सं. स्त्री. यमुना नदी

जमा वि. पु. (अ.) जमअ, जोड़ा हुआ, संचित

जमात सं. स्त्री. (अ.) जमाअ़त, (सं.) कक्षा, श्रेणी, समूह, संगठन

जमाती वि. (फ़ा.) हम जमाअ़त, (सं.) सहपाठी

जमांदरू वि. जन्मजात

ज़मानत सं. (अ.) स्त्री. ज़ामिन होने का भाव

ज़मानः सं. (अ.) पु. ज़माना, समय, काल, युग, दीर्घकाल

ज़मीन सं. (अ.) स्त्री. भूमि, धरती, धरा, पृथ्वी, ज़मीं

ज़मीनीं वि. भूमि या धरती सम्बंधी

ज़मींदार वि. पु. भूमिपति

ज़मीदारी सं. स्त्री. भूमि का स्वामित्व

जम्ब (चम्बणा का आज्ञा.) ठहर, प्रतीक्षा कर, रुक जा

जम्ब वञ ठहर जा, रुक जा

जम्ब जम्ब आ बार बार आ, प्रायः आया कर

जम्बूर प्र. संडासी, एक औज़ार, प्लास

जम्मा पु. दिमाग़

जम्मा पीवणा मु. दिमाग़ चाटना, सिर खाना

जम्मू पु. जामन, एक फल, जम्मू कश्मीर राज्य का प्रसिद्ध नगर

जम्हूर पु. जनता, प्रजा

जम्हूरियत स्त्री. जनतंत्र

जम्हूर दी आवाज़ जनता की आवाज़

जय सं (सं.) स्त्री. जय, विजय, जीत, प्रणाम, जयजयकार

जर सं. पु. ज़ंग, लोहे पर लगने वाला मैल

ज़र सं. (फ़ा.) पु. धन, दौलत, सोना, सम्पत्ति

ज़रदार वि. (फ़ा.) धनवान, धनाड्य, धनी

ज़रदारी सं. (फ़ा.) स्त्री. धनाड्यता

जरयान सं. (अं.) पु. एक रोग, सोज़ाक

ज़रर सं. (अ.) पु. हानि, चोट, नुकसान, अनिष्ट

ज़रर रसाँ वि. (अ.) फ़ा. हानिकारक, अनिष्टकर

ज़रा वि. थोड़ा

ज़रा भोरा वि. थोड़ा सा

जराइम सं. (अ.) पु. जुर्म का ब.व., बहुत से अपराध

जराइम पेशा वि. (अ.) फ़ा. अपराध वृत्ति वाला

ज़राए सं. (अ़) पु. ज़रीया का ब.व., ज़रीये, साधन

ज़रीया सं. (अ़) ए.व. पु. ज़रीअः, साधन, वसीला, उपाय

ज़रीन, ज़रीं वि. (फ़ा.) सुनहरा, स्वर्णिम

ज़रूर अव्यय. अवश्य

ज़रूरत सं. स्त्री. आवश्यकता, इच्छा

ज़रूरी वि. आवश्यक

ज़रे–मुबादला सं. (फ़ा.) पु. विदेशी मुद्रा, विनिमय मुद्रा

ज़र्द वि. (फ़ा.) पीला, पीत

ज़र्फ़ सं. (अ.) पु. पात्र, बर्तन

ज़र्ब सं. (अ.) स्त्री. आघात, चोट, गुणा (×)

ज़र्रः सं. (अ.) पु. ज़र्रा, कण, अणु, रेज़ा
जल सं. (सं.) पु. पानी
जलती सं., क्रि.वि. जल्दी
जलती कर, जलती थी (आज्ञार्थक रूप) जल्दी कर, देर न कर
जलन सं. (हिं.) स्त्री. ईर्ष्या, जलने की संवेदना
ज़लम (मप्प, मलप्प) सं. ए.व. स्त्री. जौंक
ज़लमां सं. ब.व. स्त्री. जौंकें
ज़लमां लवावणा रक्त शुद्धि के लिए जौंक लगवाना
जल्लाद वि. (अ.) पु. अपराधियों का वध करने वाला, निर्दय
जल्लादी सं. (अ.) स्त्री. जल्लाद का काम या पेशा
जल्वः, जल्वा सं. (अ.) पु. दर्शन, दीदार, छटा, छवि
जल्सा सं. (अ.) पु. सभा, उत्सव, महफ़िल
जल्होटा सं. पु. जाल का छोटा पेड़
जवड़े सं. पु. हाथ की चुटकी से बनाई गई छोटी छोटी सेवियां, जव्वे
जव्वल वि.पु. १६ हाथ या ८ गज़ का कपड़ा
जंवाई सं. पु. दामाद, जामाता, पुत्री का पति
जवान, जवां वि. पु. युवक
जवानी सं. (अ.) स्त्री. युवावस्था
जवाब सं. (अ.) पु. उत्तर, इनकार, निष्कासन
जवाब डेवणा इनकार कर देना, निकाल देना
जवाबी वि. (अ.) प्रत्युत्तर में, जवाब में
जवाबी हमला पु. प्रत्याक्रमण
जवाहिर, जवाहिरात सं. ब.व. पु. रत्न, हीरे (जौहर का ब.व.)
जवेली वि. स्त्री. जिस में जौ हों
जवेली कणिक स्त्री. वह गेहूं जिस में जौ हों
जस सं. पु. यश, सफलता, (फ़ा) शिफ़ा
जसोदां सं. स्त्री. यशोदा, नंद की पत्नी, श्रीकृष्ण की धाय
ज़हमत सं. (अ.) स्त्री. मुसीबत, दुर्भाग्य, कष्ट, संकट, क्लेश
ज़हर सं. (फ़ा.) पु. विष
ज़हरबाद सं. (फ़ा.) पु. शरीर में विष फैलना, विषव्रण, नासूर
ज़हा, ज़िहा सं. पु. कांटा-चूहा, काले रंग का वह चूहा जिसके शरीर पर कांटे होते हैं
जहाज़, जहाज सं. (फ़ा.) पु. विमान, जलयान
जहान सं. (फ़ा.) पु. विश्व, संसार, दुनिया
ज़हानत सं. (अ.) स्त्री. प्रतिभा, दक्षता
जहाने–फ़ानी सं. (फ़ा., अ.) पु. नश्वर संसार, इहलोक, मृत्युलोक
जहालत सं. (अ.) स्त्री. मूर्खता, मूढ़ता, बेवकूफ़ी, अज्ञान, अनपढ़ता
ज़हीन वि. (फ़ा.) पु. मेधावी, प्रतिभाशाली
जांगली वि. पु. जंगली
जांच सं. (हिं.) स्त्री. परख, पड़ताल
जाचक वि. पु. याचना करने वाला

जांचणा क्रि. परखना, मूल्यांकन करना

जाचना सं. स्त्री. याचना, मांग, प्रार्थना

जांनिसार वि. (फ़ा.) बलिदानी, आत्मोत्सर्ग करने वाला

जांबाज़ वि. (फ़ा.) जांनिसार, प्राणों की बाज़ी लगाने वाला

जा सं. (फ़ा.) स्त्री. जा, जगह, स्थान

जाइज़ वि. (अ.) उचित, ठीक

जाइज़ः सं. (अ.) पु. निरीक्षण, परीक्षण

ज़ाइल वि. (अ.) नष्ट, समाप्त

ज़ाए वि. (अ.) नष्ट, बरबाद, व्यर्थ

ज़ाए थीवणा व्यर्थ जाना, नष्ट होना

जायदाद सं. (फ़ा.) स्त्री. भू सम्पत्ति, मकान ज़मीन आदि

जा जोड़णा जगह बनाना, बिस्तर लगाना

जा जोड़ सट जगह बना डाल, बिस्तर लगा दे

जाग॒ (जागणा का आज्ञा.) जाग, जागृत हो, सं. दूध को लगाया जाने वाला जामन

जाग॒ लावणा दूध को जामन लगाना

जाग॒ वञणा जाग जाना, नींद खुल जाना

ज़ाज़िब (फ़ा.) वि. आकर्षक

जाज़बियत (फ़ा.) स्त्री. आकर्षण

जा॒ञ सं. पु. लाड़

जा॒ञ कुटणा लाड़ करना

जाट सं. (हिं.) पु. जाट, ज़मींदार, कृषक

जाटणी सं. (हिं.) स्त्री. जाटनी, कृषक महिला

जाडा॒ं सं. ब.व. स्त्री. घोड़े की गरदन के बाल

जा॒ण (जाणणा का आज्ञा.) जान, ज्ञान प्राप्त कर

जा॒ण बुझ के जान बूझ कर

जाणी जाण वि. ज्ञानवान, जानकार, विद्वान

जात सं. (अ.) स्त्री. जाति, व्यक्ति, कुल, वंश, गोत्र, नस्ल

जाता (जाणणा का भू.का. कृदंत) . जाना हुआ, ज्ञात, परिचित

ज़ाती वि. (अ.) व्यक्तिगत, निजी, खुद का, अपना

जादा, जादः सं. (फ़ा.) पु. रास्ता, पथ

ज़ादा, ज़ादः सं. (फ़ा.) पु. जातः, पुत्र, बेटा, उत्पन्न हुआ हुआ

ज़ादा वि. ज़्यादा, अधिक

जान सं. (अ.) स्त्री. प्राण, रूह, जीवन, ज़िंदगी, शक्ति

जानकी सं. (सं.) स्त्री. राजा जनक की पुत्री, सीता, श्री राम की पत्नी

जानदार वि. फ़ा. प्राणी, जीवधारी, इंसान, शक्तिशाली

जानवर वि. (फ़ा.) पु. पशु, मानवेतर प्राणी

जानी वि. प्यारा, प्रियतम, महबूब

जानीआं हे प्रियतम

जाप सं. (सं.) पु. जप, नाम कीर्तन

जा़प (जापणा का आज्ञा.) प्रतीत हो, प्रकट हो, दिखाई दे
जा़पणा क्रि. प्रतीत होना, दिखाई देना, लगना
जा़पदे प्रतीत होता है, लगता है
जाबिर वि. (अ.) ज़ालिम, क्रूर
जाम सं. (फ़ा.) पु. प्याला, चषक
जा़म सं. पु. सिंध से आए ज्टों की एक उपाधि
जामा, जामः सं. (फ़ा.) पु. पहनावा, पोशाक, वस्त्र, परिधान
जा़या वि. पु. उत्पन्न हुआ, पुत्र, संतान, पूत (सं.) जातः
ज़ाया वि. व्यर्थ, बेकार, ज़ाए
जार वि. सं. पु. यार, स्त्री का अनुचित प्रेमी, पु. मर्तबान
ज़ार ज़ार रोवणा ज़ोर से चीख़ चीख़ कर रोना
ज़ारबंद सं. पु. अज़ारबंद, नाड़ा
ज़ारी स्त्री. व्यथा सूचक शब्द
जा़ल सं. पु. एक पेड़, पाश, फंदा
ज़ाल सं. स्त्री. पत्नी, स्त्री
जा़लणा क्रि. निभाना, सहन करना
जा़ला सं. पु. मकड़ी का जाला
जाला सं. पु. दीवार में बना रिक्त स्थान, आला
जा़ली सं. स्त्री. छोटा जाल, लोहे की बारीक तारों से बनी जाली जो खिड़की दरवाज़ों पर लगी हैं
जाली सं. स्त्री. दीवार में बना छोटा छिद्र, आली

ज़िकर सं. पु. ज़िक्र, चर्चा, उल्लेख
जिगर सं. पु. यकृत, लिवर, शरीर का एक अंग
जि़ठाणी स्त्री. जेठ की पत्नी
जिड्डे वि. जिस ओर
जिड्डूं वि. जिस ओर से
जित सं. स्त्री. जीत, विजय
जितणा क्रि. जीतना, विजय प्राप्त करना
जितामा सं. पु. जीव जंतु, कीड़ा
जित्ती वि. जितनी, जितने, क्या तू ने जीत लिया है?
जित्थ, जित्थां वि. जहां
जित्थ कित्थ वि. जहां कहीं, हर जगह
जित्थू वि. जहां से
जिंद सं. स्त्री. ज़िंदगी, जीवन
जिंदड़ी सं. स्त्री. ज़िंदगी, जीवन
ज़िद्द सं. (फ़ा.) हठ
ज़िद्दी वि. (फ़ा.) हठी
जिन सं. पु. जिन्न, भूत
जिनस सं. स्त्री. जिंस, अनाज, वस्तु, पदार्थ
ज़िप (ज़िपणा का आज्ञा.) ज़ोर से मार (ओ थुक सट्टी तू ज़िप खंगार=ईंट का जवाब पत्थर से दे)
जि़भ कूं पाणी लावणा मुंह गीला करना
जि़भ सं. स्त्री. जीभ, जिह्वा
जि़भड़ी सं. स्त्री. जीभ का छोटा हिस्सा
ज़िम्मा सं. पु. उत्तरदायित्व
जिया, जिआ, जीआ जी हां

ज़िया सं. (अ.) स्त्री. रोशनी, प्रकाश
ज़िला सं. (अ.) पु. मंडल, जनपद, डिस्ट्रिक्ट, वर्ग आदि की भुजा
ज़िलासाहब वि.पु. डी.सी.
ज़िलेदार फ़ा. पु. नहर विभाग का एक अधिकारी
जिल्द सं. (अ.) स्त्री. त्वचा, प्रति, जुज़बंदी
जिल्दी वि. त्वचा सम्बंधी
जिल्दी अमराज़ त्वचा सम्बंधी रोग (स्किन डिज़ीज़)
जिवें वि. जिस प्रकार, जैसे
जिंस सं. (फ़ा.) स्त्री. जिन्स, अनाज, पदार्थ, वस्तु
जिस वि. जो
जिस्म सं. (अं.) पु. शरीर, तन, देह
जिहीं वि. स्त्री. जैसी
जिहें वि. ब.व. पु. जैसे
जींदे राहविन तुआड़े जे आपके बच्चे जियें
जी आ जी हां, हां जी
जी आइयां कूं आप का स्वागत है
जीरा, ज़ीरा सं. पु. एक मसाला
ज़ीख़ श्वास कष्ट
ज़ीख़ चढ़ना सांस फूलना
ज़ीरा पु. कलेजा
जीवण सं. पु. जीवन, ज़िंदगी
जीवण जोगा वि.पु. जीने योग्य, चिरंजीव, प्रिय
जीवण जोगी वि. स्त्री. जीने योग्या, प्रिया
जीवन सं. (सं.) पु. ज़िंदगी, उम्र, आयु
जीवें (आशीष परक शब्द) तू जीता रहे, चिरंजीवी हो
जुआ सं. पु. द्यूत क्रीड़ा
जुआन वि.पु. युवक, जवान
ज़ुकाम, जुखाम सं. पु. ठंड से उत्पन्न होने वाला एक रोग
जुगाली सं. स्त्री. चर्वण क्रिया, धीरे धीरे चबाने की क्रिया
जुञ सं. पु. बारात का भोजन, एक डंग
जुञ ड्रेवणा, जुञ जिमावणा बारात को भोजन कराना
जुत्ता पे संलग्न है, काम में जुटा हुआ है
जुत्ती सं. वि. स्त्री. जूती, जुए में जोड़ी हुई
जुदा वि. अलग, पृथक्, भिन्न
जुप (जुपणा का आज्ञा.) जुए में जुड़, जुट जा
जुपणा क्रि. जुड़ना, जुट जाना
जुप वञ जुट जा, लग जा
ज़ुबान सं. स्त्री. ज़बान, जीभ, भाषा, वचन
ज़ुबान दा पक्का वि. वचन का पक्का
जुम्मा, ज़ुम्मा पु. शुक्रवार, ज़िम्मा
ज़ुम्मा चावणा ज़िम्मा लेना, बीड़ा उठाना
जुराब सं. स्त्री. ऊन का बना मोज़ा, जुर्राब
जुल (जुलणा का आज्ञा.) चल
जुलणा क्रि. चलना
जुलदां चलता हूं

जुलदे वह चलता है

जुलदें? जुलदीं? क्या तू चलता है?

जुलसी? वह चलेगा

जुलसें? क्या तू चलेगा?

जुलाब सं. पु. रेचक औषधि, दस्तावर दवा

जुलुम सं. (फ़ा.) पु. ज़ुल्म, अत्याचार

जुलुम दा टोटा वि. घोर अत्याचारी

जुवार सं. स्त्री. ज्वार, एक अन्न

जुसाग सं. पु. बथुआ, एक साग

जूं सं. पु. बालों में रहने वाला एक छोटा सा कीड़ा (मु.) रिंड

जूठ सं. पु. झूठ, असत्य

जूठा वि. पु. झूठा, उच्छिष्ठ, असत्य भाषी

जूठी वि. स्त्री. झूठी, उच्छिष्ठ, असत्य भाषिणी

जूड़ा सं. पु. बालों का जूड़ा

जूड़ी सं. स्त्री. छोटा जूड़ा, ठंड, कँपकँपी

जूद दा मार्‌या वि.पु. कृपण, कंजूस

जे यदि

जेकर यदि

जेठ सं. पु. ज्येष्ठ, बड़ा, पति का बड़ा भाई,जेठ मास

जेठा वि. पु. पहला व बड़ा पुत्र

जेठा पलेठा वि. पु. प्रथम पुत्र, पहले पैदा होने वाला

जेडा वि. पु. जितना

जेडी वि. स्त्री. जितनी

जेडे वि.पु. जितने

जेढ़ा वि.पु. जो पुरुष

जेढ़ी वि. स्त्री. जो स्त्री

जेढ़ी गंढ नव्हें नाल खुल सगदी होवे, ओह ड्दें नाल नहीं खुलींदी जो गुड़खाने से मरता हो उसे ज़हर नहीं देते, सरल काम के लिए कठिन उपाय नहीं करते।

जे तक जब तक, जहाँ तक

जे तोणी जब तक, जहाँ तक

जेब सं. स्त्री. जेब, कीसा, पॉकिट

जेबी वि. स्त्री. जेब में समा जाने वाली

जेबी घड़ी स्त्री. ज़ेब में रखी जा सकने वाली घड़ी, पॉकिट वाच।

ज़ेर वि. (फ़ा.) नीचे

जेर सं. स्त्री. जेरी, आँवल, गर्भ में बच्चे पर लिपटी रहने वाली झिल्ली

ज़ेरा सं. पु. जिगर

जेल सं. अं. कैद, कारागार

जेलखाना सं. पु. कैदख़ाना, बंदीगृह

जेवण सं. पु. रसोई, भोजन

जेवण करणा भोजन बनाना, रसोई करना

ज़ेवर सं. (फ़ा.) पु. गहना, आभूषण, आभरण

ज़ेवरात सं (फ़ा.) पु. ज़ेवर का ब.व.

ज़ेहन सं. (अ.) पु. दिमाग़, प्रतिभा, मेधा, बुद्धि

ज़ेहन नशीन करणा दिमाग़ में बिठाना, समझाना

ज़ैल वि. सं. (अ.) पु. नीचे, निम्न, व्यवस्था सम्बंधी एक इकाई, दर्ज ज़ैल= निम्नलिखित

ज़ैलदार वि.पु. एक राजकर्मचारी, ज़ैल का अधिकारी

जो वि. जो

जोकड़ सं. पु. जो रस्सी जूए को हल से बाँधने के लिए प्रयुक्त की जाती है।

जोकर वि. हँसाने वाला पात्र, ताश का एक पत्ता

जोखम, जोखिम सं. पु. संकट

जोग वि. योग्य

जोग हई तू इसी योग्य था

जोगिन सं. स्त्री. योगिन, साधवी

जोगी सं. पु. योगी, साधु

जोटा पु. जोड़ा, स्त्री. बहुत बड़ी मोटी रोटी

जोटा लावणा हिम्मत करके काम कर डालना

जोटा पकावणा बहुत बड़ी मोटी रोटी पकाना

जोत सं. स्त्री. ज्योति

जोत जगावणा ज्योति जलाना

जोधपुर सं. राजस्थान का एक प्रसिद्ध नगर

जोधा वि. पु. योद्धा, जंगजू, लड़ाकू

जोधाराम व्यक्ति का नाम

ज़ोम सं. (अ.) पु. गर्व, अभिमान, गुमान, घमंड

ज़ोमे-बातिल सं. (अ.) पु. झूठा गुमान, दम्भ

ज़ोर सं. (फ़ा.) पु. शक्ति, बल

ज़ोरदार वि. (फ़ा.) पु. प्रबल, प्रचंड

जो रहसो सो चैसो जो बोओगे वही काटोगे।

ज़ोरावर वि. (फ़ा.) पु. जोर ज़बरदस्ती करने वाला

जौ सं. (फ़ा., सं.) पु. जौ, एक अन्न, यव

ज़ौक सं. (अ.) पु. मज़ाक, रुचि, शौक, रसिकता

ज़ौके-सुख़न सं. पु. काव्य रसिकता

ज़ौकी थी बाहवणा निश्चिंत हो बैठना

ज़ौजा सं. (अ.) स्त्री. पत्नी, भार्या, गृहिणी

जौहर सं. (अ.) पु. गुण, सिफ़त, सार, सत, रत्न, हुनर, दक्षता

जौहरदार वि. (अ., फ़ा.) गुणी, हुनरमंद, दक्ष

जौहरी वि. (अ.) पु. रत्न बेचने या परखने वाला

झ

झंग पु. पेड़ों का झुंड, पाकिस्तानी पंजाब का एक मशहूर शहर, हीर का वतन

झंगी, झांगी वि.पु. झंग का रहने वाला

झंगिण वि. स्त्री. झंग की रहने वाली

झंड स्त्री. बच्चे के सिर पर पहले बाल

झंडणा कि. पेड़ की टहनियाँ काटना

झंडा पु. ध्वज, पताका

झंडी स्त्री. छोटी ध्वजा, छोटी पताका

झंडूला वि.पु. जिस बच्चे की झंड बड़ी हो

झंब, झंभ सं. स्त्री. ताड़ना, पिटाई

झंवणा (धुनना) क्रि. का आज्ञा. झंभाड़ स्त्री. पिटाई

झंवणा क्रि. बुझना, झपकना

झई स्त्री. ब.व. जगहें, वहुत से स्थान

झक, झाका पु. झिझक, संकोच

झकणा क्रि. झिझकना, संकोच करना

झग स्त्री. झाग, फेन, क्रि. बिलो, मथ

झगणा क्रि. स. बिलोना, मथना, पु. लस्सी बिलोने का यंत्र

झग मारणा मु. व्यर्थ बोलते जाना

झग्गी मारणा व्यर्थ बोलते जाना

झग्गिल वि. बकवासी, व्यर्थ बोलने वाला

झगड़ा पु. लड़ाई, कलह

झगड़े ब.व. लड़ाइयाँ

झझर पु. पेट, उदर

झझर भरणा क्रि. पेट भरना, ठूंस ठूंस कर खाना

झझर न भरीजणा अतृप्त क्षुधा, खाते जाने पर भी पेट न भरना

झट पु. काफ़ी समय, घड़ी भर, झपट्टा

झट खन एक आध घड़ी

झटणा क्रि. सूंघना, लेना, सेवन करना

झट मारणा क्रि. झपटना

झट हिक घड़ी भर, घंटा भर

झट्टा मारणा क्रि. झपट्टा मारना

झट्टिल हिल स्त्री. झपट्टा मारने वाली चील

झट्टे'च क्रि. वि. घंटे भर में

झड़, झुड़ पु. बादल

झड़, झुड़ थीवणा क्रि. बादल घिर आना

झड़गा पु. भभूका, आग की लपट

झड़गा निकलणा भभूका निकलना

झड़ी स्त्री. घटा, वर्षा

झड़ी लगणा क्रि. लगातार वर्षा होना

झड़ोट स्त्री. बूढ़ी बेकार ऊंटनी

झत स्त्री. झाड़ी

झत्तां स्त्री. ब.व. झाड़ियाँ

झप क्रि. आज्ञा. पकड़, गुप, कैच कर

झपणा क्रि. गुपना, लपक कर कैच करना

झब्ब क्रि. आज्ञा. भिगो, तर कर

झबणा क्रि. भिगोना, तर करना

झबला वि.पु. बच्चों का फ्राक

झबारू वि. गीला, भीगा हुआ

झम्व स्त्री. धुनी हुई रुई

झम्वणी स्त्री. रुई धुनने की छड़ी

झम्बणा क्रि. डाँटना, ताड़ना, पीटना, धुनना

झर पु. जंगल
झर बिल्ला पु. जंगली बिल्ला, बिलाव
झल क्रि. आज्ञा. झुला (पंखा), संभाल, रोक, सह
झल, झल्लण पु. रहट की लठ को संभालने वाला बीम
झल झल हवा लगणा खुली हवा के झोंके लगना
झलणा क्रि.स. पंखा झुलाना, रोकना, ओटना, सहना
झल घिनणा रोक लेना, सँभाल लेना
झल्लण पु. रहट की लठ को सहारा देने वाला बीम
झल्ला (पं.) वि.पु. मूर्ख, ना समझ, पछवा हवा का झोंका
झल्ली (पं.) वि. स्त्री. मूर्ख स्त्री, ना समझ स्त्री
झल्ले वि.पु. ब.व. मूर्ख, ना समझ, क्रि. रोके, सहे
झ़लार स्त्री. लकड़ी के बने रहट की राँ राँ की आवाज़
झलार झोवणा मु. रोने लगना तो रोते जाना
झांझ, झांञ पु. लाड प्यार
झांझ कुटणा क्रि. लाड करना
झांबड़ी स्त्री. टहनी
झांवड्यां स्त्री. ब.व. टहनियाँ
झांबा पु. मोटा टहना
झांवर स्त्री. फुवार
झा, जा स्त्री. जगह
झाका पु. झिझक, संकोच
—झाका आवणा क्रि. झिझक होना
झाग़ क्रि. आज्ञा. पानी में से गुज़र
झाग़णा क्रि. पानी में से गुज़रना
झागी खड़े पार हो गया है
झाड़ स्त्री. फटकार, ताड़ना (संज्ञा), क्रि. आज्ञा. कपड़े से पोंछ
झाड़णा क्रि. साफ करना, डांटना
झाड़पवणा क्रि. डांट फटकार पड़ना
झाड़ पावणा क्रि. फटकारना
झाड़ी स्त्री. कांटेदार पौधा
झात क्रि. प्रे. इधर देख
झाती स्त्री. झांकने का भाव
झाती मारणा, झाती पावणा क्रि. झांकना
झार पु. पक्षियों का झुंड
झारा पु. टपका, धातु रोग
झालर पु. बार्डर, किनारी
झालूं पु. सिंचाई हेतु खेत का विभाजन
झिक स्त्री. निचान, ढलान
झिक झिक स्त्री. खींचतान, लिच्चड़पन
झिक निवई स्त्री. विनम्रता, विनीतता
झिकाड़ वि. स्त्री. ढलान, निचान
झिक्का वि.पु. नीचा, विनम्र पुरुष
झिक्की वि. स्त्री. नीची, विनम्र स्त्री
झिक्के वि. ब. व. पु. नीचे, विनम्र व्यक्ति
झिक्के कूं धिक्का नहीं विनम्र व्यक्ति को कोई धक्का नहीं देता
झिड़क झम्ब स्त्री. डाँट डपट
झिड़ालू वि.पु. झगड़ालू, लड़ाका, लड़ाकी
झियाँ वि.पु. जैसा स्त्री. जैसियाँ

झींवर पु. झीमर, धींवर, साग सब्ज़ी उगाने और बेचने वाला

झींवरी स्त्री. झीमरी

झुग्गा पु. घराना, वंश, घर, बड़ी झोंपड़ी

झुग्गा सड़ी एक गाली, तेरा घर जले

झुग्गा सड़िस उसका घर घराना नष्ट हो

झुग्गी स्त्री. झोंपड़ी

झुग्गे कू भा लग्गी तेरे घर को आग लगे, तेरा कुनबा नष्ट हो

झुझणा क्रि. खुशामद या प्रशंसा करना

झुण क्रि.प्रे. जीत

झुण घिन जीत ले

झुण वञ जीत जा, जीत ले

झुण के आवणा जीत कर आना

झुणणा क्रि. जीतना

झुत्ता खड़े रहट कोल्हू हल या तांगे में जुता हुआ है, संलग्न है

झुप क्रि. आज्ञा. जुड़, लग, गुप, कैच कर

झुप पै, झुप वञ जुट जा

झुपणा क्रि. जुट जाना, रहट या हल में जुतना

झुम्मर, झुम्मिर पु. एक नृत्य

झुम्मर मारणा क्रि. नाचना

झुम्मा पु. हजूम, भीड़

झुम्मा थीवणा क्रि. भीड़ लगना

झुरणा क्रि. चिंता में गलना

झुलणा क्रि. झंडे का लहराना, हवा का चलना, न्योछावर होना

झूंगा पु. क्रीत वस्तु के साथ मुफ़्त में मिली अन्य वस्तु

झूंझा पु. कपास की अंतिम चुनाई

झूटा पु. झोंटा, झोला, वि.पु. झूठ बोलने वाला

झूटणा क्रि. झूलना

झूड़ा पु. जूड़ा

झेड़झगड़ स्त्री. बहस, झगड़ा, तकरार

झेड़ा पु. झगड़ा

झेड़ा करना क्रि. झगड़ना

झेड़ेकार वि. झगड़ालू

झेड़ा पु. झगड़ा

झोक पु. गाँव, बस्ती

झोका पु. झोंका

झोटा (हरि.) पु. भैंसा

झोटी (हरि.) स्त्री. छोटी भैंस

झोण स्त्री. जीत, विजय, फ़तह (झुगण का भाववाचक)

झोणा (पं.) पु. धान, जीरी

झोपड़ा पु. झुग्गा

झोपड़ी स्त्री. झुग्गी

झोरा पु. चिंता

झोला (हरि.) पु. थैला, झोंका

झोली स्त्री. कुर्ते या कमीज़ का पल्ला

झोवणा क्रि. चलाना, शुरू करना, चालू करना

ट

टंकी स्त्री. (अं.) टैंकी
टंग क्रि. आज्ञा. टांग, लटका
(पं.) स्त्री. जंघा, टांग, लात
टंग छोड़ टांग दे, टांग को छोड़
टंगणा क्रि. स. टांगना, लटकाना
पु. कपड़ों को टांगने के लिए बना साधन
टंगीजणा कि.व. टांगा जाना
टंग्या खड़े टंगा हुआ है
टंटा पु. झगड़ा, बखेड़ा
टंपू (अं.) पु. तीन पहियों वाला एक वाहन
टक्क पु. (अं.) कट
क्रि. आज्ञा. टीका लगा
टक्का पु. अधन्ना, आधा आना, पुराने दो पैसे का सिक्का
टक्कर स्त्री. सामना, टकराहट, मुकाबला
टच (अं.) क्रि. आज्ञा. छू, पु. स्पर्श, छुअन
टच ते कर डिखाले मुझे छू कर तो दिखाए
टटपूंजा, टटपूंजिया वि.पु. शेख़ीबाज़, शेखियां बघाड़ने वाला
टटरी स्त्री. गंजा सिर, पु. छोटा कड़ाहा
टट्टर पु. वहुत बड़ा कड़ाहा जिस में विवाह के समय 'सीरा' बनाते हैं
टट्टर चढ़णा क्रि. विवाह या खैरात के लिए कड़ाहा चढ़ाना
टट्टू पु. ख़च्चर
टप स्त्री. कूद, कूद जाने की जगह
क्रि. आज्ञा. कूद, कूद लगा
टप वञ कूद जा
टप वञो कूद जाओ
टप बणी वी हे कूद जाने की जगह बनी हुई है
टप्पा पु. कूद, छलांग, एक कस्सी भर मिट्टी, गीत का एक छंद (पंजाबी लोकगीत)
टब (अं.) पु. टीन का बहुत बड़ा पात्र जिसमें पानी भरते हैं
टब्बर पु. कुनबा, परिवार
टरका डेवणा क्रि. टाल देना, टर्ख़ा देना
टलणा क्रि. टल जाना, दूर हो जाना
टल वञ दूर हो जा, चला जा यहाँ से
टल्ल पु. घंटा, पशु के गले में बँधा घंटा
टल्ल खड़कावणा क्रि. घंटा बजाना
टल्ली स्त्री. छोटी घंटी
टल्ली वजावणा क्रि. घंटी बजाना
टल्याँ खड़कावणा घंटियाँ बजाना
टहल स्त्री. सेवा क्रि. धीरे-धीरे सैर कर, चल फिर
टहल कमावणा क्रि. सेवा करना
टांगा पु. तांगा, घोड़ा गाड़ी
टांडा पु. ज्वार के पौधे का तना
टाका पु. टीका, इंजैक्शन, वि. टीका लगाने वाला
टाकी स्त्री. टुकड़ा, थेगली, पेवंद
टाक्यां स्त्री. ब.व. थेगलियां, पेवंद
टाक्यें लगे कपड़े पेवंद लगे कपड़े
टापू (हिं.) पु. द्वीप

टालणा क्रि. टालना, दूर करना, हटाना, पीछा छुड़ाना

टाल क्रि. आज्ञा. हटा, दूर कर, पु. लकड़ियों या कोयलों के बिकने का स्थान

टाल्ही स्त्री. शीशम का पेड़

हाल्ह्यां स्त्री. ब.व. शीशमें

टांवा टावां वि. कोई कोई, कहीं कहीं

टिंग स्त्री. टहनी

टिंगां, टिंगीं ब.व. टहनियां

टिंड स्त्री. गंजा सिर, रहट के बैड़ में बंधने वाली मिट्टी की लोटियां

टिंडण पु. काले रंग का एक कीट

टिंडणी स्त्री. टिंडण का स्त्रीलिंग, छोटा टिंडण

टिंडाणा पु. जुगनू

टिक पु. बहावलपुर के नवाब की ओर से लगाया गया एक कर

टिक क्रि. आज्ञा. रह, चैन से बैठ, ठहर

टिकणा क्रि. रुकना, ठहरना

टिक के वा़हवणा चैन से बैठना

टिक पवणा बैठ रहना, रह जाना, बहुत देर लगा देना

टिक पै यहीं रह जा, वहीं रह गया है

टिकाणा पु. ठिकाना, रहने का स्थान

टिकावणा क्रि. टिकाना, ठहराना

टिक्कस पु. (अं.) टैक्स, टिकट, स्टैम्प, कर

टिक्का पु. तिलक, विवाह से पूर्व की एक रीति जिसमें सगाई की रस्म अदा की जाती है, लड़के को तिलक किया जाता है।

टिक्की स्त्री. आलू से बना एक व्यंजन, एक मिठाई

टिपणा क्रि.स. मिटाना, बही से काट देना

टिप (अं.) स्त्री. होटलों में बिल के भुगतान के समय बैरे को दी जाने वाली बख़शीश

टिप डे़वणा बख़शीश देना

टिप सटणा बही से काट देना

टिब्बा पु. टीला, टीबा

टिब्बा पट मारणा सरा टीला खोद डालना

टिबा़ण स्त्री. ऊंची जगह

टिभूं पु. (अं.) बॉंड, डीड (हिं.) हुंडी

टिभूं लिख डे़वणा हुंडी लिख देना

टिल पु. ज़ोर, शक्ति, बल

टिल लगणा पूरा ज़ोर लगना

टिल लावणा अपनी पूरी शक्ति लगाना

टींगली स्त्री. टहनी, शाख़

टीपणा क्रि. शब्द शब्द नकल करना आज्ञा.

टीप क्रि शब्द शब्द नकलकर

स्त्री. छत या दीवार पर ईंटों या टाइलों की दर्ज़ों को सीमिंट से भरने की प्रक्रिया

—**टीप उखिड़ गई हे** टीप का सीमेंट उखड़ गया है

—**टीप घिन** शब्द शब्द नकल कर ले

टीपू सुलतान पु. हैदराबाद दक्कन का एक वीर योद्धा जिसने अंग्रेज़ों के साथ लोहा लिया था

टीटक पु. तरबूज़
टुंग क्रि. आज्ञा. लपेट कर खोस ले
टुंगणा क्रि. लपेट कर खोस लेना
टुक क्रि. आज्ञा. काट, दांतों से काट, पु. कटाव क्रि.वि. ज़रा
टुकणा क्रि. दांतों से कुतरना या काटना
टुक सटणा कुतर डालना
टुकसी स्त्री. कटोरी
टुक हिक ज़रा सी देर
टुक्कुर, टुक्कर पु. रोटी, भोजन
टुक्कुर खा के भोजन करके
टुक्कुर पक्या पे भोजन तैयार है
टुक्कुर पराका निहारी, बहुत सवेरे खाई जाने वाली रोटी
टुट क्रि. आज्ञा. टूट
टुटणा क्रि. टूटना
टुट पे टूट गया हे
टुट पै क्रि.प्रे. टूट पड़, जुट जा, टूट गया है
टुब्ब क्रि.आज्ञा. डुबकी लगा, कुएँ की सफाई के लिए घुस
टुबणा क्रि. डुबकी लगाना
टुब्बा, टुब्बी डुबकी
टुब्बी लावणा, मारणा क्रि. डुबकी लगाना
टुल पु. ठोकर, गुल्ली को डंडे से मारना
टुल लावण, मारणा क्रि. गुल्ली को डंडे से उछालकर मारना
टूटी स्त्री. नल, (अं.) टैप, गधे की लात
टूटी (टूट्यां) मारणा क्रि. गधे का लात मारणा
टूटी मारणा मु. बनते काम में टांग अड़ाना, बाधा डालना
टेक स्त्री. सहारा, गीत की धुन
टेटिण स्त्री. एक पक्षी, मादा फ़ाख़्ता
टेशन पु. (अं.) स्टेशन
टोआ पु. गड्ढा
टोआ खटणा मु. गड्ढा खोदना
टोई स्त्री. छोटा गड्ढा
टोए विच वञ ढावणा गड्ढे में जा गिरना
टोकणा क्रि. रोकना, मना करना
टोक रोक, मना कर, रुकावट
टोका पु. घास काटने की मशीन, गंडासा
टोका टिपणी स्त्री. टोका टाकी, हर समय हर बात पर आपत्ति करना
टोटका पु. देसी नुस्ख़ा
टोटा पु. टुकड़ा, घाटा, हानि
टोटा चावणा मु. हानि उठाना
टोटा पटणा मु. टुकड़ा तोड़ना, किसी का कुछ ले लेना
टोणा पु. जादू मंत्र, जादू टोना
टोणा टपोणा पु. मंत्र-तंत्र, जादू टोना
टोपा पु. ४ पड़ोपियां ५ सेर अनाज का नाप जो लकड़ी का बना होता था, बड़ा टोप या पतीला, स्त्री. बीज बोने की नाली के ऊपर की कीफ़
टोपी स्त्री. टोपी, हैट, कैप
टोफ़ी स्त्री. (अं.) टॉफ़ी, मीठी गोली
टोबा वि.पु. डुबकी लगाने वाला, ग़ोताख़ोर, कुआं साफ़ करने वाला

टोबा टेकसिंह पाकिस्तान में एक शहर का नाम

टोबी स्त्री. डुबकी, ग़ोता, कुएं से मिट्टी निकालने का उपकरण, बड़ी कस्सी

टोब्बा, टोहबा पु. तालाब

टोर स्त्री. चाल, क्रि. आज्ञा. चला, रवाना कर

टोरा पु. भ्रमण, सैर सपाटा

टोरा फेरा पु. सैर सपाटा, भ्रमण-पर्यटन

टोल पु. टोला, समूह, ग्रुप

रज़ दे टोल धन बहुत होने के नख़रे, मख़ौल, चोंचले

टोला पु. समूह, ग्रुप

टोली स्त्री. समूह, ग्रुप

टौर (हरि.) स्त्री. शान

ठ

ठंड सं. (हिं.) ठंड, सर्दी, शीत

ठंडा वि.पु. ठंडा, शीतल

ठंडी वि. स्त्री. ठंडी, शीतल

ठंब सं. पु. निशान

ठंबणा क्रि. निशान लगाना

ठई स्त्री. समझौता

ठई करणा क्रि. समझौता करना

ठई न थीवण डेवणा मु. समझौता न होने देना

ठक्कर, ठक्कुर सं. पु. ठाकुर, स्वामी

ठग वि.पु. ठग, धूर्त

ठगणा क्रि. ठगना

ठगी सं. स्त्री. ठगी, धूर्तता

ठठ सं. पु. समूह, दल

ठढ सं. स्त्री. ठंड, शीत, सर्दी

ठढा वि.पु. ठंडा, शीतल

ठढी स्त्री. ठंडी, शीतल

ठढड़ा सं. पु. छाला, आबला

ठढड़ी सं. स्त्री. चेचक, शीतला

ठन वञणा ठन जाना

ठप क्रि. आज्ञा. बंद कर (पुस्तक आदि), तह कर, समेट

ठपणा क्रि. बंद करना, समेटना

ठप थी वञणा मु. कारोबार का बंद हो जाना

ठप्पा पु. मुहर, छापा, निशान लगाने का उपकरण

ठय, ठय वञ क्रि. आज्ञा. मान जा, राज़ी हो जा

ठय वञणा क्रि. मान जाना, राज़ी हो जाना, कलह समाप्त कर देना

ठय गे मान गया है

ठय गिन मान गए हैं।

ठय वेसिन मान जाएँगे

ठय वेसी मान जाएगा

ठय वेसो मान जाओगे, राजी हो जाओगे

ठरक स्त्री. शौक, लहर, तरंग

ठर गे ठंडा हो गया है

ठरणा क्रि. ठंडा होना

ठरण न डेवणा ठंडा न होने देना

ठर वञणा ठंडा हो जाना

ठरदा वेंदे ठंडा होता जा रहा है

ठर वेसी ठंडा हो जाएगा

ठर्क, ठरक स्त्री. लहर, तरंग, शौक

ठर्क पूरी करना, मिटावणा शौक पूरा करना, लहर में बहना

ठल क्रि. आज्ञा. मना कर, वर्जित कर

ठल स्त्री. मनाही

ठलणा क्रि. मना करना, रोकना

ठलिस मना कर, रोक

ठलींदें? क्या तू रोके रुकला है?

ठलेंदा नें? रोकता क्यों नहीं?

ठलेंदे क्यों निवे? आप उन्हें रोकते क्यों नहीं?

ठल्ले कौन रोके कौन

ठहर रुक

ठहर वञ रुक जा

ठहरणा रुकना

ठहरणा दी जा रुकने की जगह

ठांदा फबता, ठीक लगता

ठांदी फबती, ठीक लगती

ठांदे फबता है, ठीक लगता है

ठांवां वि. ठीक ठिकाने, संभाल कर

ठांवां रखणा ठीक ठिकाने संभाल कर रखना

ठांवां लाथे ठीक ठिकाने संभाल कर रखा हुआ है

ठांहदा पु. मानना

ठांहदी स्त्री. मानती

ठांहदे ब.व.पु. मानते

ठा एक आवाज़, राज़ी कर

ठा घिनणा मना लेना, राज़ी कर लेना

ठाका पु. सगाई, कहकहा

ठाका डेवणा सगाई निश्चित करके उपहार आदि देना

ठाका मारणा क्रि. कहकहा लगाना, अट्टहास करना

ठाकण पु. रहट को वापस घूम जाने से रोकने के लिए लगा उपकरण, कुत्ता

ठाठ पु. शान, ऐश, वैभव, लहर

ठाठ बाठ नाल वैभवपूर्वक, शान से

ठा ठा टकराने की आवाज़

ठाठां स्त्री. ब.व. लहरें

ठाठां मारणा लहरें लेना

ठाठी वि.पु. शान से रहने वाला

ठाढल स्त्री. ठंडक, शांति

ठाढल पवणा पु. ठंडक पड़ना, अन्देशा शांत होना या हो जाना

ठाढा (हरि.) वि.पु. तगड़ा, सबल, सशक्त

ठाढी (हरि.) वि. स्त्री. तकड़ी, सबला, सशक्त महिला, ज़ोरदार (वर्षा)

ठाणा पु. थाना

ठाणे चढ़णा थाने में रपट लिखाने जाना

ठानणा क्रि. निश्चय करना, मन बनाना

ठान घिनणा क्रि. निश्चय कर लेना, मन में धार लेना

ठार क्रि. आज्ञा. ठंडा कर, ठंडा करने वाला

—मनठार वि. मन को शांति देने वाला

ठारणा क्रि.सं. ठंडा करना

ठावणा क्रि. मनाना, राज़ी करना, उचित लगना

ठिक्कर भनणा मु. किसी केसिर आरोप मढ़ना

ठिकरी, फिकरी स्त्री. ठीकरी, टूटे हुए मिट्टी के बर्तन का टुकड़ा

ठिकरैल स्त्री. जहाँ मिट्टी के टूटे बर्तनों के टुकड़े पड़े हों

ठिलणा क्रि. चल पड़ना

ठिलदी बेड़ी स्त्री. चलती कश्ती

ठीकरी पहरा पु. लोगों का मिलकर वारी वारी पहरा देना, पहरा देने की स्वयंसेवी व्यवस्था

ठुक होवणा मु. शान अथवा पहुंच होना

ठुकणा क्रि. ठोक दिया जाना

ठुकदा नहीं ठुकता नहीं

ठुकदी नहीं ठुकती नहीं

ठुठ पु. अंगूठा

ठुठ डिखावणा मु. अंगूठा दिखाना, इनकार करना

ठुड्डा पु. ठोकर

ठुड्डे मारणा मु. ठोकरें मारना

ठुड्डे मार के कढ डेवणा ठोकरें मार कर निकाल देना

ठुमका पु. नृत्य की एक चेष्टा ठुमका लावणा मु. नाचते हुए कमर मसकाना

ठुमकावणा क्रि. लचकाना, मसकाना

ठुल, ठुलाण स्त्री. मोटाई

(—हीं ठुलाण) इतना मोटा, मोटी

ठुल्ला वि.पु. स्थूल, मोटा (व्यक्ति, कपड़ा, आटा, सूत आदि)

ठुल्ला तारा पु. संध्या समय निकलने वाला अधिक चमकीला तारा

ठुल्ली वि. स्त्री. स्थूल शरीर वाली, मोटी

ठूला पु. सवा पाव भर (११/४ पाव) अनाज का माप, खजूर के पत्तों की बनी छोटी सी टोकरी

ठुल्ह पु. मीनार, प्राचीरवाला गाँव

ठेका पु. शराब का ठेका या दुकान (अं.) कांट्रेक्ट, ज़िम्मा

ठेकेदार पु. ठेका लेने वाला

ठेकेदारी स्त्री. ठेका लेने का कार्य, ज़िम्मेदारी लेने का भाव

ठेला पु. झोटे द्वारा खींची जाने वाली गाड़ी

ठेली स्त्री. हाथों से धकेली जाने वाली गाड़ी

ठोक क्रि. आज्ञा. चोट मार कर घुसा

ठोकणा क्रि. चोट मार कर घुसाना

ठोक वजा के डेखणा मु. अच्छी तरह जांच परख कर देखना

ठोकर स्त्री. चोट, आघात, धक्का

ठोकर लग सी, आपे सिख वेसी ठोकर लगेगी तो उसे स्वयं ही चेतना आ जाएगी, (होश आ जाएगा)

ड

डंग पु. (सं.) दंश, डंक
डँगोरी स्त्री. छोटी लाठी
डंगर, डंगुर पु. डंगर, ढोर, पशु
डंड पु. दण्ड, डण्ड बैठक, जुर्माना
डंडा पु. डंडा, छड़ी, छोटी लाठी
डंड (डन) कमंडल कलह, उपद्रव, तोड़ फोड़
डंद पु. दाँत, दंत
डंदा पु. दांता
डंदाली स्त्री. जैली, भूसा इकट्ठा करने का उपकरण
डंदी स्त्री. दंतुली (मिल्क टुथ)
डंदीली स्त्री. दंत खोदनी
डंदी कटणा क्रि. दातों से काटना
डक क्रि. आज्ञा. रोक, ढक, बंद कर, मूंद
डक्की स्त्री. रुकावट, बाधा
डक्की? क्रि. क्या तू ने मूंद दी है?
—**डक्की खड़ां** रोके खड़ा हूं
—**डक्की खड़िन** रोके खड़े हैं
—**डक्की खड़े** रोके खड़ा है
—**डकणा** क्रि. रोकना, बंद करना, मूंदना
डक्कणी स्त्री. कँपकँपी, नगाड़ा, मलेरिया ज्वर
डकरा पु. मूली, शलग़म, गाजर आदि का टुकड़ा
डकरे पु. ब.व. मूली, शलग़म, गाजर आदि के टुकड़े
डकार पु. डकार, उद्‌गार
डकार मारणा क्रि. डकारना
डकारणा क्रि. डकारना
डकार वञणा मु. किसी का माल पचा जाना
डखणा पु. दक्षिण का, हिन्दुओं की एक उपजाति
डक्खणा पु. ऊंट हांकने या चलाने वाला
डक्खिण स्त्री. दक्षिण दिशा, दक्षिण से आने वाली हवा
डग्गर राह स्त्री. चौड़ी सड़क
डज्झ क्रि. आज्ञा. दग्ध हो, जल, ईष्या कर
डज्झणा क्रि. जलना, ईर्ष्या करना, दग्ध होना
डज्झा पे जला पड़ा है, ईर्ष्या करता है
डज्झा वा वि.पु. जला हुआ
डज्झी वी वि. स्त्री. जली हुई
डट क्रि. आज्ञा. डट जा, स्थिर हो जा
डट वञणा डट जाना
डट्ट पु. झूठा बहाना, कार्क
डट्ट मारणा क्रि. झूठा बहाना करना
डट्टा पु. धत्ता, कार्क, ढक्कन
डट्टा डेवणा मु. धत्ता बताना, भगा देना
डट्टा डेविस उसे भगा दे
डट्टी फट्टी बहाने बाज़
डडरा वि.पु. मोटा, खुरदरा, मोटा पिसा हुआ आटा
डड्डा पु. फली-मटर या चने की
डड्डू, डेडर पु. मैंडक, मेंढक
डड्डा वाचणा मु. कोरा जवाब दे देना
डढड़ी, डधड़ी स्त्री. होले, आग में भूने हुए छोले

डध्र पु. दाद, एक चर्म रोग

डन्ना पु. ए.व. डंडा ब.व. डन्ने

—डन्नी स्त्री. ए.व. डंडी, ब.व. डन्यां

डबुक थीवणा मु. डूब जाना

डबोधर पु. दामोदर

डब्ब पु. दाग़, धब्बा

डब्बल वि. (अं.) डब्बल, दुहरा, दुगना, बड़ा

—डब्बली पैसा वि. ताम्बे का बड़ा पैसा

डब्बा पु. डब्बा, बॉक्स

डब्बा राह वि. कुपथ, कुमार्ग

डब्बी स्त्री. डब्बी

डब्बी मंझ वि. स्त्री. टेढ़ी रीढ़ वाली व बिना सींग वाली भैंस

डब्बे पु. ब.व. डब्बे

डब्बे राह वञणा मु. कुमार्गी होना

डब्बे राह न वञ कुमार्ग पर मत जा

डब्ब्यां स्त्री. ब.व. डब्बी का ब.व., डब्बियां

डम्मर पु. जाटों का एक वर्ग

डम्मरवाला पु. डम्मरों का एक गाँव

डम्भणा क्रि. स. गर्म-लाल सुर्ख़ किए हुए लोहे से छूकर किसी चीज़ या व्यक्ति पर नज़र आदि के कुभ्राव को दूर करने की क्रिया। यथा— खीर डम्भणा, मत्था डम्भणा

डर पु. डर, भय, क्रि. आज्ञा. डर, भयभीत हो

डरको स्त्री. टांगरी, बेसन की मोटी सेवियों पर गुड़ या चीनी चढ़ा कर बनाई गई मिठाई

डरा क्रि. आज्ञा. डरा, भयभीत कर

डरावणा क्रि. डराना, वि. डरावना, भयंकर

डरावा वि.पु. खेतों में पशु-पक्षियों को डराने के लिए बनाया गया आकार, डराने वाला

डर्र डर्र स्त्री. भेड़ों के बोलने की ध्वनि

डल क्रि. आज्ञा. दल, दाल बना

डलणा क्रि. दलना

डलीक स्त्री. दरार, शिगाफ़

डल्ला पु. तहमद, लुंगी, कमर में बाँधने का अधोवस्त्र

डवांणा पु. द्वीप, टापू (अं.) आइलैंड

डस क्रि. आज्ञा. बता, बतला, सूचित कर

डसणा क्रि.स. बताना, बतलाना, सूचित करना

डसिस क्रि. आज्ञा. उसको बता

डसेंदा वञ बताता जा

डसेसाँ बताऊंगा

डसेसी वह बताएगा

डसेसो तुम बताओगे, आप बताएँगे

डस्यिम मैंने बताया है

डस्यिस उसने बताया है

डहाका वि. दस, दशक

डही स्त्री. दही

डहे दे डहे दस के दस

डांग सं. स्त्री. लाठी

डांद सं.पु. बैल, मूर्ख

डांद कहीं जा दा मूर्ख कहीं का

डांवर सं.पु. मकड़ी

डांस सं. (अं.) पु. नृत्य

डांसर वि. (अं.) नर्तक
डां सं. पु. तरीका, ढंग, कला
डां, डें स्त्री. गेंद
डां वदा खेडदे गेंद खेलता फिरता है, बेकार घूम रहा है।
डाक सं. स्त्री. डाक, चिट्ठी पत्री।
डाकदार (अं.) डाक्टर
डाका सं. पु. डाका, डकैती।
डाकू वि.पु. डाका डालने वाला।
डाखड़ा वि.पु. कष्टकर, कठिनाई भरा।
डाची सं. स्त्री. ऊंटनी
डाज सं. पु. दहेज़
डाडका वि.पु. ददिहाल का
डाडकी वि. स्त्री. ददिहाल की
डाडके वि. दादा के परिवार वाले
डाडा सं. (पु.) दादा
डाडी सं. स्त्री. दादी
डाडू सं. पु. सं. दाडम, अनार, अनार का दाना
डाढ़ सं. स्त्री. दाढ़
डाढा वि. पु. सबल, बलवान, शक्तिशाली, जोरावर
डाढी वि. स्त्री. दाढ़ी
डात सं. स्त्री. देन, वरदान
डात सोहणे दी, डात रब दी स्त्री. उस प्यारे ईश्वर की देन
डातां वाली स्त्री. वरदान देने वाली (देवी)
डाब सं. स्त्री. धूल की परत
डाभ सं. स्त्री. एक घास
डार सं. स्त्री. पंक्ति
डाल सं. क्रि. स्त्री टहनी, डालना का आज्ञा.
डाल (डालणा का आज्ञा.) लकड़ी को चीर, दाल बना
डालमा क्रि. लकड़ी को चीरना, दलना
डाला सं. पु. दलिया, दले हुए गेहूं
डावण सं. स्त्री. पशु को भागने से रोकने के लिए पैरों में बांधी जाने वाली रस्सी
डावणी सं. स्त्री. चारपाई की पांयती की रस्सी।
डाह वि. दस (१०)
डाह डीह (डिहाड़े) दस दिन
डाहा सं. पु. जाटों की एक उपजाति
डाहरा, डाहरे सं. पु. अरोड़े हिन्दुओं का एक गोत्र
डाहरी सं. स्त्री. डाहरां गोत्र की महिला
डिखेंदा जुल दिखाता चल
डिखेंदा वञ दिखाता जा
डिखेंदी वञ दिखाती जा
डिखेंदे वञो दिखाते जाओ
डिंग पु. टेढ़ापन, वक्रता, कुटिलता
डिंगडोड़ पु. टेढ़ापन, वक्रता, कुटिलता
डिंगा वि.पु. टेढ़ा, कुटिल
डिंगा डोड़ा वि.पु. टेढ़ा मेढ़ा
डिंगी वि. स्त्री. टेढ़ी, कुटिल

डिंगी मिंगी वि. स्त्री. टेढ़ी मेढ़ी
डिंग्यां डोड्यां वि. स्त्री. टेढ़ी मेढ़ी चीज़ें
डिट्ठा चंद्र आँखों देखा चाँद
डिट्ठा नईं ते मिट्ठा नईं अखा. जब प्रियतम दीख जाता है तब और कुछ प्रिय नहीं लगता
डिट्ठा भाल्या वि.पु. देखा भाला, जाना पहचाना
डिट्ठा वा वि.पु. देखा हुआ
डिट्ठी भाली वि. स्त्री. देखी भाली, परिचित
डिट्ठी वी वि. स्त्री. देखी हुई
डिट्ठे भाल्ये वि.पु. ब.व. देखे भाले, परिचित
डिट्ठे वे वि.पु. ब.व. देखे हुए
डिट्ठे वे? क्या आपने देखा है? देखा आपने इसको (यह कैसा व्यवहार कर रहा है?)
डिड स्त्री. ए.व. मैंडकी
डिडा, डिडीं स्त्री. ब.व. मैंडकियां
डिढ वि. डेढ़ (१ १/२)
डिढ मलूक वि. बहुत नख़रे वाला, अकड़खां, बहुत नाज़ुक
डिणवार पु. तीज त्योहार पर लड़की के यहां दिया जाने वाला उपहार
डित्ता क्रि. दिया
डित्ता पे दिया जा चुका है, (दरवाज़ा) बंद पड़ा है
डित्ता वा वि. दिया हुआ, ए.व. (सं.) दत्तः
डित्ती कि. दी
डित्ती? तूने दे दी है?, दे दिया है?
डित्ती वी वि. दी हुई
डित्यां वां वि.व.व. दी हुई
डित्यां वञिन दी जाएँ
डित्ते क्रि. दिया है
डित्ते पिन वि.ब.व. दिये हुए हैं, (दरवाज़े) बंद पड़े हैं
डित्ते वे वि. ब.व. दिये हुए
डिराणी वि. स्त्री. देवरानी, पति के छोटे भाई की पत्नी
डिवाला पु. वड़ी दिवाली, दिवाला, दिवालिया हो जाना
डिवाली स्त्री. दीवाली, दीपों का त्योहार
डिंवहार स्त्री. दिन, दिन का समय, दिन भर का पारिश्रमिक, दिहाड़ी
डिल्ह पु. मिट्टी का ढेला
डिस क्रि. आज्ञा. दिखाई दे
डिसदा पे दिखाई दे रहा है
डिसदा वा दिखाई देता हुआ
डिसदाँ मैं दिखाई देता हूँ
डिसदीं तू दिखाई देता है
डिसदी वी वि. स्त्री. दिखाई देती हुई
डिसदे दिखाई देता है
डिसावर पु. विलायत, विदेश जिस से व्यापार होता है, दिसावर
डिसावर दा माल विलायती माल
डिस्ण्यों रह वञणा दीखने में न आना
डिहाड़ा पु. दिन, वार
डिहाडी स्त्री. प्रतिदिन, दिन भर की मज़दूरी

डीटी डुन्ना पु. गुली-डंडा
डीह पु. दिन
—**डीह थी गे** दिन निकल आया है
—**डींह भार, डींह उभार** पूर्व दिशा, सूर्योदय
—**डींह उभारी** वि. पूर्व दिशा सम्बंधी
—**डींह लाह** पश्चिम दिशा, सूर्यास्त
—**डींह लाही** वि. पश्चिम दिशा सम्बंधी
डीवा पु. दीया, दीपक
डीवावट पु. मर रहे व्यक्ति का दीया बाती
डुंघा वि.पु. गहरा
डुंघी वि. स्त्री. गहरी
—**डुंघी साज़िश** स्त्री. गहरा षड्यन्त्र
—**डुंघी गाल** स्त्री. गहरी बात
डुख पु. दुःख, कष्ट
डुःखा पु. दुःखी, दुखी, दुखिया
डुचापा वि. दोगला, भीतर कुछ बाहर कुछ
डुड़ट्टा, विड़ट्टा (खू) वि.पु. दो रहटों वाला (कुंआं)
डुणवी पई (वी) वि. स्त्री. दोहरी हुई हुई
डुणवीजणा क्रि.अ. दोहरा हो जाना
डुत्था वि.पु. अपंग, कमज़ोर
डुत्थी वि. स्त्री. अपंग स्त्री, कमज़ोर स्त्री
डुद्ध पु. दूध, (सं.) दुग्ध
डुद्धा लाथे दुहा हुआ रखा है
डुप डुप क्रि. वि. द्विविधा, दुबधा, तज़बज़ुव
डुपहर दोपहर
डुपाहरें कूं दोपहर को
डुभणा वि. स. दुहा जाना
डुभद्यां पिन दुही जा रही हैं
डुभ राहसिन तां दुही जा चुकें गी तो
डुभ राहसी तां दुही जा चुके गी तो
डुहें वि. दोनों
डू वि. दो (२), शौच
—**डू तूं थी आवां?** शौच हो आऊं?
डूंघा वि.पु. गहरा
डूंघी वि. स्त्री. गहरी
डूंघी खड्ड स्त्री. गहरी खाई, गहरा गड्ढा
डूंघे वि.पु. गहरे, गूढ़
डूंघे मानी (माने) पु. गहरे अर्थ
डूझ स्त्री. दूज की तिथि, दूसरी बारी
डूझा वि.पु. दूसरा, अन्य
डूझी वि.स्त्री. दूसरी, अन्य
डूझे वि.पु. ब.व. दूसरे, अन्य
डें स्त्री. गेंद (डां)
डें वदा खेडदे मु. वंचित हुआ फिर रहा है
डें खेडदा वेसें बेकार समझ कर निकाल फैंके जाओगे
डेंदां देता हूं
डेंदां वद्दे वह देता फिर रहा है
डेंदा वद्दीं तू देता फिर रहा है
डेंभूं पु. भिड़, भृंग (फ़ा.) जंबूर
डे क्रि. आज्ञा. दे
डे डे दे दे

डे डेविस उसको दे दे

डेख क्रि. आज्ञा. देख

डेखीं देखियो, सावधान रहियो

डेढा पु. ड्योढ़ा, **डेढी** स्त्री. दहलीज़, ड्योढ़ी, वि. स्त्री. डेढ़ गुणी, ड्योढ़ी

डेणा वि.पु. छोटे कद का, बौना

डेणी वि. स्त्री. छोटे कद की, बौनी

डेधा वि.पु. देखता हुआ, देखने वाला

डेधा पे वह देख रहा है

डेधी वि. स्त्री. देखती हुई, देखने वाली

डेधी पई हे वह देख रही है

डेर पु. देवर, पति का छोटा भाई

डेल्हा पु. करील के पेड़ का फल, (हरि.) टींड। डेल्हों का अचार डालते हैं।

डेवता पु. देवता, सज्जन पुरुष

डेवां? देऊं, दूं?

डेवी डेवता देवी देवता

डेवीं क्रि. आज्ञा. देना

डेवे क्रि. आज्ञा. दे, वह दे

डेस पु. देश, देस

डेसी वि. देसी, देशी, स्वदेश-निर्मित, दे गा

डेह पु. (फ़ा.) देह, गांव

डैण स्त्री. राक्षसी, डायन

डैणीं स्त्री. ब.व. राक्षसियाँ, डायनें

डैत, डईत पु. दैत्य, राक्षस

डो वि. की ओर (घर डो)

डोई स्त्री. लकड़ी का बना चमचा

डोका पु. अधपकी खजूर

डोडा पु. डोडा, बड़ी कली

—डोडी स्त्री. छोटी कली

डोडा वि.पु. दुगना

डोडर कां पु. पहाड़ी कोआ

डोम पु. मिरासी

डोमिण, डोमणी स्त्री. मिरासिन

डोर स्त्री. डोर, पतंग उड़ाने की डोरी

डोरा वि.पु. बहरा, ऊंचा सुनने वाला

डोरी वि. स्त्री. बहरी, ऊंचा सुनने वाली

डोल पु. बाल्टी

डोला पु. मिट्टी का लोटा, गोलक, पालकी

डोली स्त्री. मिट्टी की लोटी, दुल्हन की पालकी

डोली टोरणा क्रि. दुल्हन को विदा करना

डोह क्रि. आज्ञा. दुह, दूध निकाल, पु. दोष, आरोप

डोहवणा क्रि. दुहना, दूध निकालना

डोह डेवणा क्रि. दोषारोपण करना

डोहत्रा पु. दोहता, बेटी का बेटा

डोहत्री स्त्री. दोहती, बेटी की बेटी, नातिन

डोहड़ा पु. सरायकी काव्य का एक काव्य रूप

डोहावा पु. दूध दोहने का बर्तन

डौल कुटणा मु. चालाकी करना, धूर्तता करना

डौल पु. चालाकी, धूर्तता

डौला वि.पु. चालाक, धूर्त, पु. बाज़ू का कुहनी से ऊपर का मांसल भाग

डौला तेरहां ताला वि.पु. बड़ा धूर्त

डौली तेरहां ताली वि. स्त्री. बहुत धूर्त स्त्री

ड्योढ़ी स्त्री. फ़कीरों या संतों का स्थान, तकिया, दहलीज़, आस्ताना, वि. डेढ़ गुणी

ढ

ढंग पु. तरीका, विधि

ढंगा पु. पशु को भागने से रोकने के लिए उस की टांगों में बाँधी जाने वाली रस्सी

ढंगा डेवणा क्रि.स. पशु के पैरों में रस्सी बांधना

ढंढ स्त्री. गहरी झील जो बरसाती पानी से भर जाती है

ढंन्न पु. ऊंचाई से गहराई में गिरते पानी का प्रपात, झाल

ढंढोरा पु. ऐलान, मुनादी, घोषणा

ढंढोरची वि. मुनादी करने वाला, ढंढोरा पीटने वाला

ढंढोरा फेरणा क्रि. मुनादी करना, घोषित करना

ढक क्रि. आज्ञा. ढांप दे, बंदी बना ले, पु. ढक्कन

ढक सट क्रि. आज्ञा. ढांप दे, कमरे में बंद कर दे

ढक्क पु. ढक्कन, ढकना

ढक्कण पु. बर्तन का ढकना

ढकणा क्रि. बंदी बनाना, ढांपना, पु. ढकना

ढकोड़ा वि.पु. बंदी, कैदी

ढकोड़ी वि. स्त्री. बंदी स्त्री, बंदिनी

ढकोसला पु. काल्पनिक बात

ढग्गा (पं.) पु. बैल, जानवर, ढोर

ढट्ठा गिरा

ढट्ठा वा वि.पु. गिरा हुआ (मकान)

ढट्ठा खू पु. गिरा हुआ कुंआं

ठट्ठी गिरी

ढट्ठी वी वि. स्त्री. गिरी हुई (दीवार)

ढट्ठे गिरे

ढट्ठे वे वि.ब.व. गिरे हुए (मकान)

ढट्ठे दिल वाला वि. हतोत्साहित व्यक्ति

ढढ स्त्री. जल्दी, उतावली

ढढ पवणा मु. जल्दी मचना (कहीं ढढ पै गई हे? ऐसी क्या जल्दी मच गई है?)

ढवीजणा क्रि. स. कुश्ती में गिराया जाना

ढहीजणा क्रि. मिलना

ढहींदा वि. मिलता

ढांढ पु. बहुत बड़ी ज्वाला, भभूका

ढांदा वि. गिरता

ढांदा वा वि.पु. गिरता हुआ

ढांदा वेंदे गिरता जा रहा है

ठांदी गिरती

ढांदी वेंदी हे गिरती जा रही है

ढांदे गिरता है, गिरने को है

ढांदे वैंदिन गिरते जा रहे हैं

ढा क्रि. आज्ञा. गिरा, कुश्ती में ज़मीन पर पीठ लगा, नदी तट का टूट कर गिरना

ढा डे गिरा दे

ढा पवणा मु. आफत आना, नदी तट का टूट कर गिरना, संकट टूटना

ढावणा क्रि.अ. गिरना

ढावां? मैं गिरूं? मैं गिराऊं?

ढावे वह गिरे? वह गिराए?

ढाडी वि.पु. चारण कवि, भाट, गुरु दरबार का गायक

ढारा पु. पशुशाला जो छप्पर में हो

ढारी स्त्री. छप्पर

ढाल स्त्री. तलवार के वार से बचाव करने का शस्त्र, निचाई

ढासिन वे गिरेंगे

ढासी वह गिरेगा

ढासें तू गिरेगा

ढासो तुम गिरोगे

ढाह-ढा स्त्री. नदी तट का टूट कर गिरना

ढाह पविस उस पर संकट टूटे

ढिक्क स्त्री. गऊ का अपने बछड़े की प्रतीक्षा व इच्छा करना ताकि वह आ कर दूध पी सके(पं.) उडीक

ढिग्ग, ढिग्ग पक्का ढेर, ढेर सारा

ढिठाई स्त्री. धृष्टता, ढिठाई, हठ

ढिढ पु. पेट, उदर

ढिल स्त्री. देर, देरी, सुस्ती

ढिल घुस स्त्री. सुस्ती, आलस्य

ढिल्ला वि.पु. ढीला, शिथिल, सुस्त, नरम (फल आदि)

ढिल्ली वि. स्त्री. शिथिल व सुस्त स्त्री, नरम फल या चीज

ढींगर कटी हुई कांटेदार टहनी

ढींगरें अड़्या पांद खड़ के छुड़वींदे अखा. उलझी हुई बात धैर्य से सुलझानी पड़ती है

ढीठ वि. धृष्ट, हट्ठी, मनमर्ज़ी करने वाला या वाली

ढुई स्त्री. नितम्ब, चूतड़

ढुक स्त्री. पशुओं का वापस घर आना

ढुक ढुक होवणा क्रि. आने जाने वालों का तांता लगा होना

ढुकणा क्रि. आना, पहुंचना, बारात का आगमन

ढुका पु. बारात का आगमन

ढूंढणा क्रि. तलाश करना

ढेका पु. धक्का

ढेके खावणा क्रि. धक्के खाना

ढेंढा पु. बैड़, रहट का वह चक्र जिस पर लोटों की माल रहती है

ढेर वि.पु. बहुत, राशि, अम्बार

ढेरी स्त्री. ढेर, अम्बार, राशि

ढो क्रि. आज्ञा. उठा कर ले जा

ढोढा पु. ज्वार, बाजरे या मकई की रोटी

ढोर पु. डंगर ढोर, पशु

ढोरा पु. गड्ढा जहां पानी भर जाता हो

ढोरा भर्‌या खड़े गड्ढे में पानी भरा हुआ है

ढोल पु. एक वाद्य यंत्र, वि. प्यारा, प्रिय

ढोलक, ढोलकी स्त्री. छोट ढोल

ढोला पु. प्रियतम

ढोली वि.पु. ढोल बजाने वाला

त

तंग वि. (फ़ा.) परेशान, कम चौड़ा, संकरा, दुखी, पु. घोड़े की ज़ीन बाँधने की चमड़े की पट्टी।

तंगदस्त वि. (फ़ा.) निर्धन, ख़ाली हाथ

तंगदस्ती (फ़ा.) स्त्री. हाथ ख़ाली होना, निर्धनता, कंगाली, हाथ तंग होना

तंगदिल वि. (फ़ा.) संकीर्ण हृदय, कृपण, कंजूस

तंगदिली (फ़ा.) स्त्री. संकीर्ण हृदयता, कृपणता, कंजूसी

तंगनज़र (फ़ा.) अनुदार, धर्मांध

तंगा पु. अनाज रखने का बोरियों का बना ठेका

तंगी स्त्री. कठिनाई, परेशानी

तंगे पु. ठेके, तंगा का ब.व.

तंगेंदा वि.पु. प्रतीक्षा करता हुआ पुरुष

तंगेंदी वि. स्त्री. प्रतीक्षा करती हुई स्त्री

तंज़ (अर.) स्त्री. व्यंग्य, ताना, कटाक्ष

तंज़न वि. (अर.) व्यंग्य के रूप में, तंज़ के तौर पर

तंज़ियः वि. (अर.) वि. व्यंग्यपूर्वक

तंज़ीम (अर.) स्त्री. व्यवस्था, दल, संगठन, प्रबंध

तंद स्त्री. (सं.) तंतु, रेशा, सूत, बच्चे की जीभ का अटकाव

तंदीर स्त्री. कतार, पंक्ति, लाइन

तंदीर व॒ध वा॒हवणा कतार या पंक्ति बाँध कर बैठना

तंदुल पु. चावल

तंदूं ब.व. स्त्री. रेशे, तंतु

तंबा पु. तहबंद, तहमद, लुंगी, अधोवस्त्र

तंबिया खड़े क्रोध में भरा खड़ा है

तंबी खड़ी हे क्रोध में भरी खड़ी है

तंबीह (अर.) स्त्री. चेतावनी, भर्त्सना, डाँट-डपट

तंबू पु. शिविर, कैम्प, टंट

तंबूरा पु. तूंबी से बना एक तार वाला बाजा

तंभिया खड़े, तंभी खड़ी हे क्रोध में भरा खड़ा है/क्रोध में भरी खड़ी है

तंवण, तंविण सं. स्त्री. बहुत सा गूंधा हुआ आटा।

तंवण दी तंवण खा वञणा बहुत अधिक खाना, सारा आटा खा जाना।

तअज्जुब (अर.) पु. आश्चर्य, विस्मय

तअल्लुक़ (अर.) पु. सम्बंध

तअस्सुब (अर.) पु. धार्मिक पक्षपात, संकीर्णता

तआक़ुब (अर.) पु. पीछा करना, अनुसरण

तआरुफ़ (अर.) पु. परिचय, जान पहचान

तआवुन (अर.) पु. सहयोग, मदद, सहायता

तइनात वि. ताइनात, नियुक्त, मुकरर, तैनात

तइनाती स्त्री. नियुक्ति, तैनाती

तई खड़ीं तू ने वहुत सता रखा है

तई खड़े उसने बहुत सता रखा है
तई तक (कि तईं=कब तक, कहाँ तक)
तक वि. गंतव्य सूचक, संतोष, संतुष्टि
तक पवणा संतुष्ट होना, जँचना, संतोष प्रद लगना
तक न पवणा संतुष्ट न होना, कुछ न समझना
तकद्दुस (अर.) पु. पवित्रता, पुनीतता
तकब्बुर (अर.) पु. अहंकार, ग़रूर, अकड़, शेख़ी
तकर्रुर (अर.) पु. नियुक्ति, तैनाती
तकल्लुफ़ (अर.) पु. कष्ट, दिखावा, संकोच, परायापन, औपचारिकता
तकड़ा वि. पु. शक्तिशाली, हृष्टपुष्ट, सबल
तकड़ी वि. स्त्री. सबला, हृष्टपुष्ट स्त्री
तकड़ी ताज़ी वि. स्त्री. स्वस्थ हृष्टपुष्ट स्त्री
तकणा क्रि. ताकना, निहारना, देखना
तकमा पु. तमग़ा, पदक
तकरार (अर.) स्त्री. झगड़ा, कलह, बहस, विवाद
तकला पु. चर्खे में प्रयुक्त होने वाली लोहे की सलाई, तकवा
तकली स्त्री. हाथ से सूत कातने का यंत्र
तक्की पु. जुलाहा, खादी
तक्खर ग़ाल्हीं दा वि. बातूनी, बड़बोला
तक्खूं वि.पु. पेटू व्यक्ति (खावण दा तक्खूं)
तक़्दीर आज़माई सं. (अर., फ़ा.) स्त्री. भाग्य-परीक्षा
तक्मील सं. (अर.) स्त्री. पूर्ति, समाप्ति, मुकम्मल होना
तक़रीब (अर.) स्त्री. उत्सव, मौका, आयोजन
तक़रीर (अर.) स्त्री. भाषण, वक्तव्य, वार्तालाप
तक्लीफ़ (अर.) स्त्री. दुःख, कष्ट, पीड़ा, व्यथा, दर्द, खेद, रंज
तक्लीफ़देह वि. (अर.) फ़ा. कष्टकर, दुःखदायी
तक्वा पु. बल, शक्ति, तकिया, भरोसा, सहारा
तक़्वियत (अर.) स्त्री. बल, शक्ति, पुष्टि, मदद
तख़त (पं.) पु. तख़्त, सिंहासन, राजगद्दी, हुकूमत
तख़य्युल (अर.) पु. कल्पना, ख़याल, सोच, विचार, उड़ान
तख़य्युलात (अर.) पु. कल्पनाएँ, ख़यालात, उड़ानें
तख़्त (अर.) पु. सिंहासन, हुकूमत, राजगद्दी
तख़्तनशीन वि. (फ़ा.) सिंहासनासीन
तख़्तनशीनी (फ़ा.) स्त्री. राज्याभिषेक, सिंहासनारूढ़ होना
तख़्ता पु. (फ़ा.) तख़्ता, फट्टा, कागज़ की शीट, क्यारी, फांसी का तख़्तः
तख़्ती (फ़ा.) स्त्री. बच्चों के लिखने की लकड़ी की फट्टी
तख़्तेताऊस (फ़ा.) पु. शाहजहाँ का मयूरासन

तख़्फ़ीफ़ (अर.) स्त्री. कमी करना, संक्षेपीकरण , (अं.) रिट्रेंचमेंट

तख़्मीनः (अर.) पु. तख़्मीना, अनुमान, अंदाज़ा

तख़्मीनन अर. अनुमानतः, अंदाज़न

तग॒ स्त्री. सहारा, पुष्टि

तग॒ड़ा वि.पु. सबल, पुष्ट ब.व. तग॒ड़े

तग॒ड़ी वि. स्त्री. सबला, पुष्ट स्त्री

तग॒णा क्रि. चलना, रहना

तग॒णकार वि. अधिक देर तक चलने वाला

तग़मा पु. तमग़ा, पदक

तग़य्युर (अर.) पु. परिवर्तन, बदलाव, तबदीली

तग़य्युरात (अर.) पु. तग़य्युर का ब.व. , तबदीलियाँ

तग़ाफ़ुल (अर.) पु. ग़फ़लत, प्रमाद, उपेक्षा, विलंब

तग़ाफ़ुलपसंद वि. (अर.) फ़ा. बेपरवाह, ग़ाफ़िल, प्रमादी

तग़ार चावणा क्रि. गारा उठाना

तग़ारी स्त्री. छोटा तग़ार, गारे का छोटा कुण्ड

तग़ैयुर (अर.) पु. तग़य्युर, परिवर्तन, तबदीली

तग़ैयुरात (अर.) पु. तग़ैयुर का ब.व., तवदीलियाँ

तच्छ (तच्छणा का आज्ञा.) पीट

तच्छ घत बुरी तरह पीट डाल

तच्छ घतणा क्रि. पीट डालना

तच्छणा क्रि. पीटना

तच्छणी स्त्री. पिटाई

तच्छिस (प्रेर.) उसे पीट डाल, उसकी खूब पिटाई कर

तज़करा, तज़्किरः (अर.) पु. ज़िक्र, स्मरण, चर्चा, जीवनवृत्त

तजज़ियः (अर.) पु. जाइज़ा लेना, जाँच करना, समीक्षा

तजदीद (अर.) स्त्री. नवीनीकरण, नया बनाना

तजर्बा, तजुरबा, तजरुबा, तज्रुबा, तज्रबा (अ.) पु. अनुभव, जानकारी

तज्रिबःकार, तज्रुबाकार वि. (अ., फ़ा.) अनुभवी, जानकार, व्यवहारकुशल

तजवीज़ (अर.) स्त्री. सुझाव, प्रस्ताव, योजना, मंसूबा

तजवीज़ करणा क्रि. सुझाव देना, प्रस्ताव करना

तजार पु. एक बार कटने के बाद फसल का दोबारा बढ़ना

तजारत, तिजारत सं. स्त्री. व्योपार, गणित का एक तरीका

तड॒हुं वि. उन्हीं दिनों

तड॒ु स्त्री. अड़ना, सहारा, सम्बल, अकड़

तड़का लावणा क्रि. दाल सब्ज़ी आदि में छौंक लगाना

तड़पणा, तड़फणा क्रि. तड़पना, व्याकुल होना

तड़पदा पे तड़प रहा है

तड़पसी प्या तड़पता रहेगा

तड़॒हा डे॒वणा वि. भगा देना, धत्ता बताना

तड़॒हा डे॒वणा क्रि. तंग कर देना

तड़ां वि. तब

तड़ातड़ पु. ज़ोर की पिटाई में तड़ तड़ शब्द

तड़ी स्त्री. धमकी

तड़ी डेवणा क्रि. धमकी देना

तणणा क्रि. पूरा प्रयत्न करना

तणी सं. स्त्री. तनी, बाँधने की डोरी

तण्यां (तणियाँ) त्रुटणा जड़ें खोखली होना, बंधन खुलना

ततड़ी वि. स्त्री. संतप्त, जली हुई

ततड़ी कूँ न ता जली को न जला

धी स्त्री. ए.व. पुत्री, बेटी, कन्या

धी आ! हे बेटी, अरी पुत्री!

धी दा घर बेटी का घर, बेटी की ससुराल

धीरज (हिं.) पु. धैर्य

धीरज रख क्रि. आज्ञा. धैर्य से काम ले

धीरीं, धियां स्त्री. ब.व. धी का ब.व., बेटियाँ, पुत्रियाँ, कन्याएँ

धीरीं खाविन रोटियाँ, नूहिं खाविन वोटियाँ अखा. बेटियां तो रोटियाँ खाती हैं बहुएँ सास का शोषण करती हैं। (मांस खाती हैं)

धीरीं धन पराया अखा. कन्याएँ पराया धन होती हैं।

धीरीं धन्ना वि.पु. स्त्रैण व्यक्ति, हर समय लड़कियों या स्त्रियों के पास बना रहने का इच्छुक व्यक्ति

धुंध स्त्री. धुंध

धुंधला वि.पु. अस्पष्ट, धूमिल दृश्य

धुंधली वि. स्त्री. अस्पष्ट, धूमिल स्थिति

धुआंख्यावा वि.पु. धुएँ से काला पड़ा हुआ, सड़न भरा

धुआंख्या स्वाद पु. सड़न वाला स्वाद

धुआंधार वि. बहुत ज़ोर की वर्षा, मूसलाधार

धुप स्त्री. धूप

धुप ते वाल चिट्टे करणा मु. कुछ भी अनुभव प्राप्त न करना

धुर तोणीं क्रि. वि. अख़ीर तक

धुर दी सुञी वि. स्त्री. जन्मजात धूर्त स्त्री

धूं पु. धुंआं, धूम्र

धूंणी रमावणा मु. धूनी रमाना

धूड़ स्त्री. धूलि

धू धा स्त्री. उठापटक, तोड़फोड़

धू धा घत डेवणा मु. उपद्रव मचा देना

धूल स्त्री. धूलि, मिट्टी धूड़

धेज, डाज पु. दहेज़

धेता वि.पु. कन्या पक्ष वाला

धेताघर पु. कन्या के माता पिता का घर

धेती वि. स्त्री. कन्या पक्ष की

धेती भाजी स्त्री. कन्या पक्ष से आने वाली भेंट

धेला, अधेला पु. आधा पैसा

धेला पल्ले न होवणा मु. अति निर्धन होना

धेले दा वंदा न होवणा मु. किसी काम का न होना

धेले दी औकात न होवणा मु. दीन हीन एवं निःसहाय व्यक्ति होना

धेवता (हरि.) पु. दोहता, नाती

धेवती (हरि.) स्त्री. दोहती, नातिन

धो क्रि. आज्ञा. धो, साफ़ कर, पु. धुलाई

धोक (हरि.) स्त्री. पूजा

धोक मारणा मु. पूजन करना, भेंट चढ़ाना

धोखा पु. धोका, छल छद्म, कपट

धोखा धड़ी स्त्री. छलकपट, प्रवंचना, धोखेबाज़ी

धोखा फ़रेब पु. छल कपट

धोड़े पु. ब.व. धक्के, झटके, चक्कर

धोड़े आवणा मु. चक्कर आना, लड़खड़ाना

धोबि॒ण स्त्री. धोबी की पत्नी

धोबी॒ पु. धोबी, धावक

धोती स्त्री. एक पहनावा

धोती दाल स्त्री. मूंग की बिना छिलके की दाल (पीली दाल)

धोती वी वि. स्त्री. धोई हुई

धोती पोती वि. स्त्री. धुली धुलाई

धौं, धांवो क्रि. आज्ञा. नहाओ

धौंकणी लगणा सांस फूलना, बच्चे की छाती चलना

धौंदां, धांदां, धंदां मैं नहाता हूं

धौंदी, धांदी, धंदी वह नहाती (है)

धौंदे, धांदे, धंदे वे नहाते (हैं)

धौंदा पे वह नहा रहा है

धौंदे पिन वे नहा रहे हैं

धौला (हरि.) वि.पु. सफ़ेद, उजला, चिट्टा

धौली (हरि.) वि. स्त्री. सफ़ेद, उजली, चिट्टी

धौंस (हिं.) स्त्री. धमकी, ताड़ना, नियंत्रण

धौंसां (हिं.) स्त्री. ब.व. धमकियाँ, ताड़नाएँ

धौंसां, धांसां मैं नहाऊं गा

धौंसी, धांसी वह नहाएगी

धौंसिन, धांसिन वे नहाएँगी, वे नहाएँगे

धौंसें? धांसें? क्या तू नहाएगा?

धौंसें, धांसें तू नहाएगा

धौंसो, धांसो तुम नहाओगे

धौंसो? धांसो? क्या तुम नहाओगे?

धुक क्रि. आज्ञा. दौड़, भाग

धुक पे दौड़ पड़ा है

धुक पै दौड़ पड़

धुकदा वञ दौड़ता जा

धुकदा वेंदीं तू दौड़ता जाता है

धुकदा वेंदे वह दौड़ता जाता है

धुकदा वेसी वह दौड़ता जाएगा

धुकदा वेसां में दौड़ता जाऊंगा

धुकदे वेसिन वे दौड़ते जाएँगे

धुकदे वेसूं हम दौड़ते जाएँगे

धुकदे वेसो तुम दौड़ते जाओगे

न

नंग वि.पु. नंगा, कंगला (फ़ा.) शर्म, लज्जा
नंग मलंग वि. पु. नंगा घूमने वाला मस्तमौला
नंगा वि.पु. नग्न, निर्वस्त्र, निर्लज्ज
नंगा करना मु. उघाड़ना, पोल खोलना
नंगा थीवणा मु. निर्लज्ज हो जाना
नंगी वि. स्त्री. नग्न, निर्वस्त्र स्त्री
नंगी धौंसी क्या निपड़ेसी क्या अखा. साधनहीन व्यक्ति क्या आडम्बर करेगा
नंगे वि.पु. ब.व. नग्न लोग, सम्वोधन ओ नंगे!
नँगेज पु. नग्नता, नंगापन, अश्लीलता
नंघ (हरि.) क्रि. आज्ञा. लांघ जा, निकल जा
नंघणा क्रि. लांघना, निकलना
नंघ वञ लांघ जा, निकल जा
नंढड़ा, नंढा वि.पु. छोटा, युवा
नंढा साहब पु. छोटा अधिकारी
नंढडी वि. स्त्री. छोटी
नंढडे पु. छोटे
नंद पु. बाबा नंद जिनके यहाँ श्री कृष्ण का पालन हुआ
नंदलाल पु. नंद का लाडला श्री कृष्ण
नंदा पु. नंद, नंदलाल
नंबर (अं.) बारी, अंक, नम्बरदार
नंबरदार पु. गांव का एक अधिकारी
नंबरदारी स्त्री. नंबरदार का पद या कार्य
न, ना, नां नहीं, मत
नई पु. नाई, हज्जाम
नईं नहीं
नक पु. नाक
नक तार, नक तोड़ीं भर्या वा वि. पु. किनारे तक भरा हुआ
नक तोड़ीं भरी वी वि. स्त्री. किनारे तक भरी हुई
नक कपीजणा मु. नाक कटना, अपमान होना
नकटा, नकटी वि. जिसका नाक कटा हुआ हो
नकटई स्त्री. (अं.) नेकटाई, टाई
नक्ल स्त्री. अनुकरण, अभिनय, प्रतिलिपि
नकली वि. अस्ली का विलोम, बनावटी
नकसीर (हिं.) नाक से खून बहने का रोग
नकसीर आवणा नाक से खून बहना
नक होवे तां वो आवे लज्ञा हो तो अहसास हो
नकद वि. (अर.) नकद (अं.) कैश
नकब स्त्री. (अर.) नक्ब, सेंध
नकारा वि. नाकारा, बेकार, निकम्मा
नकाहत (अर.) स्त्री. रोग जन्य निर्बलता
नख (सं.) पु. नाखुन
नख़्ल (अर.) पु. पेड़, द्रख्त
नखिद्ध वि. बेकार, नाकारा, निकम्मा
नखेड़ क्रि. आज्ञा. पृथक पृथक कर, छांट
नखेड़णा क्रि. सं. अलग अलग करना, छांटना

नखेड़ा पु. अलगाव, पृथकता

नग पु. नगीना, कीमती पत्थर

नग़्मा पु. गीत, गान

नग़्मा पु. गीत, गान

नगाड़ा पु. नक्कारा, नगारा, दुंदुभि

नगारची वि.पु. नगाड़ा बजाने वाला

नच क्रि. आज्ञा. नाच, नृत्यकर

नचणा क्रि. नाचना वि. नाचने वाला

नचदा खड़े नाच रहा है

नचा क्रि. आज्ञा. नचा, नाच करा

नचावणा क्रि. सं. नचाना

नज़र (फ़ा.) स्त्री. दृष्टि, निगाह, बुरी नज़र

नज़रअंदाज करणा मु. उपेक्षा करना, आई गई करना

नज़र लगणा मु. कुदृष्टि का प्रभाव होना

नज़रियः (अर.) पु. दृष्टिकोण

नज़ाकत (फ़ा.) स्त्री. मृदुलता, कोमलता, नाज़ुक होने का भाव

नज़..रा (फ़ा.) पु. दृश्य, दर्शन

नजीक वि. नज़दीक, करीब, निकट

नज़ीर पु. नज़र, बीनाई, मिसाल, दृष्टांत

नज़्द, नज़्दीक वि. निकट, समीप, करीब, पास

नज़्दीकी वि. निकटवर्ती, स्त्री. निकटता

नज़्म, नज़म स्त्री. पद्य, कविता, शायरी, व्यवस्था

नज़्मो-नस्र पद्य और गद्य

नज़्मो-नसक पु. शासन व्यवस्था

नज़्र, नज़्राना पु. भेंट, उपहार, दक्षिणा

नज़्ला पु. ज़ुकाम, बलग़म गिरना

नट पु. नाटककरने वाला मदारी

नटणी स्त्री. नट की स्त्री, मदारिन

नठ (पं.) क्रि. आज्ञा. भाग, दौड़

नठ पै, नठ वञ दौड़ जा, भाग जा, दौड़ पड़

नठणा, नसणा क्रि. अ. भागना, दौड़ना

नट्ठा, नठ्या भागा, दौड़ा

नड़ा पु. मछलियाँ पकड़ने का जाल

नड़िनवे (पं.) वि. निन्यानवे (९९)

नड़ी स्त्री. हुक्के का पाइप, नेचा

नड़ीबद्ध पु. हुक्के का नेचा बनाने वाला

नढा पु. उठे हुए सींगों वाला वैल

नताइज (फ़ा.) पु. ब.व. नतीजे, परिणाम, फल

नतीजा (फ़ा.) पु. परिणाम, फल

नतीजा-ए-इमतिहान पु. परीक्षफल, परीक्षा परिणाम

नतीजतन वि. फलस्वरूप, परिणामतः

नथ स्त्री. नाक का आभूषण, नुकेल

नथणा क्रि. नुकेल डालना

नद सं. (फ़ा.) पु. नदी, दरिया, जैसे पंजनद

नदामत सं. अ. स्त्री. लज्जा, हया, पश्चाताप, शर्मिन्दगी

नदारद वि. फ़ा. कोई नहीं, विहीन, लुप्त, रहित, ग़ाइब

नदी सं. हिं. स्त्री. दरिया, बड़ी नहर

नदीम वि. अ.पु. सखा, दोस्त, मित्र, यार

ननकाणा साहब सं. गुरु नानक देव जी की जन्मस्थली जो अब पाकिस्तान में है

नप (नपणा का आज्ञा.) पकड़, थाम

नपणा क्रि. पकड़ना, थामना

नपीड़ (नपीड़णा का आज्ञा.) निचोड़

नपीड़णा क्रि. (सं.) निष्पीड़न, निचोड़ना

नपीड़्या वा वि. निष्पीड़ित, निचोड़ा हुआ

नफ़स सं. अ. पु. प्राण, रूह, श्वास

नफ़ा सं. अ.पु. लाभ, फ़ाइदा, फल, परिणाम

नफ़ासत सं. अ. स्त्री. स्वच्छता, निर्मलता, लताफ़त, मृदुलता, कोमलता

नफ़ासत पसंद वि. (अ. फ़ा.) सफ़ाई पसंद करने वाला

नफ़ी सं. (अ.) स्त्री. अस्वीकृति, इन्कार, जोड़ का विपरीत

नफ़ीरी सं. (अ.फ़ा.) स्त्री. शहनाई

नफ़ीस वि.(अ.) उत्तम, बढ़िया, स्वच्छ, कोमल, लतीफ़

नफ़रत सं.(अ.)स्त्री. घृणा, घिन, कराहत

नफ़्स सं. अ.पु. अस्तित्व, वजूद, काम वासना

नफ़्सा नफ़्सी सं. स्त्री. आपाधापी, अपनी अपनी

नफ़्सियात सं.(अ.)स्त्री. मनोविज्ञान

नवात सं.(फ़ा.)स्त्री. मिश्री

नबात सं.(अ.)स्त्री. वनस्पति, ज़मीन से उत्पन्न पेड़ पौधे

नबातात सं.(अ.)स्त्री. नबात का ब.व., वनस्पतियाँ

नवाब सं. पु. नवाब

नब्ज़ सं.(अ.)स्त्री. नाड़ी, (अं.) पल्स

नब्ज़ शनास, नब्बाज़ वि. नाड़ी पहचानने वाला, नाड़ी विशेषज्ञ

नब्बाज़ी नाड़ी विशेषज्ञता

नबेड़ (नवेड़णा का आज्ञा.) निबटा, निपटा, निर्णीत कर

नबेड़णा क्रि. निबटाना, निपटाना, निर्णीत करना

नबेड़ा सं. पु. निबटारा, निर्णय

नम वि. (फ़ा.) गीला, तर

नमक सं. (फ़ा.) लवण, नून

नमकदान सं. पु. नमक रखने का बर्तन या संदूक

नमक्दानी सं. स्त्री. नमक रखने का बर्तन, या संदूक

नमकपाश वि. (फ़ा.) नमक छिड़कने वाला

नमकपाशी सं. (फ़ा.) स्त्री. कटे पर नमक छिड़कना

नमकहराम वि. जिसका नमक खाए उस के साथ धोखा करने वाला, बेवफ़ा

नमक हलाल वि. वफ़ादार

नमकीन वि. लावण्यमय, सुंदर, हसीन

नम्दा सं. (फ़ा.) पु. ऊन का बना कम्बल या गद्दा

नमाज़ सं. अ. स्त्री. मुसलमानों की ईश्वर प्रार्थना जो पाँच वक्त होती है।

नमाज़ी वि. अ. पु. नमाज़ पढ़ने वाला, नमाज़ का पाबंद

नमाज़े-जनाज़ः सं. अ. स्त्री. जनाज़े पर मृतक की आत्मा की शांति के लिए पढ़ी जाने वाली नमाज़
नमी सं. (फ़ा.) स्त्री. आर्द्रता, तरी, सीलन
नमू सं. (अ.) स्त्री. अस्तित्व में आना, उगना, विकास करना
नमूना, नमूनः सं(फ़ा) पु. बानगी, आदर्श चीज
नमूने सं. ब.व. बानगियाँ, आदर्श चीज़ें
नर सं. (सं. फ़ा.) पु. मनुष्य, पुरुष, नारी तथा मादा का पुल्लिंग
नरम वि. कोमल, मुलायम, मृदुल
नरमा सं. स्त्री. कपास की एक उम्दा किस्म
नरमी सं. हिं. स्त्री. कोमलता, मृदुलता, मुलायमत
नरी सं. स्त्री. पानी की गहरी खाली
नर्ग़ा, नर्गः सं. (फ़ा.) पुं. घेरा, घिराव, मुहासरा, भीड़ या हजूम
नर्गिस सं. (फ़ा.) स्त्री. एक फूल जिसकी पंखड़ी आँख से मिलती जुलती होती है।
नर्गिसी वि. (फ़ा.) नर्गिस जैसा, नर्गिस का
नर्म वि. फ़ा. कोमल, मृदुल, मुलायम
नर्मी सं. (फ़ा.) कोमलता, मृदुलता, मुलायमत
नल पु. पाइप, टूटी
नली स्त्री. पाइप, रील, कलाई
नली पकड़ना क्रि. कलाई पकड़ना
नलैक वि. नालायक, अयोग्य, मूर्ख
नलैकी स्त्री. नालायकी, अयोग्यता, मूर्खता
नवा (फ़ा.) स्त्री. स्वर, आवाज़, सदा
नवाज़िश (फ़ा.) स्त्री. कृपा, अनुकंपा
नवाब (फ़ा.) पु. नव्वाब
नवाला (फ़ा.) पु. निवाला, ग्रास
नवां (पं.) पु. वि. नया, नवीन, आधुनिक
नवीं (पं.) वि. स्त्री. नई, नवीन, आधुनिक
नवीं नकोर वि. बिल्कुल नई
नवीस (फ़ा.) पु. लिखने वाला
नवेक्ला वि.पु. अकेला, अलग, एक व्यक्ति का
नशका पु. नकशा, मानचित्र
नशा (अर.) पु. नशः, मद्यपान, उन्माद, मादकता, मस्ती
नशा करणा क्रि. नशीले पदार्थ सेवन करना
नशा चढ़णा क्रि. नशीले पदार्थ की मस्ती चढ़ना
नशा लाहवणा क्रि. नशा उतरना
नशीन, नशीं (फ़ा.) पु. बैठने वाला, आसीन
नशीला वि.पु. नशा उत्पन्न करने वाला
नशीली वि. स्त्री. नशा उत्पन्न करने वाली चीज़, नशीली दवा, नशीली आँख आदि
—दवा, अख
नशेबाज़ (फ़ा.) वि. नशा करने वाला
नश्र थीवणा क्रि. प्रसारित होना
नस (पं.) क्रि. आज्ञा. भाग, दौड़, स्त्री. शिरा
नस नस के भाग भाग कर
नस नस विच शिरा शिरा में
नसणा क्रि. अ. भागना, दौड़ना

नस वञ भाग जा, दौड़ जा

नस वञणा भाग जाना, दौड़ जाना

नसक स्त्री. सज़ा

नसक मिलणा सज़ा मिलना

नसदा दौड़ता, भागता

नसदा वञ तू दौड़ता जा

नसदा वेंदे वह दौड़ता जाता हैं

नसदा वेसां मैं दौड़ता जाऊंगा

नसदा वेसी वह दौड़ता जाएगा

नसदा वेसें तू दौड़ता जाएगा

नसदे वेसिन वे दौड़ते जाएँगे

नसदे वेसो तुम दौड़ते जाओगे

नसव (अर.) पु. कुल, वंश, ख़ानदान

नसवार स्त्री. सुंघनी

नससी वह दौड़ेगा

नससां में दौड़ूंगा

नससें तू दौड़ेगा

नससें? क्या तू दोड़ेगा?

नसा क्रि. आज्ञा. भगा, दौड़ा

नसा वञ भगा ले जा

नसा गे भगा ले गया है

नसा वञणा भगा ले जाना

नसाव पु. (फ़ा.) निसाब (सं.) पाठ्यक्रम (अं.) सिलेबस

नसीव सं. अ. पु. भाग्य, किस्मत, बख़्त, मुक़द्दर

नसीवा सं. अ. पु. भाग्य, किस्मत, बख़्त, मुक़द्दर, तकदीर, नसीब।

नसीब जागणा किस्मत जागना, भाग्य जागना।

नसीब मरीजणा भाग्य फूटना

नसीब सुमणा भाग्य सो जाना

नसीहत सं. (अ.) स्त्री. सदुपदेश, सीख, शिक्षा

नसीहत आमेज़ वि. (अ. फ़ा.) उपदेश युक्त

नसीहत डेवणा या करणा सदुपदेश देना

नसोकड़ वि. भगोड़ा, भगोड़ी, भागने वाला या वाली

नस्र सं. अ. स्त्री. गद्य, पद्य का विपरीत, (अं.) प्रोज़

नस्रनिगार हिं. (अ.फ़ा.) गद्यकार, गद्य लिखने वाला।

नस्ल (अ.) स्त्री. वंश, गोत्र, कुल, संतति, औलाद।

नहा (नहावणा का आज्ञा.) स्नान कर

न हा नहीं था

नहाता वा वि. नहाया हुआ

नहीं नहीं, न, मत

नहीफ़ वि. अ. क्षीण, दुवला, दुर्वल, अशक्त

नहुं सं. पु. नाखुन, नख

नहुं मारणा नाखुन से घायल करना

नहूंद्र, नूंद्र सं. स्त्री. नखक्षत, बिल्ली के पंजे का प्रहार

ना, नां नहीं

नां नाम

नां गण घत नां खुट पैसी अखा. न गिनती करो न कमी पड़ेगी अर्थात् संतुष्ट रहो, जितना मिल गया वही बहुत है

नांग्या वि. जिस का नाम मिट गया हो, दुष्ट, एक गाली
नांगें खादा धूर्त, दुष्ट
नांगणी सं. स्त्री. नागिन, सर्पिनी
नां बणी नहीं हुई
ना अंदेश वि. (फ़ा.) न सोचने वाला
ना अहल वि. (फ़ा.) अयोग्य, नाकाबिल, अपात्र
ना अहलियत स. (फ़ा. अ.) स्त्री. अयोग्यता, अपात्रता, नाकाबलियत
ना आशना वि. (फ़ा.) अपरिचित
ना इंसाफ़ वि. (फ़ा. अ.) अन्यायी
ना इंसाफ़ी सं. (फ़ा. अ.) स्त्री. अन्याय, अनीति
ना इत्तिफ़ाकी सं. (फ़ा. अ.) स्त्री. फूट, विगाड़, एकता न होना
नाइब वि. (अ.) पु. सहायक, असिस्टेंट, छोटा
नाउमीद वि. (फ़ा. अ.) निराश, हताश
नाउमीदी सं. (फ़ा. अ.) स्त्री. निराशा, हताशा
नाक़द्र वि. (फ़ा.) क़द्र न करने वाला
नाक़द्री सं. (फ़ा.) स्त्री. क़द्र न जानना, अवहेलना करना, अपमान
नाकाविल वि. फ़ा. अयोग्य, अपात्र
नाकाविले-यक़ीन वि. (फ़ा.) अविश्वसनीय, विश्वास के अयोग्य
नाखुन सं. (फ़ा.) पु. नाख़ुन, नख
नाखुश वि. (फ़ा.) अप्रसन्न
नागवार वि. (फ़ा.) नापसंद, अवांछित, बेमज़ा, अरुचिकर
नागहाँ वि. (फ़ा.) अचानक, अकस्मात
नाच सं. (हिं.) पु. नृत्य
नाचवा सं पु. नाच कूद
नाचाकी सं. (फ़ा.) स्त्री. वैमनस्य, द्वेष, अनबन
नाचीज़ वि. (फ़ा.) हेच, तुच्छ, विनम्र
नाज सं. (हरि.) पु. अनाज, अन्न
नाजाइज़ वि. फ़ा. अनुचित, नामुनासिब
नाज़ सं. फ़ा. पु. गर्व, फ़ख़्र, नख़रा
नाज़ां वि. फ़ा. मग़रूर, गर्वान्वित
नाज़ुक वि. फ़ा. मृदुल, मुलाइम, कोमल
नाज़ुक मिज़ाज वि. मृदुल स्वभाव वाला
नाज़ेबा वि. (फ़ा.) अशोभनीय
नाट (नाटणा का आज्ञा.) (हरि.) इन्कार कर, मना कर दे, मुकर जा
नाटणा क्रि. (हरि.) इन्कार कर देना, मुकर जाना
नाट वजणा मुकर जाना, फिर जाना, वचन तोड़ देना
नाड़ सं. (हरि.) स्त्री. गरदन
नाड़ सं. पु. गेहूं के पौधे की सूखी नाली या तना।
नाड़ा सं. पु. गाय भैंस का प्रसवोपरांत पहला दूध, पाजामे आदि का नाड़ा, अज़ारबंद
नाड़ी सं. (हिं.) स्त्री. नब्ज़, पल्स
नात सं. (अ.) स्त्री. हज़्रत मुहम्मद साहब की छंदोबद्ध स्तुति, नअ़त, नातिया कलाम
नाता सं. पु. रिश्ता, सम्बंध
नाताकत(फ़ा. अ.) निर्बल, अशक्त

नाताकती सं. फ़ा. स्त्री. निर्बलता, अशक्ति
नातिन सं. स्त्री. दोहती
नाती सं. पु. दोहता
नातुवाँ कि. फ़ा. अशक्त, निर्बल, कमज़ोर
नातुवानी वि. फ़ा. स्त्री. शक्तिहीनता, निर्बलता, कमज़ोरी
नाथ सं. सं. स्वामी, पति, मालिक
नादान वि. फ़ा. मूर्ख, ना समझ, अनभिज्ञ
नादानी सं. फ़ा. स्त्री. मूर्खता, नासमझी, अनभिज्ञता
नादार वि. फ़ा. ग़रीब, निर्धन
नादारी सं. फ़ा. स्त्री. ग़रीबी, निर्धनता
नादिम वि. अ. लज्जित, शर्मिन्दा
नान सं. पु. ख़मीरी रोटी
नानका वि. पु. नाना के यहाँ का
नानकी वि. स्त्री. नाना के यहाँ की
नानके वि. पु. नाना के परिवार वाले
नानबाई सं. पु. रोटी पकाने वाला
नाना सं. पु. माता का पिता
नाना वि. (सं.) अनेक
नानी सं. स्त्री. माता की माता
नानेख़ुश्क सं. (फ़ा.) स्त्री. सूखी रोटी
नापसंद वि. फ़ा. अरुचिकर, अच्छा न लगने वाला
नापा सं. पु. साबूदाने से बनाई जाने वाली एक मिठाई
नापाइदार वि. (फ़ा.) अस्थायी, अस्थिर, अदृढ़
नापाक़ वि. (फ़ा.) अपवित्र, मलदूषित
नाफ़ सं. (फ़ा.) स्त्री. नाभि
नाबालिग़ वि. (फ़ा.) अवयस्क
नामंज़ूर वि. (फ़ा. अ.) अस्वीकार, अस्वीकृत
नामंजूरी सं. (फ़ा. अ.) स्त्री. अस्वीकृति
नाम नाम, संज्ञा, अभिधान
नामः, नामा सं. (फ़ा.) पु. पत्र, चिट्ठी, ख़त
नामाबर सं. (फ़ा.) पु. पत्रवाहक
नामाए–आमाल सं. फ़ा. अ. कर्मपत्र, सत्कर्म-कुकर्म लिखने का लेखा
नामए–शौक सं. (फ़ा. अ.) प्रेमपत्र
नामर्द वि. (फ़ा.) भीरु, नपुंसक
नामर्दी सं. (फ़ा.) स्त्री. भीरुता, नपुंसकता
नामवर वि. प्रसिद्ध, मशहूर
नामवरी सं. (फ़ा.) स्त्री. ख्याति, प्रसिद्धि
नामाकूल वि. (फ़ा. अ.) अनुचित, नामुनासिब, अश्लील
नामालूम वि. (फ़ा. अ.) अज्ञात
नामीगरामी वि. प्रसिद्ध, मशहूर, नामवर
नामुनासिब वि. फ़ा. अ. अनुचित
नार सं. (हिं. हरि.) स्त्री. महिला, नारी
नार सं. पु. (नाड़), गेहूँ के पौधे का तना
नारा सं. पु. नाद, नाड़ा, गाय भैंस के प्रसव के बाद पहला दूध, चिल्लाहट, (हरि.) बैल
नारी सं. (सं.) स्त्री. स्त्री, महिला
नारे सं पु. नारा का ब.व.
नारेबाज़ वि. नारे लगाने वाला
नारेबाज़ी सं. स्त्री. नारे लगाने का कर्म

नाल सिरत्ता साथ ही साथ, तुरंत, उसी समय

नाल वि. सं. पास, साथ, (अं.) ट्यूब, लोहे का पाइप

नालां वि. (फ़ा.) व्यथित, परेशान, रोता हुआ, दुखी

नाला पु. नहर, अज़ारबंद

नालायक वि. अयोग्य, अशिष्ट

नालिश (फ़ा.) स्त्री. दावा, फ़रियाद, मुकद्दमा

नाली स्त्री. मोरी, पाइप

नाली करणा क्रि. पाइप द्वारा गेहूं की बिजाई करना

नाली थी चुकणा बिजाई हो चुकना

नाले (पं.) उल्टा, इस पर यह कि

नालों (पं.) पास से

नाव (सं.) स्त्री. किश्ती, नौका, नैया

नावड़ी स्त्री. सूत की रील

नावाकिफ़ (फ़ा.) वि. अनभिज्ञ, अपरिचित, अनाड़ी, अनजान

नावाकिफ़ी, नावाकफ़ियत स्त्री. अनभिज्ञता, अपरिचय, अनाड़ीपन

नावाजिव (फ़ा.) वि. अनुचित, नामुनासिव, अशिष्ट

नाशाद (फ़ा.) वि. नाखुश, अप्रसन्न

नाशादमानी (फ़ा.) पु. अप्रसन्नता, नाखुशी

नाशिर (अर.) पु. प्रसारक, प्रकाशक

नाशुक्रा वि. कृतघ्न, अकृतज्ञ

नास पु. नाश, विनाश, ध्वंस, स्त्री. नासिका, नक्सीर, नाक से दी जाने वाली दवाई

—नास आवणा क्रि. नकसीर आना

—नास ड॒ेवणा क्रि. नाक से दवाई देना

—नास थीवणा क्रि. विनाश होना

—नास करणा क्रि. विनष्ट करना

नासब्रा वि.पु. बेसब्रा, अधीर, उतावला

नासब्री स्त्री. बेसब्री, अधीर स्त्री, अधीरता, नासबूरी, असंतोष

नासेह (अर.) पु. उपदेशक, नसीहत करने वाला (अं.) प्रीचर

नाहक (फ़ा.) अनुचित, बेकार में, अनीति, अन्याय

नाहमवार (फ़ा.) वि. असमतल, असम, ऊंचा नीचा

नाहर पु. भेड़िया

नां हस उसे नहीं था

नां हा वह नहीं था

नां हासे हम नहीं थे

नां हावे तुम नहीं थे

नां होसी वह नहीं होगा, वह नहीं होगी

नां होवे वह न हो

निक त्रुक वि. छोटा मोटा, दुबला पतला

निकड़ा वि. पु. ए.व. छोटा

निकड़ी वि. स्त्री. ए.व. छोटी

निकल, निकिल (आज्ञा.) निकल, बाहर हो

निकल (निकिल) वञ निकल जा, बाहर हो जा

निकलदी पांहदी धुप कभी धूप कभी छाँव।

निकम्म सं. पु. बेकार या खाली रहने की स्थिति

निकम्म दा मार्या वि. बेकारी से पीड़ित, निठल्ला

निकम्मा वि. पु. ए.व. बेकार, व्यर्थ, ख़ाली, ब.व. निकम्मे

निकम्मी वि. स्त्री. ए.व. बेकार स्त्री, व्यर्थ चीज़, ख़ाली

निकम्यां वि. निकम्मी का ब.व.

निकाब सं. (अ.) स्त्री. नकाब, पर्दा, मुखावरण

निकाबपोश वि. (अ.फ़ा.) नकाब पहनने वाला या वाली

निकाल (निकालणा का आज्ञा.) निकाल, बाहर कर

निकाल सं. निकलने की फुरसत

निकाल न थीवणा निकल न सकना, फुरसत न मिलना

निकाह सं. विवाह, मुसलमानों में शादी की रस्म

निकाहनामः सं. पु. विवाह का शर्त-पत्र

निक्कल सं. (अं.) स्त्री. कलई

निक्का वि.पु. छोटा ब.व. निक्के

निक्की वि. स्त्री. छोटी ब.व. निक्यां

निखब्वा, मुखब्वा, सुंधड़ा पु. खजूर के पत्तों से बना डिब्वा जिसमें रोटियाँ रखते हैं

निखार सं. पु. निखार, सुंदरता

निखारण क्रि. निखारना, सँवारना, सुंदर बनाना

निगरान वि. फ़ा. देखने वाला, निरीक्षक, संरक्षक, देखभाल करने वाला

निगरानी सं. स्त्री. देखभाल, निरीक्षण, संरक्षण

निगलणा क्रि. निगलना

निगाल सं. पु. प्रवाह, पाइप आदि से पानी केनिकलने की सघनता, पानी की मोटी धार

निगाह सं. (फ़ा.) स्त्री. नज़र, दृष्टि बीनाई

निगाहबान वि. (फ़ा.) संरक्षक, देखभाल करने वाला

निगाहेबद सं. (फ़ा.) स्त्री. बुरी नज़र

निचला वि. पु. नीचे वाला, चैन से रहने वाला

निचली वि. स्त्री. नीचे वाली, चैन से रहने वाली

निच्छ सं. स्त्री. छींक

निच्छां, निच्छूं सं. ब.व. स्त्री. छींकें

निज, निजी वि. हिं. अपना, व्यक्तिगत

निज़ात सं. फ़ा. स्त्री. छुटकारा, मुक्ति, मोक्ष

निज़ाम सं. अ. पु. शासक, शासन प्रबंध, व्यवस्था, तंज़ीम, संघटन

निज़ामत सं. अ. स्त्री. संचालन

निझरणा क्रि. घुलते जाना, कमज़ोर होते जाना

निटणा क्रि. **निट के वाहवणा** टिक कर बैठ जाना

निटिंग (अं.) बुनना

निडर वि. निडर, निर्भीक, भयरहित

निडरता सं. (हिं.) स्त्री. निर्भीकता

निढाल वि. (हिं.) कमज़ोर, दुबला

नित अव्य. (हिं.) रोज़, प्रतिदिन

नितनित रोज़ रोज़
नितारणा क्रि. गंदे जल को साफ़ करने की एक क्रिया, सं. फ़ैसला, निर्णय
नितार आज्ञा. फैसला या निर्णय कर
निथरणा क्रि. मैल नीचे बैठ जाने पर साफ़ पानी ऊपर रह जाना
निथारणा क्रि. निथार कर पानी साफ़ करना
निंद्र सं. स्त्री. नींद, निद्रा
निंद्रई वि. स्त्री. निंदायी
निंद्र पटणा/पटीजणा नींद से जगा देना/नींद टूट जाना
निंद्राया वि.पु. निंदाया
निंद्या सं. स्त्री. निंदा, बुराई
निधड़क वि. निर्भीक
निनांण सं. स्त्री. ननंद, पति की बहन
निनांवां सं. पु. ओला
निनांणविया सं. पु. ननदोइया, ननंद का पति
निनांणवे वि. नव्वे और नो (९९)
निपटणा क्रि. नवेड़ना, निर्णय करना या होना
निपटा (निपटावणा का आज्ञा.) फ़ैसला कर, नबेड़
निपटारा सं. पु. फ़ैसला, नबेड़ा, निर्णय
निप्पल सं. अं. पु. रबड़ की चूसनी जो बच्चे को दूध पिलाने वाली बोतल के आगे लगाते हैं।
निफ़ाक़ सं. (अ.) पु. फूट, वैर, दुश्मनी
निब सं. (अं.) स्त्री. होलडर या पैन का अग्रभाग जिससे लिखते हैं।
निविड़ वञना निपट जाना
निबिड़ गे निपट गया है
निमरणा क्रि. **निमिर वञणा** नर्म हो जाना
निमाणा वि.पु. निर्दोष, निरीह, कोमल, कमज़ोर पुरुष
निमाणापन कोमलता, निरीहता, निर्दोषता
निमाणी वि. स्त्री. निर्दोष, निरीह, कमज़ोर, कोमल स्त्री
निम्म सं. स्त्री. एक पेड़, नीम का द्रख़्त।
निम्मा वि.पु. धीमा, मद्धम
निम्मा सेक पु. धीमी आँच
निम्मी वि. स्त्री. धीमी, मद्धम, मैं नहीं (निम्मी वेंदा=मैं नहीं जाता)
निम्मे सेक ते धीमी आंच पर
नियत सं. स्त्री. निय्यत, इरादा, इच्छा
नियत दा खोहा वि. बदनीयत
नियाज़ सं. (फ़ा.) पु. प्रार्थना, इच्छा, परिचय, चढ़ावा, भेंट
नियाज़मंद वि. फ़ा. आज्ञाकारी, भक्त, तावेदार, मित्र, परिचित
निरवार सं. पु. निर्णय, क्रि. आज्ञा. निर्णय कर
निरान सं. पु. नाश्ता
निराला वि. (हिं.) पु. विचित्र, अजीब
निराली वि. (हिं.) स्त्री. विचित्र, अजीब
निराश वि. (सं.) ना उमीद, हताश
निराशा सं. (सं.) स्त्री. नाउमीदी, हताशा
निरास वि. (हरि.) ना उमीद, निराश
निवाला सं. (फ़ा.) पु. ग्रास, कवल

निशस्त सं. (फ़ा.) स्त्री. बैठक, गोष्ठी

निशात सं. (फ़ा.) स्त्री. प्रसन्नता, खुशी

निशान सं. (फ़ा.) पु. चिह्न

निशानची वि. (फ़ा.) पु. निशाना लगाने वाला

निशाना सं. (फ़ा.) पु. लक्ष्य, ध्येय, मंज़िल

निशादर सं. स्त्री. (फ़ा.) नोशादर, नुशादर, एक क्षार

निशेवोफ़राज़ (फ़ा.) ऊंच नीच

निश्तर सं. (फ़ा.) पु. नश्तर, चीर फाड़ करने का यंत्र

निसरणा क्रि. (हरि.) गेहूं-ज्वार-बाजरे के पोधों पर बालियां निकलना।

निसरी सं. स्त्री. मिस्री

निसरी मणका स्त्री. मिस्री की एक किस्म

निसरी शंगरी जमा कर क्रिस्टल रूप में वनाई गई मिस्री

निसार सं. (फ़ा.) कुर्वान, कुएँ का पानी चवच्चे में ले जाने वाली पाइप या नाली

निस्फ़ वि. (फ़ा.) आधा, अर्द्ध

निस्वत सं. (फ़ा.) तुलना, सम्ब्रंध, अपेक्षा

निस्वतन अपेक्षाकृत

निस्वानियत सं. (अ.) स्त्री. स्त्रीत्व, ज़नानापन

निस्वानी वि. (अ.) औरतों का, स्त्रियों सम्बंधी

निस्से हम नहीं

निरसे चलदे हम नहीं चलते

निहाँ वि. (फ़ा.) गुप्त, छुपा हुआ

निहानी वि. (फ़ा.) गुप्त, भीतरी, अंदरूनी

निहायत वि. (फ़ा.) बहुत अधिक

निहाल सं. वि. (फ़ा.) पेड़ पौधे, प्रसन्न, प्रफुल्ल

नीं (पं.) सम्बो. अरी

नीं नहीं

नींगर वि.पु. जवान पुरुष, युवक

नींगिर वि. स्त्री. जवान स्त्री, युवती

नींगरीं वि. स्त्री. ब.व. जवान स्त्रियाँ, युवतियाँ

नीच वि. (हिं.) दुष्ट, चंडाल व्यक्ति

नीज़ (फ़ा.) और, अथवा, भी, अपि

नीत सं. स्त्री. निय्यत, नीति

नीत ख़राव थीवणा निय्यत में ख़रावी होना या आना

नीम वि. (फ़ा.) सं. आधा, कम, एक पेड़

नीम गरम, नीम गर्म वि. (फ़ा.) कम गरम, शीर गर्म

नीम हकीम सं. कम अनुभवी वैद्य

नीम हकीम ख़तरएजान कम अनुभवी वैद्य प्राणहानि का कारण बन सकता है।

नीयत सं. अ. स्त्री. निय्यत, संकल्प, इरादा, आशय

नीर सं. (सं.) पु. पानी, निर्मल ठंडा जल

नीर बहावणा आंसू बहाना, रोना

नीरा वि.पु. निरा, पूरा, पूर्णतया

नीरी वि. स्त्री. निरी, पूरी, पूर्णतया

नील सं. पु. नील का रंग, नील की खेती, नील का पौधा जिसे पानी में गला कर माट या हौज़ में घोट कर नील तैयार किया जाता है।

नीलगर सं. फ़ा. नील बनाने वाला

नील दा मट्ट नील घोटने का माट या हौज़।

नीलम सं. फ़ा. पु. एक प्रसिद्ध रत्न, नीलमणि

नीला वि.पु. नीले रंग का, नील वर्ण

नीली वि. स्त्री. नीले रंग की, नीलवर्ण।

नीले वि.पु. नीले रंग के

नींव सं. (हिं) स्त्री. बुनियाद

नींह सं. (पं.) स्त्री. नींव, बुनियाद

नींह दा पत्थर नींव का पत्थर

नुक्त, नुक्ता सं. (फ़ा.) पु. बिंदी, मर्म, रहस्य, बिंदु, बारीकी

नुक्ती, नुफ़्ती स्त्री. बूंदी, एक मिठाई

नुक्तःदां (अ.फ़ा.) मर्मज्ञ, बारीकी जानने वाला, नुक्तः संज

नुक्तःदानी सं. (अ. फ़ा.) स्त्री. मर्म और बारीकियाँ समझना

नुक्सान सं. अ.पु. हानि, नुक्तःसंज।

नुक्सानदेह वि. फ़ा. हानिकारक

नुक़्ल सं. अ. पु. शराव के साथ खाई जाने वाली चीज़

नुकीला वि.पु. नोकदार

नुकीली वि. स्त्री. नोकदार

नुकुल सं. पु. नुक़्ल, एक मिठाई-मूंगफली की गिरी या चनों पर चीनी चढ़ाकर बनाई गई मिठाई, गजक।

नुकुस सं. पु. नुक्स, नक्स, त्रुटि, दोष।

नुटेंद्ें ही मीचते ही, बंद करते ही।

नुमा वि. (फ़ा.) दिखाने वाला, मार्गदर्शक

नुमाइंदः सं. (फ़ा.) पु. प्रतिनिधि, नाइब

नुमाइंदगी सं. (फ़ा.) स्त्री. प्रतिनिधित्व

नुमाइश सं. (फ़ा.) स्त्री. प्रदर्शन, प्रदर्शनी, दिखावा, श्रृंगार, सज्जा, सजावट

नुमाइशगाह सं. (फ़ा.) स्त्री. प्रदर्शनी का स्थान।

नुमाइशी वि. (फ़ा.) दिखावे का, प्रदर्शन सम्बंधी

नुमू सं. (अ.) स्त्री. उगना, बढ़ना, विकसित होना, अस्तित्व में आना

नुमूदार वि. (फ़ा.) व्यक्त, ज़ाहिर, प्रकट

नुमूनः, नुमूना सं. (फ़ा.) बानगी, नमूना, मिसाल, आदर्श

नुहूसत सं. (अ.) स्त्री. नहूसत, दुर्भाग्य, अमंगल

नूं (पं.) को

नूंद्र सं. स्त्री. नख, नख प्रहार, नखक्षत

नूटणा क्रि. मीचना, बंद करना

नूठा सं. पु. अंगूठा

नूठा डिखावणा अंगूठा दिखाना, कोरा इन्कार करना

नूर सं. (अ.) पु. रोशनी, प्रकाश, ज्योति, आलोक, शोभा, छठा, रौनक

नूरे पु. फ़ौते, अण्डकोष

नूरे सुजणा अण्डकोषों का शोथ

नूरेचश्म सं. (अ.फ़ा.) पु. आंखों की रोशनी, पुत्र।

नूरेनज़र सं. (अ.) पु. नूरे चश्म, आंखों की रोशनी, पुत्र

नूरे शम्अ़ सं. (अ.) पु. मोमबत्ती का प्रकाश

नूरे सहर सं. (अ.) पु. सुबह की रोशनी, प्रातःकाल का उजाला

नूंह स्त्री. बहू, पुत्रवधु

ने (नेवणा का आज्ञा.) ले जा, (सं.) नी धातु से नय

नेक वि. (फ़ा.) उत्तम, श्रेष्ठ, अच्छा, शुभ, मुबारक

नेककिर्दार वि. (फ़ा.) शुद्धाचरण, साधुवृत्ति।

नेकदिल वि. (फ़ा.) शुद्ध हृदय वाला व्यक्ति, पुण्यात्मा

नेकनीयत वि. (फ़ा. अ.) धर्मात्मा, ईमानदार, धर्मनिष्ठ

नेकनीयती सं. (फ़ा. अ.) अन्तःशुद्धि, ईमानदारी, धर्मनिष्ठा

नेकफ़ाल वि. (फ़ा.) जिसके दर्शन मंगलकारी हों, शुभ शगुन

नेकवख़्त वि. फ़ा. भाग्यवान

नेकमिज़ाज वि. फ़ा. अ. नेकदिल, नेकखू, निर्मल स्वभाव, सज्जन, सीधासादा

नेक सीरत वि. (फ़ा. अ.) नेकमिज़ाज, नेकखू

नेचा सं.पु. हुक्के की नै

नेज़ा सं.पु. भाला

नेजा सं. पु. एक सूखा मेवा, चिलगोज़ा

नेड़े वि. निकट, समीप

नेंदां (नेवणां का रूप) ले जाता हूं

नेमत सं. अं. स्त्री. ईश्वर का वरदान, उत्तम पदार्थ, धन, दौलत

नेवां? मैं ले जाऊं?

नेश सं.पु. (फ़ा.) डंक, दंश

नेसां ले जाऊंगा।

नेस्ती सं. (फ़ा.) स्त्री. ध्वंस, बरबादी, सुस्ती, नुहूसत

नेस्तोनाबूद वि. (फ़्र.) नष्ट भ्रष्ट, विनष्ट, विध्वस्त

नेह सं. (सं.) पु. प्रेम, स्नेह, प्रीत

नेहा सं. पु. स्नेह, प्रेम

नै सं. (फ़ा.) स्त्री. बांसुरी, बंसी, अलगोज़ा, हुक्के की नड़ी

नैचा सं. (फ़ा.) पु. नेचा, नै, हुक्के की नड़ी

नैजः सं. (फ़ा.) पु. नेज़ा, भाला, बरछी

नैरंग सं. (फ़ा.) पु. छल, धोखा, फ़रेब, माया, प्रपंच

नैरंगी सं. (फ़ा.) स्त्री. माया कर्म, जादूगरी, छलकपट

नैल सं. पु. घोड़े के पैरों में डाली जाने वाली लोहे की कड़ी

नैलूं सं. पु. नेवला

नोक सं. (फ़ा.) स्त्री. तीखा सिरा

नोकदार वि. (फ़ा.) नोक वाली वस्तु

नोकझोंक सं. स्त्री. टोका टाकी, छेड़छाड़, घात प्रतिघात

नोख सं. स्त्री. नई तोड़ी हुई भूमि।

नोच (नोचणा का आज्ञा.) नोच, खींच खींच कर तोड़

नोचणा क्रि. नोचना, खींचना, खींच खींच कर तोड़ना

नोश सं. (फ़ा.) पु. अमृत, सुधा, आबेहयात, स्वादिष्ट, पेय, पीने वाला जैसे मयनोश

नोश फ़रमावणा, नोशे जां फ़रमावणा सेवन करना, पीना, खाना, खा पी कर आनंद प्राप्त करना

नोशानोश (फ़ा.) स्त्री. खूब पीना और बार बार पीना।

नौ वि. (फ़ा.) नवीन, नया, ताज़ा, हरा भरा, नौ का अंक।

नौ आवाद वि. (फ़ा.) नया बसाया गया, नई तोड़ी गई भूमि।

नौ आबादी सं. (फ़ा.) स्त्री. नया आबाद किया हुआ मुल्क, कालोनी, उपनिवेश।

नौ आमोज़ वि. (फ़ा.) नौसिखिया, अनाड़ी

नौईयत सं. (अ.) स्त्री. प्रकार, किस्म, विशेषता, रूप, स्वरूप

नौउम्र वि. (फ़ा. अ.) अल्पवयस्क, कम उम्र, कमसिन

नौउम्री सं. (फ़ा. अ.) स्त्री. वाल्यावस्था, अल्पवयस्कता, कमसिनी।

नौकर सं. तु. पु. सेवक, दास, चाकर

नौकिर सं. स्त्री. नौकरानी, सेविका

नौगिरिफ़्तार वि. (फ़ा.) जो नया नया फंसा या कैद हुआ हो, जिसने नया नया किसी को दिल दिया हो।

नौजवाँ वि. (फ़ा.) पु. नौजवान, नवयुवक

नौजवान वि. (फ़ा.) नवयुवक

नौजवानी सं. (फ़ा.) स्त्री. युवावस्था, नई जवानी, नव यौवन।

नौ ज़ाइदः वि. (फ़ा.) पु. नवजात, हाल ही में उत्पन्न हुआ।

नौज़ाइदा वि. (फ़ा.) स्त्री. हाल ही में उत्पन्न हुई।

नौनिहाल वि. (फ़ा.) नया पौधा, नौउम्र बालक, बच्चा।

नौनिहालाने चमन बाग़ के नए पौधे, देश के युवा सपूत

नौबत सं. (अ.) स्त्री. बारी, दशा, हालत, स्थिति, शहनाई, नक्कारा

नौबतखाना सं. (अ. फ़ा.) नक्कारखाना

नौबती वि. (अर.) नौबत नवाज़, नक्कारची

न्यां न्याय, इन्साफ़ (विपरीतार्थक कुन्यां)

प

पंघूड़ा पु. पालना, हिंडोला
पंच पु. मैम्बर-पंचायत
पंछी पु. पक्षी
पंज (फ़ा.) वि पांच (५)
पंजर (फ़ा.) पु. ढांचा (अस्थिपंजर)
पंजा पु. उंगलियों समेत हथेली, पांजा, पांच वस्तुओं का समूह
वि. पांच का समूह
पंजाब पु. उत्तरी भारत का एक प्रांत जो पांच नदियों के कारण पंजाब कहलाता है और जिसका दो बार विभाजन हो चुका है—१९४७ में तथा १९६६ ई. में, प्रथम बार आधा पंजाब पाकिस्तान को मिला और दूसरी बार भारतीय पंजाब से हरियाणा अलग प्रांत बना।
पंजाबी वि. पंजाब का निवासी, पंजाब की भाषा
पंजाह, (पं.) **पंझा** वि. पचास (५०)
पंजी (पं.) वि. पच्चीस (२५)
स्त्री. ५ पैसे का सिक्का
पंजेप स्त्री. पाज़ेब, एक आभूषण
पंजेपां स्त्री. ब.व. पाज़ेबें
पंड (पं.) स्त्री. गठड़ी, बोझ
पंद (फ़ा.) स्त्री. नसीहत, सद्परामर्श, हितोपदेश
पंदनामः (फ़ा.) पु. उपदेश-ग्रंथ, उपदेश-पत्र
पंध पु फ़ासिला, दूरी, सफ़र
पंप (अं.) पु. नलका
पंबः (फंबा) फ़ा. पु. रुई, कपास, रुई का फाया, फ़ोड़े पर चिपकाया जाने वाला फाया
पई क्रि. पड़ी, स्त्री. कहीं २० कहीं २५ सेर अनाज नापने का पात्र
पई हे पड़ी है
पई थई यह पड़ी है (मैं तो चला)
पक पु. पता, पक्की सूचना
क्रि. आज्ञा. पक जा, पक्का हो जा
पक करणा क्रि. निश्चित पता लगाना, पूछना
पकड़ स्त्री. पकड़, गिरफ़्त
पकड़, पकिड़ क्रि. पकड़ ले
पकड़णा क्रि. पकड़ना
पकड़वावणा क्रि. प्रेर. पकड़वाना
पकड़ीजणा क्रि.स. पकड़ा जाना
पकड़ धकड़ धरपकड़, गिरफ़्तारियाँ होना या किया जाना
पकरणा, पकिर पवणा समय पर काम आ जाना
पक्का वि.पु. मज़बूत, सुदृढ़, पका हुआ
पक्की वि. स्त्री. पक्का का स्त्रीलिंग
पक्के वि. पु. पक्का का ब.व.
पक्खा पु. पंखा
पक्ख पु. पंख, पक्ष १५ दिन का समय, पखवाड़ा, पंद्रोहाड़ा
पक्खी स्त्री. छोटा पंखा, पु. पक्षी
पखवाड़ा पु. १५ दिन का समय, पक्ष

पग, पग्ग स्त्री. बड़ी पगड़ी, (फ़ा.) अमामा, पाग

पगड़ी स्त्री. पगड़ी

पगला वि.पु. पागल, भोला व्यक्ति

पगली वि. स्त्री. पागल स्त्री., भोली औरत

पग्ग स्त्री. पाग, बड़ी पगड़ी, अमामा

पग्गां स्त्री. ब.व. पगड़ियाँ, अमामे, रस्म पगड़ी

पग्घर, पग्धुर पु. पसीना

पघरणा क्रि. पिघलना

पघारणा पिघलाना

पघिर वञणा पिघल जाना

पधरो पग्धर थीवणा पसीना पसीना होना

पचड़ा पु. झमेला

पचणा, पचवञणा पच जाना, हज़्म हो जाना

पचा वञणा दूसरे का माल हड़प कर जाना, खाया हुआ भोजन पचा जाना

पचा वञ पचा जा

पछां स्त्री. संध्या

पच्छी स्त्री. गन्ने की खोई, गेहूं की नाली की वनी टोकरी

पच्छी पु. पक्षी, पक्खी

पचार स्त्री. रिश्ता, निस्बत, प्रस्ताव

पचार चा वञणा रिश्ते, निस्बत, प्रस्ताव ले कर जाना

पचारीं ब.व. रिश्ते

पचेड़ पवणा शरीर टूटना

पजामा पु. एक परिधान, पाजामा

पट क्रि. आज्ञा. उखाड़, तोड़, काट

पटका पु. पगड़ी

पटकी स्त्री. पगड़ी, मान प्रतिष्ठा

पट खो स्त्री. उखेड़ तुखेड़, उथल पुथल

पट खो करणा मु. उखेड़ तुखेड़ करना

पटडा पु. लकड़ी का पाटा

पटड़ी स्त्री. गले का एक आभूषण, नैकलेस, नहर या रेल की पटड़ी

पटणा क्रि. उखाड़ना, तोड़ना, काटना (कुत्ते का) वि. काटने वाला

—पट घिनणा काट लेना (कुत्ते का)

पटणा पु. पटना, बिहार की राजधानी

पट फलोर स्त्री. उलट पलट, तलाशी

पटीजणा, पटीवणा तोड़ा जाना, उखेड़ा जाना, बहुत धन व्यय करना

पटीज पवणा उखड़ जाना, अत्यधिक व्यय के बोझ के नीचे दब जाना, कुत्ते द्वारा काट लिया जाना

पटीला पु. रहट की गाधी का टेक का फट्टा

पट्टी स्त्री. पट्टी (अं.) बैंडेज

पट्टी बधणा क्रि. पट्टी बांधना, मु. सीधा करना, सुधारना

पट्टी पढ़ावणा मु. सिखाना, मार्ग भ्रष्ट करना

पट्टी वेंदे तोड़े लिए जा रहा है, काटे खाए जा रहा है

पठ क्रि. आज्ञा. भेज

पठणा क्रि. सं. भेजना

पठवावणा क्रि. प्रे. भिजवाना

पठाण पु. पठान

पठाणी स्त्री. पठान की स्त्री
पठेसां मैं भेजूंगा
पठेसी वह भेजेगा
पठेसूं हम भेजेंगे
पठेसो तुम भेजोगे
पठि्यम मैं ने भेजा है
पठि्यस उसने भेजा है
पठ्येसे हम ने भेजा है
पड॒ पु. पाद, अपानवायु, गुदाद्वार से ख़ारिज होने वाली हवा
पड॒णा, पड॒ मारणा क्रि. पाद मारना, वायु निष्कासित करना
पड॒दा बे॒ठे बैठा पाद रहा है
पड़ पटीजणा नींद खुल जाना, आंखों के पाट खुल जाना
पड़ा पु. पड़ाव, रुकने का स्थान
पड़ीजणा क्रि. फटना
पड़ोपी स्त्री. अनाज नापने का १ १/४ सेर नाप का लकड़ी का बना पात्र
पड्ढ वि. आलसी, प्रमादी, सुस्त
पतंग स्त्री. पतंग
पतंगा पु. परवाना
पत स्त्री. शान, शोभा, श्री
पत राहवणा क्रि. शान रह जाना
पत रखणा क्रि. शान बचाना
पता (हिं.) पु. (अं.) एड्रेस, पता
पत्ता (हिं.) पु. पत्र, पत्ता
पत्र पु. पत्ता (सं.) ख़त, चिट्ठी
पतला वि.पु. पतला, क्षीण, दुबला
पतला पानी वि. पानी जैसा पतला
पतली वि. स्त्री. क्षीण, दुबली पतली
पतलून स्त्री. (अं.) पैंट, एक परिधान
पति (सं.) पु. पति, स्वामी, मालिक, ख़ाविंद
पतीला, पतीली बर्तनों के नाम
पधरैण, पुधरैण वि. स्त्री. प्रसव के शीघ्र बाद फिर गाभिन हो जाने वाली गाय
पन्ना पु. काग़ज़ की शीट, वरका
पनाह (फ़ा.) स्त्री. त्राण, शरण, आश्रय
पनाहगाह (फ़ा.) स्त्री. शरणस्थली
पनीर पु. दूध से बना एक पदार्थ
पनीरी स्त्री. पौध, नर्सरी में उगे पौधे
पपीली चींटी
पब्बि॒ण पद्म, कमल
पब्बि॒ण दी टिक्की कमल की टिक्की
पम्प पु. नलका
पयंबर सं. (फ़ा.) पु. ईश-दूत, पैग़म्बर, अवतार।
पयंबरी सं. (फ़ा.) स्त्री. पयंबर या अवतार का पद।
पय, पै सं. पु. पति
पय दा घर पति का घर
पय मरिस एक गाली, उसका पति मरे
पय मरी एक गाली, तेरा पति मरे
पय मुई स्त्री. वह स्त्री जिसका पति मर गया हो
पयादा सं. (फ़ा.) पु. पैदल चलने वाला, पैदल जा जा कर अदालत के सम्मन पहुंचाने वाला
पयाम सं. (फ़ा.) पु. पैग़ाम, संदेश

पर सं. अव्यय पु. पंख, लेकिन, किन्तु
परई वि. स्त्री. बेगानी, पराई
परई तहत रखणा दूसरों के मामले में दख़ल देना
परई बकरी कूं कौन घा सटेंदे बेगानी चीज़ की कौन रक्षा करता है।
परकार सं. स्त्री. दायरा खींचने का यंत्र।
परख स्त्री. पहचान, परीक्षा
परगट वि. प्रकट, प्रत्यक्ष रूप में, सामने
परचणा क्रि. प्रसन्न एवं शांत होना, मन लगना
परचम सं. (फ़ा.) पु. झंडा, पताका, ध्वज
परचावणा क्रि. सांत्वना देना, सहानुभूति व्यक्त करना, मातम पुरसी करना, प्रसन्न करना
परचून वि. फुटकर
परछई सं. स्त्री. परछाईं, साया, छाया
परछत्ती सं. छत के ऊपर एक छोटी छत
परटोटा सं. पु. लकड़ी का बना छोटा थाल
परणावणा क्रि. विवाह कर देना
परणीजणा सक. क्रि. विवाहित हो जाना, ब्याह दिया जाना
परदेस सं. दूसरा देश
परदेसी वि. दूसरे देश का वासी
परनाला सं.पु. छत से पानी बहने की नाली
परनिया वा वि.पु. विवाहित
परनी वी वि. स्त्री. विवाहिता
परवा सं. स्त्री. चिंता
परवा न करणा चिंता न करना, कुछ न समझना
परवान करणा स्वीकार करना
परवान चढ़ना सिरे चढ़ना, सफल होना
परला वि. पु. उस ओर का, उधर का
परलाद सं. पु. प्रहलाद, एक भक्त का नाम, हिरण्यकश्यपु का विष्णुभक्त पुत्र
परली वि. स्त्री. उस ओर की, उधर की
परसन्न वि. प्रसन्न, खुश
परसाद सं. पु. प्रसाद
परस्त वि. (फ़ा.) पुजारी, परस्तिश करने वाला
परस्तिश सं. (फ़ा.) स्त्री. पूजा, आराधना
परस्ती सं. (फ़ा.) पु. स्त्री. पूजा, आराधना यथा बुतपरस्ती, वतनपरस्ती
परहेज़ सं. (फ़ा.) पु. अलग रहना, घृणा, संयम, निषेध, पथ्य
परहेज़गार वि. (फ़ा.) संयमी, पथ्य रखने वाला
परहेज़गारी सं. फ़ा. सं. संयम, निषेध
परा सं. स्त्री. प्रभात, पौ, सवेरा
परां ते परे, दूर
परांठा पु. **परांठी** स्त्री. परौंठा, परौंठी
पराण सं. पु. प्राण, जान, जीवन
पराण पीवणा जान खाना, जान खाने वाला
पराणी प्राणी
परा फुटणा पौ फटना, सवेरा होना, प्रभात होना
पराया वि. पु. बेगाना, दूसरे का
परायी वि. स्त्री. बेगानी, दूसरे की
पराली सं. स्त्री. धान के पौधे का तना
परिंद, परिंदा सं. (फ़ा.) पु. पक्षी, खग, विहग

परी सं. (फ़ा.) स्त्री. परम सुंदरी, अप्सरा
परूं क्रि. वि. दूर से
परूं ते क्रि.वि. दूर
परूं ते सटिस दूर फैंक उसको
परूण पु. छलनी
परूथा वि.पु. बासी
—परूथा भत्त बासी भात, जिस बात का समय निकल गया हो
—परूथा साग बासी साग
परूथी वि. स्त्री. बासी (रोटी)
परे वि. दूर
परेत पु. प्रेत, मृतक
परेत औत्रा प्रेत कहीं का
परे थी दूर हो
परे भुका दूर फैंक
परे भुकावणा दूर फैंकना
परे भुकासट दूर फैंक दे
परे मर दूर जा कर मर
परेशान, पिरोशान वि. (फ़ा.) अस्त व्यस्त, दुखी, व्यथित
परेशानी, पिरोशानी (फ़ा.) स्त्री. दुख, अस्तव्यस्तता, व्यथा
परोभरा, परोभरी वि. दूरस्थ, दूरवर्ती
पर्चम (फ़ा.) पु. परचम, झंडा, पताका
पर्चा पु. काग़ज़ का पुर्ज़ा, दस्ती, चिट्ठी, प्रश्न-पत्र
पर्ची स्त्री. काग़ज़ का पुर्ज़ा, रसीद
पर्दा (फ़ा.) पु. ओट, आड़, नकाब, घूंघट
पर्दादरी (फ़ा.) स्त्री. दोष प्रकट करना, रहस्य उद्घाटित करना
पर्दादार वि. (फ़ा.) पर्दे में रहने वाला या वाली
पर्दादारी (फ़ा.) स्त्री. पर्दा रखना, किसी के दोष छिपाना
पर्दानशीन, पर्दानशीं वि. (फ़ा.) पर्दे में रहने वाली स्त्री.
पर्ना (पं) पु. अंगोछा, साफ़ा
पर्वर वि. (फ़ा.) पालन करने वाला
पर्वरिश (फ़ा.) स्त्री. पालन पोषण
पर्वर दिगार (फ़ा.) पु. पालनहार, ईश्वर
पर्वा (फ़ा.) स्त्री. चिंता
पर्वार पु. परिवार
पल पु. क्षण
पलंग स्त्री. (सं.) पर्यङ्क, बड़ी खाट
पलक स्त्री. नयनपट
पलक झपकणा पलक झपकना
पलट सलट स्त्री. उलट पलट, फेर बदल
पलाण पु. पालान, गधे या टट्टू की पीठ पर डालने का टाट
पलाल पु. छल छद्म, धोखाफ़रेब, लल्लो चप्पो
पलाल कुटणा मु. प्रपंच रचना, धोखा करना, लल्लो चप्पो करना
पलास (अं.) चीज़ों को पकड़ने का एक यंत्र
पलीत पलीद, अपवित्र, भ्रष्ट
पलूता पु. गाली, शाप
पलेंदी रह ग्युम मैं पालन करती रही
पल्ली स्त्री. चने के पौधे की कौंपल
पल्लो पु. झोली
पल्लो झलणा मु. झोली फैलाना

पल्लो भरीज़णा मु. झोली भर जाना, आस मुराद पूरी हो जाना

पवे जंग ते ड॒ेखां रंग अखा. दूसरों को लड़ते देख कर ख़ुश होना

पवे सिर इच अखा. जाए भाड़ में

पशम पु. (फ़ा.) पश्म, ऊन

पश्मीना पु. कश्मीर में बना बढ़िया मुलायम और मज़बूत ऊनी कपड़ा

पस (फ़ा.) अव्यय पीछे, अत:, इसलिए

पस (अं.) स्त्री. पीप

पस पै वञणा (घाव में) पीप पड़ जाना

पसंद (फ़ा.) स्त्री. रुचि, इच्छा, स्वीकृति, वि. पसंद करने वाला यथा हकपसंद, दहशतपसंद

पसंदीदा (फ़ा.) वि. पसंद किया हुआ, रुचि अनुकूल, अच्छा लगने वाला

पसंद आवणा अच्छा लगना, रुचिकर होना

पसपा (फ़ा.) पीछे हटा हुआ, पराजित

पसपाई (फ़ा.) स्त्री. पराजय, पीछे हटने की क्रिया

पसमांदा (फ़ा.) वि. बचे हुए, मृतक के बाद बचे हुए परिजन

पसमांदगान ब.व. परिवार में बचे हुए लोग, पीछे रह गए लोग

पसीजणा पिघलना (दया से)

पसे-पर्दा (फ़ा.) पर्दे के पीछे

पस्त वि (फ़ा.) नीचा, लघु, छोटा, नीच, गिरा हुआ

पस्तहिम्मत (फ़ा.) वि. निरुत्साहित

पस्ती (फ़ा.) स्त्री. निचाई, गिरावट

पह क्रि. आज्ञा. घुस

—पह वञ घुस जा

पहर पु. प्रहर, ३ घंटे का समय

पहल सर्वप्रथम प्रयास

पहलवान (फ़ा.) मल्ल, कुश्ती करने वाला

पहलवानी (फ़ा.) पु. कुश्ती लड़ने की कला

पहलू (फ़ा.) पु. पार्श्व, बग़ल, कोख, ओर, पसली

पहलूं क्रि.वि. पहले, पहले से

पहलूं दा पहले का

पहाका पु. मुहावरा

पहाके पु. ब.व. मुहावरे

पहाज स्त्री. सौत, सपत्नी, सौकिन

पहाजीं स्त्री. ब.व. सौतें, सपत्नियाँ, सौकिनें

पहाड़ पु. पर्वत

—पहाड़ें ते पर्वतों पर

पहाड़ा पु. पहाड़ा (एक दूणी दूणी दो दूणी चार)

—पहाड़े पु. ब.व. पहाड़े

पहाड़ी स्त्री. छोटा पर्वत, वि. पर्वत पर रहने वाला, पर्वतीय

पा पु. पाव, एक सेर का १/४

पा क्रि. आज्ञा. पहन, डाल

—पा चा पहन ले

—पा घिन पहन ले, डाल ले

पाएदार (फ़ा.) वि. दृढ़, मज़बूत, स्थायी

पाक पु. पाकिस्तान

वि. पवित्र, शुद्ध, ख़ालिस, निर्दोष, निर्लिप्त

पाकदामन (फ़ा.) वि. सदाचारी पुरुष, सती साध्वी स्त्री, जिसके आंचल में दाग न हो

पाकनियत (फ़ा.) वि. सदाशय व्यक्ति, नेकदिल इंसान, शुद नियत वाला

पाकबाज़ (फ़ा.) वि. सदाचारी, शुद्ध आचरण वाला

पाकीज़ा (फ़ा.) शुद्ध, पवित्र

पाकीज़गी (फ़ा.) स्त्री. शुद्धता, पवित्रता

पाख़ाना (फ़ा.) पु. शौचालय

पाट पु. नदी का फैलाव

पाटा पु. बंदर

पाटी स्त्री. बंदरी (अं.) पार्टी

पाटे पु. ब.व. बहुत से बंदर

पाटे वांगू, पाटे आली कार बंदर की तरह

पाटे खां पु.वि. बलवान या शक्तिशाली व्यक्ति

पाठ (सं.) पु. पाठ, (फ़ा.) सबक, पार्ट, नाटक के संवाद

पाठशाला (सं.) स्त्री. विद्यालय

पाड़ क्रि. फाड़, (हरि.) उखेड़, स्त्री. जड़, सेंध

—पाड़ पटीजणा मु. जड़ उखड़ना, नाश होना

—पाड़ पटीजी तेरा नाश हो

—पाड़ पटीजिस उस का नाश हो

—पाड़ पटीजवे तुम सब का नाश हो

पाड़ लावणा मु. सेंध लगाना

पाड़छा पु. रहट का वह पात्र जिसमें पानी लोटों से गिरता है

पाण स्त्री. आग में तपाकर पानी में ठंडा करने की क्रिया

पाण ड्रेवणा क्रि. आग में तपाकर पानी में ठंडा करना

पाणी पु. पानी, जल, वारि, नीर

—पाणी इच मँधाणी मारणा मु. पानी बिलोना, व्यर्थ का विवाद करना, व्यर्थ का परिश्रम करना

—पाणी बधणा क्रि. खेत को सींचने के लिए नाका लगाना

—पाणी पाणी करणा मु. शर्मिन्दा करना

—पाणी पाणी थीवणा मु. शर्मिन्दा होना

पाणीपत पु. पानीपत, एक प्रसिद्ध ऐतिहासिक नगर, हरियाणा का हथकरघा उद्योग का प्रसिद्ध केन्द्र, यहीं हज़रत बू अलीशाह कलंदर का मज़ार है और यही 'हाली' पानीपती का जन्मस्थान है। यहाँ उर्दू के और बहुत से शायर हुए हैं जैसे रोशन, आफ़ताब, साबिर, अख़गर, कुमार, शरर, गर्मा आदि। यहीं १५२६, १५५६ तथा १७६१ में तीन प्रसिद्ध लड़ाइयां हुईं हैं।

पाणीपात पु. खाना पीना

पाता (पावणा का भू.का.) पहना, डाला, पाया

पाता वा वि.पु. पहना हुआ, पाया हुआ

पाती? क्या तू ने पहना है? क्या तू ने डाला है, क्या तू ने पहनी है? क्या तूने डाली है?

पाती पाता का स्त्रीलिंग, डाली, पहनी, पाई

पात्र (सं.) वि. योग, अधिकारी

पात्री स्त्री. लकड़ी का बना थाल

पाथी (पं.) स्त्री. हाथ से पाथ कर सुखाया हुआ गोबर का उपला (हरि.) करसी

पांद पु. सिरा, गन्ने का अग्रभाग
पादशाह (पं.) पु. बादशाह, राजा, नरेश
पाधा पु. पंडा
पांधी पु. पथिक, राही
पान पु पान, एक प्रसिद्ध पत्ता जो कत्था चूना लगा कर खाया जाता है, ताश के पत्तों का एक वर्ग
पाना पु. छैनी
पापा (अं.) पु. पिता, बाप, जनक
पापड़ी स्त्री. पापड़ी, छोटी पतली तली हुई फुलकी जो गोलगप्पे वाले बेचते हैं
पापुड़, पापड़ पु. पापड़
पाबंद (फ़ा.) वि. बंदी, विवश, बंधा हुआ, लाचार, नियम पालक
पाबंदी (फ़ा.) स्त्री. बंधन, समयानुसार काम करने की वृत्ति
पा<u>बी</u> स्त्री. ककड़ी
पा<u>बी</u> वांगू ककड़ी की तरह पतला लम्बा व्यक्ति या पतली लम्बी महिला
पाबोसी (फ़ा.) स्त्री. (सं) पादचुम्बन, चरण चूमना, श्रद्धेय केप्रति श्रद्धा व्यक्त करना
पामाल (फ़ा.) वि. पददलित, दुर्दशाग्रस्त, कुचला हुआ
पामाली (फ़ा.) स्त्री. पददलितता, दुर्दशा, कुचले होने की दशा
पार पार
पारसा (फ़ा.) वि. संयमी, परहेज़गार मद्यपान आदि न करने वाला
पारसाई (फ़ा.) स्त्री. संयम, परहेज़गारी
पार्हा, पार्हा <u>ड</u>ेवणा पहरा, चौकीदारी, चौकीदारी करना
पावा पु. चारपाई का पाया, ब.व. पावे
पास वि. निकट, अधिकार में, पु. लिहाज़, संकोच
पासंग पु. तराज़ू के पलड़ों की असमता
पासंग न होवणा मु. किसी की तुलना में बहुत तुच्छ होना
पासा पु. तरफ़, पक्ष, पार्श्व, पहलू
पांसा पु. गोट
—पांसा पलटणा मु. बाज़ी पलटना, हार से जीत या जीत से हार की ओर जाना
—पासे खेड़णा मु. जुआ खेलना
—पासे भनणा मु. खूब पीटना, पीट पीट कर हड्डियां तोड़ डालना
—पासे भनीजणा मु. ज़ोर की पिटाई के कारण हड्डियां टूट जाना
पिंड पु. (सं.) पेड़ा (पं.) गाँव, स्त्री. खजूर (पिंड लूणी= नमक से रसाई गई खजूर), पिंड चीरवीं, कत्तल पिंड
पिंड भरवावणा मु. मृतक की शांति के लिए पंडों द्वारा कराई जाने वाली एक क्रिया
पिंडी सं. पिंडली, पेड़ी
पिंडूं स्त्री. ब.व. खजूरें
पिंजर पु. पंजर, अस्थिपंजर
पिञरा पु. पिंजरा
पिउ, प्यू पु. पिता
पिच, पिछ स्त्री. चावलों की मांडी, देर
पिचकारी स्त्री. रंग डालने की पिचकारी
पिछ पवणा देर हो जाना
पिछला वि.पु. बीता हुआ, पीछे वाला

पिछली वि. स्त्री. पीछे वाली
पिछवाड़ा वि. मकान का पिछला भाग
पिछवाड़े वि. पिछावड़े, मकान के पीछे
पिछां वि. पीछे
पिछां ते क्रि.वि. पीछे की ओर
पिछां नू हट पीछे को हट
पिछाड़ी सं. स्त्री. पुश्त, वंश, खानदान, पिछवाड़े
पिछावड़े (पिछवाड़े) वि. मकान के पीछे की ओर
पिछूं वि. पीछे से
पिछे वि. पीछे, बाद में
पिछें वि. बाद में, फिर, देर से, पीछे से
पिछ्यग वि. सौतेली संतान-एक ही पिता किंतु भिन्न माताओं की संतानें
पिञणा क्रि. पीटना, धुनना (रुई का)
पिञण सं. धुनने का यंत्र, धुनकी
पिञण वाला सं.पु. धुनिया
पिञ (पिञणा का आज्ञा.) पीट, धुन (रुई को)
पिञई सं. स्त्री. पिटाई, धुनाई, धुनने की उजरत
पिञ घतणा बुरी तरह पीट डालना
पिञ घत्यिस उसने मुझे बुरी तरह पीट डाला है
पिञ घत्तिस उसे बुरी तरह पीट डाल
पिञरा सं. पु. पिंजरा
पिट सं. स्त्री. बददुआ, श्राप, शाप
पिट (पिटणा का आज्ञा.) रो पीट, छाती कूट कूट कर रो
पिटणा क्रि. रोना पीटना
पिट पलूत सं. स्त्री. गाली गलोच, बद्दुआ
पिट पवणा विपत्ति पड़ना, शाप लगना
पिट पविस उस पर विपत्ति पड़े, वह नष्ट हो, उसे शाप लगे
पिटीजणा सक.क्रि. रोया जाना
पिट्टूं स्त्री. बददुआएँ, श्राप
पिट्टूं कढणा बददुआएँ देना, श्राप देना
पिड़ कौडी सं. स्त्री. कबड्डी जैसा एक खेल
पिड़ सं. पु. खलिहान, रहट का बैलों का वृत्ताकार मार्ग, चाँद का हाला
पिड़ पवणा पल्ले पड़ना
पिढ़ई सं. स्त्री. तेल निकलवाने की क्रिया तथा उजरत या पारिश्रमिक
पितंदर सं.पु. सौतेला बाप
पित सं. स्त्री. घाम, शरीर पर लाल लाल दाने निकलना
पितरेर, पितरेरा सं. चचेरी बहन, चचेरा भाई
पितरोरा पु. पति का चाचा या ताया
पित्र्यस सं. स्त्री. पति की चाची या ताई
पिता सं. पु. जनक, बाप
पिदणा क्रि. गेंद के खेल में भागते रहना
पिदर सं. (फ़ा.) पु. पिता, जनक
पिदरी वि. (फ़ा.) स्त्री. बाप की, पैतृक
पिद्दी सं. पु. एक पक्षी
पिदैसे ख़ूब भगाया है
पिन (पिनणा का आज्ञा.) मांग, भीख मांग, पड़े हैं

पिनणा क्रि. भीख मांगना

पिनदा वदे मांगता फिर रहा है

पिन्ना सं पु. बंडल, गोला (सूतली या बाण का) सूजा हुआ फोड़ा

पिन्नियाँ सं. ब.व. स्त्री. पेड़ियाँ, पिंडलियाँ

पिन्नी सं. स्त्री. पेड़ी, एक मिठाई, टांग की पिंडली

पिपली सं. स्त्री. पलक, आँख की पलकों के बाल

पिप्प सं. स्त्री. पीपल का फल, कलेजा

पिप्पिल सं पु. पीपल का वृक्ष

पिप्पू ठरणा कलेजे में ठंडक पड़ना

पिप्पणी सं. स्त्री. भृकुटि, भौं

पियादा सं. पु. पयादा, पैदल चलने वाला

पियारा वि.पु. प्यारा, प्रिय

पियाला सं.पु. कप, चषक, कटोरा, जाम

पियाली सं. स्त्री. कप, छोटा कटोरा, चषक

पिरेशान, पिरोशान वि. परेशान, व्यथित, दुखी

पिवा प्रेर. क्रि. पिला

पिश पिश बिल्ली को बुलाने की ध्वनि

पिशे पिशे बिल्ली को भगाने की ध्वनि

पिसर सं. (फ़ा.) पु. पुत्र, बेटा, आत्मज

पिसरान सं. (फ़ा.) ब.व. पिसर का ब.व., बेटे

पिस्ता सं.पु. एक प्रसिद्ध मेवा

पिहूं सं. पिस्सू, एक कीड़ा

पींघ सं. स्त्री. पींग, धनुष, झूला, धनक

पींघ पवणा इंद्र धनुष का दिखाई देना

पींघां पावणा झूले डालना

पींघा, पंघूड़ा सं. पु. झूला, पालना, पंघूड़ा (अं. क्रैडल)

पी (पीवणा का प्रेर. या आज्ञा.) पान कर (क्रि)

पीच वि. सिंचित होने वाली भूमि, आज्ञा. सिंचित हो

पीच गिया सिंचित हो चुका

पीचणा क्रि. सिंचित होना

पीछा वि.पु. पीछा, पिछला भाग

पीठा, पीठा वा वि.पु. पिसा हुआ

पीठी सिल बट्टे पर पिसी हुई दाल

पीड़ सं. स्त्री. दर्द, वेदना, पीड़ा

पीढ़ा सं. पु. मूढ़ा, खटोला, स्टूल

पीढ़ी सं. स्त्री. छोटा मूढ़ा, स्टूल, खटोली, संतान, संतति

पीता वि.पु. पीया गया

पीनक सं. स्त्री. नशा, ओंघाई

पीप सं. स्त्री. घाव से बहने वाला गाढ़ा मवाद, पस

पीपा सं. पु. कनस्तर

पीर सं. पु. पूज्य संत, फ़कीर, पीड़ा होशियार व्यक्ति, वयोवृद्ध, धर्मगुरु, मुर्शिद

पीरज़ादा सं. पु. पीर का पुत्र, धर्मगुरु का बेटा

पीर सई गुरु महराज

पीर साल वयोवृद्ध, बूढ़ा

पीरी सं. स्त्री. बुढ़ापा, फ़कीरी

पीरें दा पुर बहुत चालाक व्यक्ति

पील पावा सं. पु. शहतीर को सहारा देने के लिए लगाया गया खम्भा

पीला वि.पु. पीत वर्ण
पीलवण सं. स्त्री. पीलिमा
पील्ह पील्हूं स्त्री. ज़ाल के वृक्ष के पके मीठे फल
पीवणा क्रि. पीना
पीवण दा भड़ पु. पीने का रसिया
पीह (पीहवणा का आज्ञा.) पीस
पीहवणा क्रि. पीसना
पुक्खा पु. हिस्सा, भाग
पुख़्ता वि. पक्का, स्थायी
पुख़्तगी सं. पक्कापन
पुगणा क्रि. जीतना, समर्थ होना
पुग वञणा जीत जाना
पुग सगणा जीत सकना, कोई कार्य कर अथवा भार सह सकना
पुंगरणा क्रि. विकसित होना
पुआँदी सं. स्त्री. पाँयती, चारपाई के पैरों की ओर
पुग्गा डंदी वि. पूरे ८ दांतों वाला पशु, लगभग ६ वर्ष का पशु
पुगावणा पूरा करना
पुचकारणा क्रि. चुमकारना
पुच्छ सं., क्रि. आज्ञा. पूछ, स्त्री. पूंछ
पुच्छणा क्रि. पूछना
पुच्छ गुच्छ सं. स्त्री. जाँच पड़ताल, इन्क्वाइरी, पूछताछ
पुच्छ पड़ताल सं. स्त्री. जाँच पड़ताल, इन्क्वाइरी
पुच्छल वि. पूंछ वाला
पुच्छल तारा सं. धूमकेतु
पुज (पुजणा का आज्ञा) पहुँच, पूरा हो या पूरी हो
पुजणा क्रि. पहुँचना, पूरा होना
पुज पवणा पहुँच जाना, आशा का पूरा होना
पुञ सं. पु. पुण्य
पुट क्रि. आज्ञा. (पं.) खोद, उखाड़
पुटणा क्रि. (पं.) खोदना, उखाड़ना
पुट्ठा वि.पु. उलटा
पुट्ठी वि. स्त्री. उलटी, विपरीत
पुट्ठीमत स्त्री. उलटी बुद्धि
पुट्ठी मत वाला पु. उलटी बुद्धि वाला व्यक्ति
पुठ सं. स्त्री. पृष्ठभाग, पीठ, पिछली ओर (कागल दी पुठ ते लिख चा)
पुड़ सं.पु. चक्की का पाट
पुड़सांगी (पुरसांगी) सं. स्त्री. सीढ़ी
पुड चुभ
पुडणा क्रि. चुभना वि. चुभने वाले
पुड पे चुभ गया है
पुड पौसा तुझे चुभ जाएगा
पुण (पुणणा का आज्ञा.) निंदा कर, कोस, छान (कपड़े में)
पुणई सं. स्त्री. बुराई, निंदा
पुणणा क्रि. कोसना, निंदा करना, गाली देना, छानना (कपड़े में)
पुण के पीवणा पानी आदि का छान कर पीना, सावधानी बरतना
पुणदी बेठी हे बैठी कोस रही है
पुत सं. पु. (पं.) पुत्र, सुत, तनय, आत्मज
पुतला सं. पु. प्रतिमा, मूर्ति
पुतली सं. स्त्री. प्रतिमा, मूर्ति

पुत्तर, पुत्तुर सं. पु. (पं.) पुत्र, पूत, बेटा, तनय, आत्मज

पुत्र सं. सं. पु. सुत, बेटा, आत्मज

पुत्र अगुहें ते डुख पिछू हें बेटे बड़े होते हैं तो कष्ट दूर होते जाते हैं

पुत्र विहाया ते ग्या रुपया तुड़ाया तेग्या अखा. विवाह होते ही बेटा हाथ से निकल जाता है जैसे खुला कराते ही रुपया खर्च हो जाता है

पुत्री सं. सं. स्त्री. सुता, बेटी, आत्मजा, कन्या

पुत्री पाठशाला सं. कन्या विद्यालय, गर्ल्ज़ स्कूल

पुत्रेता वि.पु. पुत्र-पक्ष या वर पक्ष का

पुत्रेती वि. पु. पुत्र-पक्ष या वर पक्ष की

पुत्रेते वि.पु. पुत्र-पक्ष या वर-पक्ष के

पुत्रेला सं.पु. गोद लिया हुआ बच्चा, मुतबन्ना (फ़ा.)

पुनणा क्रि. छानना, पहुंचना

पुन्ना क्रि. भू.का. रूप पहुंचा

पुन्नूं पु. पंजाब की एक प्रेमकथा का नायक, सस्सी का प्रेमी

पुर वि. (फ़ा.) भरा हुआ, भरपूर, नगर

पुर अम्न वि. शांतिपूर्ण

पुरअसर वि. प्रभावशाली

पुरख़तर वि. भयानक, ख़तरनाक

पुरखे वि. पूर्वज, पूर्व पुरुष, बज़ुर्ग

पुरज़ोर वि. ज़ोरदार

पुरदर्द वि. दर्दनाक, पीड़ापूर्ण

पुरनूर वि. आलोकपूर्ण, आभायुक्त

पुरसांग वि. स्त्री. बड़ी और भारी सीढ़ी

पुरसांगी (पुड़सांगी) सं. स्त्री. सीढ़ी (लकड़ी) या बांस की बनी हुई

पुरहैत वि. स्त्री. पोरह्या या मेहनत मज़दूरी करने वाली

पुराण सं. स्त्री. पुरानी बड़ी नहर, पुराण ग्रंथ

पुराणा वि. पु. पुरातन, प्राचीन

पुराणी वि. स्त्री. पुरातन, प्राचीन वस्तु

पुराफ़ सं. स्त्री. ४ वर्षीय ऊंटनी

पुरीजणा सक. क्रि. गड़ जाना, गाड़ दिया जाना

पुरीज मरणा गड़ कर मर जाना

पुर्सिश सं. (फ़ा.) स्त्री. पूछताछ, जाँच पड़ताल

पुलिया (हरि.) स्त्री. छोटी पुल, छोटा सेतु

पुलियाणी स्त्री. पौल्ही की पत्नी, जुलाहिन

पुवीजणा, पुवीजवञणा (सकर्मक रूप) पिरोया जाना

पुवीज वेंदिन पिरोए जाते हैं

पुश्त सं. (फ़ा.) स्त्री. पीठ, पीढ़ी, नस्ल

पुश्ता पु. बांध, दीवार की जड़ में लगी मिट्टी

पुश्तपनाही सं. स्त्री. मदद, सहायता, पीठ ठोंकना

पुश्तैनी वि. फ़ा. पु. पैतृक, पीढ़ियों से चला आ रहा

पुस वञणा भीग जाना (ॿाल दा चोला पुस गे)

पुसा (पुसावणा का आज्ञा.) भिगो, गीला कर

पुसणां क्रि. भीगना

पुसावणा क्रि. भिगोना

पुस्तक सं. (सं.) स्त्री. किताब, ग्रंथ

पुस्या वा वि. भीगा हुआ, गीला

पुस्सी सं. स्त्री. करींह के पेड़ का फूल, माथे पर रखी जाने वाली गीली पट्टी, भीगी, गीली

पुस्सी करणा ज्वर से तपते व्यक्ति के माथे पर गीली पट्टी रखना

पुस्सी वी वि. भीगी हुई, गीली

पूछ सं. स्त्री. महत्त्व, सुधसँभाल

पूछड़ सं. स्त्री. पूंछ, लम्बी पूंछ

पूज आज्ञा., वि. पूजा कर, अदा कर, पूज्य

पूजा सं. सं. स्त्री. अर्चना

पूंझ (पूंझणा का आज्ञा.) पोंछ, मिटा, साफ़ कर

पूंझणा क्रि. पोंछना, मिटाना, साफ़ करना

पूणा सं. पु. हलवाई के काम का एक उपकरण

पूणी सं. स्त्री. रुई की पूनी

पूत सं. पु. पुत्र, सुत, तनय, आत्मज

पूदणा सं. पु. पुदीना

पूर क्रि. गाड़

पूरणा क्रि. धरती में गाड़ना, सं. पु. चंगीटा

पूर सटणा गाड़ डालना

पूर सट गाड़ डाल

पूरणें पावणा लिखना सिखाने के लिए अधसूखी तख़्ती पर लिखकर देना, चंगीटे डालना

पूरला सं.पु. पुर्बला, पूर्व जन्म का वैर

पूरा वि.पु. सारा, समग्र

पूरी सं. स्त्री. पूरी कचोरी, सारी

पूला सं.पु. गट्ठड़

पूली सं. स्त्री. बाजरे-ज्वार की पूली

पेका सं., वि. पु. मैका, मैके का

पेका घर मैके (मायके) का घर, माता-पिता का घर

पेक्यें मुई एक गाली—जिसके मैके वाले मर गए हों

पेच सं. (फ़ा.) पु. घुमाव, चक्कर, वल, एक पुर्ज़ा

पेचकस सं. (फ़ा.) पु. पेच खोलने और कसने का यंत्र

पेच दर पेच वि. पेच के अंदर पेच, पेचीदा, जटिल

पेचदार वि. (फ़ा.) जटिल, पेचीदा, उलझा हुआ

पेचा सं. पु. उलझाव, पतंगों का लड़ना

पेचिश सं. फ़ा. स्त्री. आंतों की ख़राबी से उत्पन्न एक रोग जिसमें पेट में मरोड़ पड़ते हैं और मल में आँव तथा रक्त आता है।

पेचीदा वि. (फ़ा.) पु. जटिल, कठिन, पेचदार, उलझा हुआ

पेचीदगी सं. (फ़ा.) स्त्री. जटिलता, कठिनता, उलझाव

पेट सं. हिं. पु. उदर

पेट दी न पुठ दी अल्लाह डित्ती लुटदी अखा. बेगानी चीज़ जो बिना परिश्रम के मिल जाए

पेट न पइयाँ रोट्याँ ते सभे गाल्हीं खोट्यां पहले पेट पूजा पीछे काम दूजा

पेट घरोड़ी वि. अंतिम संतान

पेठा सं. क्रि. पु. एक तरकारी, सीताफल, क्रि. घुसा

पेठा वा वि. घुसा हुआ

पेठे दी मिठई एक मिठाई

पेड़ा सं. पु. पिंड, आटे का गोला, खोये की एक मिठाई

पेड़ी सं. स्त्री. छोटी पिंडी

पेमटी वि. (पेमटी बेर) पेवंदी (पेवंदी बेर)

पेर सं. पु. पैर, पाँव

पेरा सं. पु. पैरों का निशान

पेरा चावणा पैरों के निशान देखकर ढूंढना

पेरो आढी वि.पु. पैरों के निशानों से चोरों को ढूंढ निकालने में निपुण व्यक्ति।

पेवे पु. बिनोले, पड़ा है (डेखो, ढै पेवे)

पेवे थ्या क्रि. पड़ा हुआ हैं

पेश (फ़ा.) वि. प्रस्तुत, उपस्थित, आगे

—पेश आवणा मु. पेश आना, किए कर्म आगे आना

—पेश थीवणा मु. अदालत में उपस्थित होना

पेशकदमी (फ़ा.) स्त्री. पहल, आगे बढ़ना

पेशकश (फ़ा.) स्त्री. भेंट, उपहार, नज़राना, प्रस्ताव

पेशगी (फ़ा.) स्त्री. अग्रिम (अं.) एडवांस

पेशतर (फ़ा.) पहले, पूर्व

पेशा (फ़ा.)पु. व्यवसाय, धंधा, उद्योग, आजीविका का साधन

पेशा करणा मु. वेश्या वृत्ति अपनाना

पेशानी (फ़ा.) स्त्री. ललाट, भाल, माथा, मस्तक, भाग्य

पेशाब (फ़ा.) पु. मूत्र, मूत, प्रस्त्राव

पेशी (फ़ा.) स्त्री. मुकदमें में पेश होना, पेश होने की तारीख़, संध्या समय, सांझ

पेशीनगो (फ़ा.) वि. भविष्य-वक्ता

पेशीनगोई (फ़ा.) स्त्री. भविष्य-वाणी, आगे की बात बताने का गुण

पेशेनज़र (फ़ा.) वि. दृष्टिगत, ध्यान में, नज़र के सामने

पै पु. पति क्रि. गिर पड़ (ढै पै)

—पै मुई वि. स्त्री. विधवा, रांड, एक गाली—तेरा पति मरे

पैग़ाम (फ़ा.) पु. पयाम, सन्देश

पैग़ाम्बर (फ़ा.) वि.पु. पैग़म्बर, पयम्बर, संदेश वाहक, ईशदूत

पैग़ाम्बरी (फ़ा.) स्त्री. पैग़म्बरी, पयम्बरी, ईशदूतत्व

पैठा पु. पेठा, शीताफल, एक तरकारी

पैठे दी मिठई स्त्री. पैठे की मिठाई

पैदा (फ़ा.) वि. उत्पन्न

—पैदा करणा उत्पन्न करना

—पैदा थीवणा उत्पन्न होना

—पैदा थ्यावा उत्पन्न हुआ हुआ

—पैदा थई वई उत्पन्न हुई हुई

पैदाइश (फ़ा.) स्त्री. उत्पत्ति

पैदाइशी (फ़ा.) स्त्री. वि. जन्मजात

पैदावार स्त्री. उपज

पैमाइश (फ़ा.) स्त्री. माप, लम्बाई चौड़ाई

पैरवी (फ़ा.) स्त्री. अनुसरण, मुकदमे की पैरोकारी

पैसा पु. तांबे का सिक्का, धन-दौलत

पैसा–टका पु. धन-दौलत

पैसे वाला वि. धनी व्यक्ति, धनाड्य, धनवान

पो क्रि. आज्ञा. सूत्र में पिरो, मोतियों या फूलों को धागे में पिरो

पोखर पु. पुष्कर, तालाब, पोखरदास— व्यक्ति का नाम

पोचा, पोछा पु. फ़र्श पोंछने का गीला कपड़ा

पोठी पु. सवारी के काम आने वाला बैल

पोड़, पोड़ डे क्रि. आज्ञा. चुभो, चुभो दे

पोड़णा क्रि. चुभोना

पोड़ी वेंदे चुभोता जा रहा है

लोंहदा सिकदा वि. बहुत थोड़ा सा, कृपणता पूर्वक दिया हुआ

लोंहदी सिक्दी वि. स्त्री. बहुत थोड़ी सी चीज़, कृपणता पूर्वक दी गई चीज़

लोहवणा तरसना, अतृप्त होना

लोहा पु. एक धातु, लौह

लोहार वि. पु. लोहे का सामान बनाने वाला

लोहारिण वि. स्त्री. लोहार की स्त्री

लौ स्त्री. दीप की लौ, ध्यान, लगन, प्रेम

लौ लगणा मु. लगन लगना, प्रेम हो जाना

लौंग पु. (सं.) लवंग, एक औषधि या मसाला, नाक का एक गहना

लौर मारणा, लवरी मारणा मु. व्यर्थ बकवास करना, व्यर्थ बोलते जाना

व

वंग स्त्री. ए.व. कांच की चूड़ी

वंगा पु. ए.व. खीरे खरबूज़े की जाति का एक फल, ब.व. वंगे

वंगां स्त्री. ब.व. चूड़ियां

वंड क्रि. आज्ञा. बांट, हिस्से कर, स्त्री. विभाजन, बँटवारा

वंड काणी वि. विषम विभाजन

वंड के खावणा बांट कर खाना

वंडणा क्रि. स. बांटना

वंडारा पु. बँटवारा

वंडी पावणा मु. अलगाव पैदा करना

वंद वि.पु. वाला

वंस पु. वंश, कुल, ख़ानदान

वख (पं.) वि. अलग, पृथक्, जुदा

वखरा (पं.) वि. अलग, भिन्न, जुदा

वखी स्त्री. कोख

वग क्रि. आज्ञा. बह, चल

वगणा क्रि. बहना, चलना (नहर का)

वग पे चल पड़ा है

वग रख चलता रह

वगदा पे चल रहा है (कुआं, पानी)

वगदा राहवणा बहते रहना

वगदा लगा वञणा बहता चला जाना

वग वेसी चला जाएगा

वग वेसूं हम चले जाएँ गे

वग वेसो तुम चले जाओगे

वच्छा पु. बछड़ा

वच्छी स्त्री. ए.व. बछड़ी
वच्छ्यां स्त्री. ब.व. बछड़ियां
वच्छे पु. ब.व. बछड़े
वछेरा पु. घोड़े का बच्चा
वज क्रि. आज्ञा. बज
वजणा क्रि. बजना
वज वजा के गाजे बाजे के साथ
वजा क्रि. आज्ञा. बजा
वजावणा क्रि. स. बजाना
वज़ीफ़ा पु. छात्रवृत्ति
वञा स्त्री. वजह, कारण
वञ क्रि. आज्ञा. जा
वञणा क्रि. जाना
वञण सेती जाते ही
वञणा पौंदे जाना पड़ता है
वञणा पवे जाना पड़े
वञणा पौसी जाना पड़ेगा
वञावणा क्रि. सं. गँवाना
वञा बाहवणा गँवा बैठना
वञा बेठूं हम गँवा बैठे हैं
वञा बेठिन वे गँवा बैठे हैं
वञिन क्रि. जाएँ
वञीजणा क्रि. खोया जाना, गुम हो जाना, ज़ाय हो जाना, व्यर्थ जाना
वञीसी खोया जाएगा, व्यर्थ जाएगा, जाना पड़ेगा
वट स्त्री. ए.व. बाती, खेत की मेंड़, पु. बल, शिकन (मथे ते वट पै गेनिस) क्रि. आज्ञा. बट (बाण आदि), कमा
वटणा क्रि. सं. बटना, कमाना
वटप स्त्री. पक्षधरता, पक्षपात
वटप करणा पक्ष लेना, किसी के पक्ष में बोलना
वट फेर पु. हेरा फेरी, छलकपट
वटा क्रि. आज्ञा. बदल
वटा डे बदल दे
वटा घिन बदल ले
वटावणा क्रि. सं. बदलना
वट्टा पु. बाट, पत्थर, ईंट का टुकड़ा
वट्टा सट्टा अदल बदल
वट्टी स्त्री. बट्टी
वट्टीं, वट्टूं स्त्री. ब.व. बातियां, बत्तियां, खेतों की मेंड़ें
वट्टी सट्टी वि. स्त्री. अदली बदली, वैरायटी के साथ
वट्टी सट्टी शै स्त्री. अदली बदली चीज
वट्टूं हम कमाएँ, पक्ष में, वत्तियाँ
वट्टूं पवणा पक्ष में बोलना
वट्टे दी पचार बदले का रिश्ता (जिस परिवार के लड़के से अपनी कन्या का रिश्ता किया है उसी परिवार की कन्या से अपने लड़के का रिश्ता करना)
वठी क्रि. आज्ञा. पकड़
वठीजणा, वठीणा क्रि. सं. पकड़ा जाना
वठींदा नईं पकड़ में नहीं आता
वठी गे, वठ्या गे पकड़ा गया है
वठुआं पु. बिच्छु
वठुएँ पु.ब.व. बहुत से बिच्छु
वड़ अदमीयत स्त्री. बड़ा आदमी होने का भाव

वड् कवील स्त्री. मोटी चींटियाँ

वड् वाता वि.पु. बड़बोला व्यक्ति

वड्डा वि.पु. बड़ा

वड्डी वि. स्त्री. बड़ी

वड्डे वि.पु. ब.व. बड़े

वड्डे कुन्ने दी वड्डी घरोड़ी अखा. बड़े वर्तन की अधिक खुरचन, बड़े कुन्बे का बड़ा ख़र्च

वड्ढ (पं.) क्रि. आज्ञा. काट, कत्ल कर

वड्ढ डे काट दे, कत्ल कर दे

वड्ढ सटेसां काट कर डाल दूंगा, कत्ल कर के फैंक दूंगा

वड्ढ सटेसी काट कर फैंक देगा, कत्ल करके फैंक देगा

वड्ढ सटेसूं हम काट कर फैंक देंगे, हम कत्ल करके फैंक देंगे

वड्ढ सट्टिस उसको कत्ल करे फैंक दे

वड्ढ सट्टो कत्ल करके फैंक दो

वड्ढी स्त्री. रिश्वत, घूंस

वड्ढी खावणा (धिनणा) क्रि. रिश्वत लेना

वड्ढीख़ोर वि. घूंसखोर, रिश्वतख़ोर

वड्ढी डेवणा क्रि. रिश्वत देना

वड़ी स्त्री. बड़ी—दाल की बनी हुई

वड़यां, वड़ियां स्त्री. ब.व. बड़ियां—दाल की

वण पु. वृक्ष, वन

वण वण दा टांडा भिन्न भिन्न क्षेत्रों से आए लोग

वणज क्रि. आज्ञा. व्योपार कर, पैसा लगा

वणिज पु. व्योपार

वत अव्यय फिर, दोबारा, आगे, तो फिर

वता क्रि. आज्ञा. न्योछावर कर, सदके कर, बलि कर दे, सिर केऊपर से, घुमा कर किसी ग़रीब को दे दे, बनते हुए सालन को कलछी से हिला

वतावणा क्रि. सं. सदके करना, न्योछावर करना, बनते हुए व्यंजन को कलछी से हिलाना ताकि वह लग न जाए

वतीजणा क्रि. बलि होना, न्योछावर होना

वतीजाँ मैं बलिहारी जाऊं

वतीरा पु. व्यवहार, रवैया

वतीसां मैं बलि जाऊंगी

वतीसिन वे बलि जाएँगे

वतौ क्रि. आज्ञा. न्योछावर करो, बलिहारी जाओ, सिर के ऊपर से घुमा कर कुछ दान दे दे

वतऊं पु. बैंगन, एक सब्ज़ी

वथील स्त्री. दरार, शिगाफ़

वदीफ़ा पु. वज़ीफ़ा, छात्रवृत्ति

वदे फिर रहा है, घूम रहा है

वध क्रि. आज्ञा. बढ़ वि. अधिक

वधणी स्त्री. हिचकी

वधा क्रि. आज्ञा. खोल दे (रहट से बैलों का खोलना), थामना (रहट का)

वधावणा क्रि. बैलों को खोल कर रहट आदि को बंद करना, थामना

वधाविन क्रि. आज्ञा. रहट के बैल खोल दें, बंद कर दें, थाम दें

वधीक वि. अधिक, ज़्यादा
वधीकी स्त्री. ज़्यादती, अन्याय
वरतणा पु. इस्तेमाल, प्रयोग, क्रि. स. प्रयोग करना
वरतों (पं.) स्त्री. व्यवहार, प्रयोग, इस्तेमाल
वर्ही स्त्री. रस्सी
वर्ह्यां स्त्री. ब.व. रस्सियां
वर्हें दा वर्षों का
वल पु. बल (अव्यय.) पुनः, फिर, क्रि. लौट आ
वल वल अव्यय. बार बार, क्रि. वापस लौट
वलटुई स्त्री. गागर
वल वला क्रि. आज्ञा. वापस ले आ
वला अव्यय. फिर, दोबारा, क्रि. लौटा दे, बंद कर (किवाड़ को)
वला चा क्रि. आज्ञा. बंद कर दे (किवाड़)
वलावणा क्रि. घेर कर वापस लाना (पशुओं को)
वला वा क्रि. आज्ञा. घेर ला (पशुओं आदि को)।
वलवला (फ़ा.) पु. जज़्बा, भाव, भावावेश
वल्ला पु. फेर, चक्कर
वल्ला मारणा मु. चक्कर काटना, बात को उलझाना, टालना
वलिच्छ पु. चिकनी चुपड़ी बातें
वलिच्च्छ कुटणा, मेस कुटणा मु. चिकनी चुपड़ी बातें करना
वलूची स्त्री. पकी हुई हरी तोरी को सुखा कर बनाई गई कूची जिससे नहाते समय शरीर को मलते हैं।
वलेका पु. ए.व. लपेटा
वलेके पु. ब.व. लपेटे
वलेटवां वि.पु. लपेटे वाला
वलेटवीं वि. स्त्री. लपेटे वाली
वल्ह स्त्री. ए.व. बेल
वल्हां, वल्हीं स्त्री. ब.व. बेलें
वसीला पु. साधन
वसेब (फ़ा.) पु. बस्ती, आबादी, आस पड़ोस (रब करे साडे वसेब द्यां सार्यां छेरीं पढ़ लिख वञिन।)
वसेब चङा होवे पड़ोस अच्छा हो, बस्ती अच्छी हो
वस्सल पु. प्याज़, (पं.) गंढे
वस्ल (फ़ा.) पु. मिलन, संयोग
वस्लें वाह्वणा प्राप्ति या उपलब्धि होना, मेहनत सार्थक होना
वांग की तरह, के समान
वांगू, वांङू, वांगें, वांगों की तरह, के तुल्य, के समान
वांझा वि.पु. वंचित
वांझा वञणा क्रि. वंचित रह जाना
वांझा वञें एक श्राप या बददुआ—तू वंचित रह जाए, तू कभी सफल मनोरथ न हो
वांझा टाल्या वञें एक श्राप—तू नामुराद रहे, तेरी मुराद कभी पूरी न हो
वांद, वेल स्त्री. फ़ुरसत
वांदगी स्त्री. फ़ुरसत

वांदा वि. रिक्त, ख़ाली, फ़ारिग़
वांदा थीवणा (थी बाहवणा) मु. ख़ाली होना, फ़ारिग़ हो बैठना
वांदा वेला वि. बिल्कुल फ़ारिग़, कार्य निवृत्त
वांदा वेला थी बेठां फ़ारिग़ हो बैठा हूं
वांदी वि. स्त्री. रिक्त, ख़ाली, फ़ारिग़
वांहदा वि.पु. बहता हुआ, चलता हुआ
वांहदा खू चलता हुअ कुआं या रहट
वांहदा दरिया बहती नदी
वांहदी वि. स्त्री. बहती हुई, चलती हुई
वांहद दी सड़क चलती हुई सड़क
वांहदे वि.पु. ब.व. बहते हुए, चलते हुए
वांहदे वाहण पु. बहते स्रोत
वांददे वाहण वी सुक गे बहते स्रोत भी सूख गए
वा स्त्री. हवा वि. हुआ, वास्ता
वा पवणा वास्ता या पाला पड्यना
वाक पु. वचन
वाक पूरा करणा मु. वचन निभाना
वाग स्त्री. बागडोर, रस्सी, लगाम
वागां स्त्री. ब.व. बागें, लगामें
वागी, वगवां वि. चुराए हुए पशे के बदले लिया गया
वागूं श्रुट्टा वि. लगाम तुड़ा कर भागा हुआ घोड़ा
वा घुलणा हवा चलना
वाछड़ स्त्री. फ्वार, बौछाड़
वाछड़ पवणा बौछाड़ पड़ना
वाजा पु. बाजा, वाद्य यंत्र
वाजे पु. ब.व. बाजे, वाद्ययंत्र–समूह, वाद्यवृंद
वा झरोला पु. चक्रवात
वाट स्त्री. रास्ता, बाट, राह
वाट तकणा बाट जोहना, राह देखना
वाठा वि.पु. तेज़ चलने वाला (बैल)
वाड स्त्री. बहस, वादविवाद
वाड डेवणा मु. बहस करना, वाद विवाद करना
वाड़ पु. कपास क्रि. (पं.) घुसेड़
वाड् चुणणा कपास चुनना
वाड् डेवणा घुसेड़ देना
वाड़ी स्त्री. ख़रबूज़ों का खेत
वाढा पु. कटाई का प्रारम्भ
वाढा लावणा क्रि. कटाई शुरू करना
वाण पु. बाण-मूंज या पटसन का
वाण वटणा मु. बाण बटना, धक्के खाना
वाण वटेंदा वदे धक्के खाता फिरता है
वात पु. मुंह, मुख, रोग के तीन कारणों वात, कफ़, पित्त में से प्रथम
वातफ़ाशा वि. अश्लील बकने वाला
वात रखणा मु. खाने पीने में परहेज़ (संयम) रखना
वातूं वञावणा मु. तीखी बात कह कर बात विगाड़ देना
वादा पु. (फ़ा.) वचन, कौल
वादा करणा मु. वचन देना
वादा निभावणा मु. वचन पूरा करना
वार पु. दिन, वासर, स्त्री. बारी क्रि. न्योछावर कर

वारणा न्योछावर करना
वारूं हम वार दें, के कारण
वाल पु. बाल, केश (पुरुष, स्त्री के)
वाल विंगा न थीवणा मु. बाल बांका न होना, कुछ न बिगड़ना
वाल विंगा न थीवण डेवणा मु. कुछ न बिगड़ने देना
वाली स्त्री. बाली, एक कर्णाभूषण, की जेसे मियाँ वाली
वावी वि. सुंदर, मोहक
वासी वि. रहने वाला, वंचित
वासी राहवणा वंचित रहना
वासी वञणा वंचित रहना
वासी रखना वंचित रखना
वाहत्र वि. लद्दू पशु, सवारी के काम आने वाला पशु
विंदलणा क्रि. बहलना
विंदलावणा क्रि. सं. बहलाना, बहकाना
विकणा क्रि. बिकना
विक वञणा क्रि. बिक जाना
विक्री स्त्री. बिक्री
विग वि. बिगड़ा हुआ, बेकार, कामचोर
विग थीवणा बिगड़ जाना, कामचोर बन जाना
विगोड़ पु. गड़बड़
विग्घा पु. बीघा—धरती का एक माप १/३ एकड़
विच वि. बीच, बीच में
विचड़णा रेल मिल जाना
विचाड़णा रला मिलादेना
विचला वि. बीच वाला, मंझला
विचोला वि. बीच बचाव करने वाला
विझू वि. भोला, डरपोक, बिझू
बिछड़णा क्रि. जुदा होना, अलग होना
विछोड़ा पु. जुदाई, विरह
विडाडट (अं.) विधाइट वि. बिना टिकट
वित्य स्त्री. फ़ासला दूरी
विन्ह क्रि. आज्ञा. छेद डाल
विन्हणा क्रि. छेदना
विफलणा क्रि. नींद में बुड़बुड़ाना
विफलदाये नींद में बड़बड़ा रहा है
विरला वि. विरला, कोई कोई
विल्ली स्त्री.
विसन्नण पु. छेणूं, घी छानने के बाद निकला फोक
विसरणा क्रि. भूलना
विसर गे भूल गया है
विसरी वी वि. भूली हुई
विसारणा क्रि. सं. भुलाना
विसांता वि. पु. भोला, सहमा हुआ
विसांती वि. स्त्री. भोली, सहमी हुई
विसा पु. विश्वास, भरोसा
विस्वास पु. वहम, भ्रम, डर, वसवसा
विस्वासी वि. वहमी, डरपोक, भ्रांत, वसवसे में पड़ा हुआ
विस्वासी बंदा वहमी व्यक्ति, डरपोक आदमी
विहाणा पु. (सं.) उपवृहणा, सिरहाना, तकिया, क्रि. बीत गया
विहाणी क्रि. गुज़री, बीती (उमर विहाणी)
विहावणा, विहा वञणा क्रि. बीत जाना

वीट क्रि. आज्ञा. बखेर

वीटणा क्रि. सं. बखेरणा

वीट सट क्रि. आज्ञा. बखेर डाल, बखेर दे

वीर, वीरण पु. भाई

वी वि. हुई, भी

वीह वि. बीस (२०)

वुण क्रि. आज्ञा. बुन

वुणणा क्रि. बुनना

वुणी तुणी वञणा मु. आव देखना न ताव क्रोध में कुछ का कुछ बोलते जाना

वेक, वेच क्रि. आज्ञा. बेच

वेकणा क्रि. बेचना

वेक बेठे, वेच बेठे बेच चुका है

वेख (पं.) क्रि. आज्ञा. देख

वेखणा क्रि. (पं.) देखना

वेखी जाएगी देखी जाएगी

वेच क्रि. आज्ञा. बेच

वेचणा क्रि. बेचना

वेच डित्ते बेच दिया है

वेच डे बेच दे

वेच डेवो बेच दो

वेच छोड़ो बेच दो

वेच वटा के बेच बाच कर

वेचिन वे बेचें

वेचो तुम बेचो

वेट (अं.) प्रतीक्षा, इंतज़ार, वज़न

वेट प्लीज़ (अं.) कृपया प्रतीक्षा कीजिए, आप का वज़न कितना है?

वेड पु. वेद

वेडी स्त्री. वेदी, यज्ञशाला

श

शंकर (सं.) पु. शिव, शंभु, महादेव, मंगलकारी, शांत करने वाला

शंकराचार्य (सं.) पु. आदि शंकराचार्य, अद्वैतमत प्रवर्तक

शंका (सं.) स्त्री. संदेह, शक, अंदेशा, अनिष्ट-भय

शंका समाधान (सं.) पु. शंकाओं का निवारण

शंख (सं.) पु. देव-पूजन या युद्धारम्भ के समय मुंह से बजाया जाने वाला वाद्य

(—फूंकणा, वजावणा)

शंगर स्त्री. जंडी के पेड़ की फली

शंगरफ़ (फ़ा.) पु. एक औषधि

शंगरी स्त्री. जंडी के पेड़ की कच्ची फली

शंगरी निसरी धागों पर जमाई हुई मिसरी

शंगार, शिंगार पु. श्रृंगार, अलंकार, आभूषण

शंगारदान पु. श्रृंगार के सामान की मंजूषा

शंगारपट्टी स्त्री. बालों में पहना जाने वाला आभूषण

शंगार मेज़ स्त्री. (अं.) ड्रेसिंग टेबल

शंगारणा क्रि.सं. श्रृंगार करना, सजाना

शंभु (सं.) पु. शिवशंकर, महादेव, पार्वतीनाथ

शंट करणा निकाल देना

शंटिंग (अं.) स्त्री. रेल के इंजन का गाड़ी के डब्बों को काटने-जोड़ने के लिए आगे पीछे गति करना

शऊर (अर.) पु. बुद्धि, सूझबूझ, सलीका, चेतना

शक (अर.) पु. संदेह, शंका, संशय, शुबह

शकंजबीन, शिकंजबीन (फ़ा.) स्त्री. नींबू का रस मिला शरबत

शकर स्त्री. शक्कर, खांड का एक रूप

शकरकंद, शकरखंडी स्त्री. आलू की तरह फूल जाने वाली एक लम्बी जड़ जो मीठे कंद के रूप में पका कर या उबाल कर खाई जाती है

शकर-ख़ोरा वि. अच्छा खाने का शौकीन

शकरख़ोरे कूं शकर ते मूज़ी कूं टक्कर अखा. जैसी रूह वैसे फ़रिश्ते, जैसी रुचि वैसे साधन

शकरपारा पु. आटे और गुड़ या चीनी से बनी एक प्रकार की मिठाई, तोशा

शकरपारे ब.व. तोशे

शकल, शक्ल (फ़ा.) स्त्री. सूरत, रूप, मुखाकृति, बनावट

शकल सूरत (फ़ा.) स्त्री. मुखाकृति, चेहरा मुहरा, रूप

शकील (अर.) वि. सुंदर मुखाकृति वाला, रूपवान, हसीन, छबीला

शकुंतला (सं.) स्त्री. महाकवि कालिदास के नाटक की नायिका, मेनका—विश्वामित्र की पुत्री, दुष्यंत की रानी तथा भरत की जननी

शकुनि (सं.) पु. दुर्योधन का मामा, गांधार-नरेश, दुष्ट आत्मा, कुम्बा फोड़ने वाले का प्रतीक

शक्कर (फ़ा.) स्त्री. शकर, शर्करा, चीनी, खांड

शक्किण वि. स्त्री. शक करने वाली, संदेहशील स्त्री

शक्की (अर.) पु. वि. शक करने वाला, संदेहशील व्यक्ति

शक्ति (सं.) स्त्री. बल, ताकत, सामर्थ्य, एनर्जी, ऊर्जा, दुर्गा, लक्ष्मी

शक्तिमान (सं.) वि.पु. सबल, ताकतवर, समर्थ, सर्वशक्तिमान ईश्वर

शक्तिशाली (सं.) वि. सशक्त, समर्थ, शक्तिमान

शक्ल (फ़ा.) स्त्री. शकल सूरत, रूपाकृति

शख्स (अर.) पु. व्यक्ति, पुरुष

शख़्साणी स्त्री. स्त्री, महिला, युवती

शख़्सी वि. व्यक्तिगत, एक व्यक्ति की

(—हुकूमत, ज़मानत, मुचलका)

शग़ल, शग़्ल (अर.) पु. काम धंधा, व्यापार, मनोविनोद

शग़लम पु. शलगम, शलजम, एक सब्ज़ी

शगिर्द वि. शिष्य

शगिर्दी स्त्री. शिष्यता

शगुन (हिं.) पु. शकुन, शगून, भेंट, नज़राना

शगुन (सगन) डे̱वणा विवाह से पहले की एक रस्म

शगूफ़ा (फ़ा.) पु. कली, ग़ुंचा, नई और विलक्षण बात

शजर (अर.) पु. वृक्ष, पेड़

शजरा (अर.) पु. पटवारी का तैयार किया हुआ नकशा, स्त्री. वंशावली

शटल (अं.) हथकर्घे का एक पुर्ज़ा, छोटी यात्रा की दैनिक रेलगाड़ी

शटल्ली लावणा मु. हंसी मज़ाक में बेसिर पैर की गप्पें मारना

शटापू पु. **(शीदण)** स्त्री. बच्चों का एक खेल जो ज़मीन पर लकीरें लगा कर खेला जाता है

शठ, सठ (सं.) वि. मूर्ख, लुच्चा, धूर्त

शठता, सठता (सं.) स्त्री. मूर्खता, शरारत, लुच्चापन

शण, शणी (हरि.) स्त्री. पटसन, जूट की खेती, एक पौधा जिसकी छाल से सूतली, रस्सी और टाट बनाए जाते हैं

शत (सं.) वि. सौ (१००)

शतरंज (फ़ा.) स्त्री. एक प्रसिद्ध खेल जो बिसात पर गोटों से खेला जाता है

शतरंजबाज़ (फ़ा.) शतरंज का खिलाड़ी

शतरंजबाज़ी (फ़ा.) स्त्री. शतरंज खेलने का गुण

शतरंजी स्त्री. शतरंज का, बड़ी दरी जो बिछाई जाती है

शतांश (सं.) आय का सौवां भाग जो दान में दिया जाने का शास्त्रीय विधान है

शतूत पु. शहतूत का वृक्ष और उस का फल, शहतूत के पत्तों पर रेशम के कीड़े पाले जाते हैं।

शत्रु (सं.) पु. दुश्मन, वैरी

शत्रुघन पु. शत्रुघ्न, श्री राम का छोटा भाई, शत्रुओं को मारने वाला

शत्रुता (सं.) स्त्री. दुश्मनी, वैर भाव

शनाख़्त, शिनाख़्त (अर.) स्त्री. पहचान, परिचय

शनि, छनि, छंछण (सं.) पु. नवग्रहों में सातवां ग्रह, दुर्भाग्य, शनिश्चर, शनिवार

शनि भारी होवणा मु. बुरे दिनों का योग होना

शनिश्चर चढ़णा मु. बुरा समय आरम्भ होना

शप शप स्त्री. पानी में चलने की आवाज़

शफ़क़ (फ़ा.) पु. पूर्वी क्षितिज

शफ़क़त (अर.) स्त्री. कृपा, दया, अनुग्रह, प्रेम

शफ़तालू पु. आड़ू की जाति का एक फल

शफ़ा (अर.) स्त्री. अरोग्यता, तंदरूस्ती

शफ़ाख़ाना (अर.) पु. चिकित्सालय, अस्पताल

शफ़ाफ़, शफ़्फ़ाफ़ (अर.) वि. साफ़, निर्मल

शब (फ़ा.) स्त्री. रात, रात्रि, निशा

शबखून (फ़ा.) पु. रात में किया गया आक्रमण

शबनम (फ़ा.) स्त्री. ओस, तुषार

शब ब ख़ैर शुभ रात्रि

शबरात स्त्री. मुसलमानों का एक त्योहार, मुस्लिम आस्था के अनुसार वह रात जब रिज़्क बांटा जाता है
शबरी सं. स्त्री. शबर जाति की एक रामभक्त स्त्री
शब्बड़ वि.पु. चब्बड़, बुरे ढंग से पकाया हुआ व्यंजन जो दांतों में चिपके
शबाब सं. पु. (अर.) यौवन काल, जवानी, तरुणाई
शब्द (सं.) पु. लफ़्ज़
शब्दकोश (सं.) पु. लुग़त, डिक्शनरी
शब्दभेदी वि. शब्दबेधी, सुने हुए शब्द से दिशा का ज्ञान करके निशाने पर बाण मारने वाला व्यक्ति
शमला (फ़ा.) पु. पगड़ी का तुर्रा, पगड़ी का पल्ला जो पीछे रह जाता है
शमस, शम्स सूर्य, रवि
शमशाण, शमशाण भूमि सं. स्त्री. श्मशान, मरघट, मसान
शमशीर सं. स्त्री. (फ़ा.) तलवार, शमशेर
शमा सं. स्त्री. (अर.) मोमबत्ती
शमादान सं. पु. (अर.) दीवट, मोमबत्ती रखने का आधार
शमा-परवाना दीपक व पतंग
शम्स (अर.) पु. सूर्य
शय, शै सं. (फ़ा.) चीज़, वस्तु, ब.व. शईं=चीजें, वस्तुएँ
शय्या सं. स्त्री. (सं.) सेज, बिछौना
शरअ़ सं. स्त्री. (अर.) कुर्आन शरीफ़ में बताया गया विधान, मुसलमानों का धार्मिक कानून
शरई वि. पु. (अर.) शरअ़ के अनुसार
शरई शादी (अर.) वह विवाह जो शरअ़ के अनुकूल हो तथा जिसमें बाजे तथा धूमधाम न हो।
शरण सं. स्त्री. (सं.) आश्रय, रक्षा, घर (शेल्टर)
शरणागत वि. (सं.) शरण में आया हुआ
शरणार्थी वि. (सं.) शरण चाहने वाला, विस्थापित (रिफ़्यूजी)
शरणार्थी कैम्प सं. पु. शरणार्थियों को रखने के लिए लगाए गए शिविर।
शरणार्थी बस्ती सं. स्त्री. वह बस्ती जहाँ शरणार्थी बसाए गए हैं
शरत, शर्त लावणा शर्त लगाना
शर्तां लावण्यां शर्तें लगाना
शर्तिया यकीनी, निश्चित
शरधा सं. स्त्री. श्रद्धा, आस्था
शरबत सं. पु. (अर.) मीठा पेय पदार्थ, पानी में शक्कर या खांड का घोल
शरबती वि. (हिं.) पु. रसदार, रसीली
शरमाणा, शरमावणा शर्माना, शर्मिंदा करना
शरम सं. स्त्री. शर्म, लज्जा, हया, संकोच, लिहाज़
शरमसार वि. (फ़ा.) शरमिंदा, लज्जित, शर्मसार
शरमसारी (फ़ा.) स्त्री. शर्मिंदगी
शरमिंदा वि.पु. (फ़ा.) लज्जित
शरमीला वि. पु. (हिं.) लजीला, लज्जाशील

शरमोशर्मी शर्मिंदगी के कारण, देखा देखी, लज्जावश

शरह स्त्री. (अर.) दर, भाव, टीका, भाष्य

शरहसूद स्त्री. (अर.) ब्याज की दर

शर्म शहूर लज्जा और सलीका, शऊर

शराकत सं. स्त्री. (फ़ा.) साझेदारी

शराफ़त सं. स्त्री. (फ़ा.) सज्जनता, भलमनसाहत

शराव सं. स्त्री. (अ.) मदिरा, सुरा, मय

शरावख़ाना सं. पु. (अर.) मदिरालय (बार), मयख़ाना

शरावख़ोर वि. (अर.) मद्यप, शराब पीने का आदी

शरावख़ोरी सं. (अर.) स्त्री. मदिरा पान

शरावी वि. (अर.) शराब पीने वाला

शरावोर वि. (फ़ा.) तरबतर, लथपथ

शरारत सं. (अर.) दुष्टता, नटखटपन, पाजीपन

शरारती वि. शरारत करने वाला

शरारा (फ़ा.) सं. पु. चिनगारी

शरीअत स्त्री. (अर.) मुसलमानों का धर्मशास्त्र, कुर्आन शरीफ़ पर आधारित न्याय-व्यवस्था

शरीक वि. शामिल, सम्मिलित, बिरादरी का व्यक्ति

शरीका, शरीकत स्त्री. शरीक का, बिरादरी का, भाईचारा

शरीफ़ वि. (अर.) भला आदमी, सज्जन, कुलीन, मुसलमानों में एक धार्मिक उपाधि

शरीफ़ा सं. (हिं.) एक फल, श्रीफल

शरीर वि. पु. (अर.) शरारती, दुष्ट सं. (हिं.) तन, बदन, देह, काया

शरीर छोड़णा मृत्यु, देहांत

शरीरिक वि. (सं.) शारीरिक, जिस्मानी

शर्त सं. (अर.) स्त्री. दांव, बाज़ी, पाबंदी

शर्तिया वि. (अर.) निश्चित, शर्त बद कर, यकीनी

शर्ती वि.पु. शर्त लगाने वाला, जुआरी

शर्बत सं. पु. मीठा पेय, पानी शक्कर का घोल, शरबत

शर्बती वि.पु. शरबती, रसीला, रसदार, स्त्री. रसीली

शर्म सं. (फ़ा.) स्त्री. लज्जा, हया, संकोच, शरम

शर्मनाक वि. (फ़ा.) लज्जाजनक

शर्म शहूर लज्जा और सलीका

शर्मीला वि.पु. लज्जाशील स्त्री. शर्मीली

शल थीवणा मु. जड़ हो जाना, सुन्न हो जाना

शलवार स्त्री. सलवार, एक परिधान

शव (सं.) पु. मुर्दा, लाश

शवदाह (सं.) मुर्दे को जलाने की क्रिया

शशि (सं.) चन्द्र, चन्द्रमा

शस्त्र (सं.) पु. हथियार, असलह, तलवार आदि

शस्त्रधारी वि. हथियारबंद

शहंशाह (फ़ा.) पु. सम्राट, बादशाहों का बादशाह

शहंशाही (फ़ा.) स्त्री. शाही, हुकूमत, साम्राज्य

शह (फ़ा.) स्त्री. उकसाहट, मदद, शतरंज के खेल की एक चेष्टा, शाह

शह डेवणा मु. बढ़ावा देना, उकसाना, शतरंज के खेल की एक चेष्टा

शहज़ादा पु. शाह का बेटा

शहज़ादी स्त्री. शाह की बेटी

शहज़ोर वि. बलवान, ताकतवर

शहत पु. शहद, मधु

शहतीर (फ़ा.) पु. लकड़ी का शतीर या लोहे की गर्डर, छतीर

शहतीरी स्त्री. छोटा शहतीर

शहतूत, शतूत पु. एक पेड़ और उसका फल

शहद पु. मधु, शहत

शहनशाह (फ़ा.) पु. सम्राट

शहनशाही स्त्री. साम्राज्य, शाही, हुकूमत

शहनाई स्त्री. नफ़ीरी, एक बाजा

शहर पु. नगर

शहरण स्त्री. शहरिन, शहरी का स्त्री लिंग

शहरदार वि. नागरिक, एक ही शहर में रहने वाले

शहरदारी स्त्री. नागरिकता, एक ही शहर का होने का नाता

शहरयार (फ़ा.) वि. राजाओं में श्रेष्ठ, प्रजारंजक

शहरयारी (फ़ा.) स्त्री. तेजस्वी और प्रजारंजक होने का गुण

शहरिया, शहरी वि.पु. नगरवासी, नागरिक

शहरे-ख़मोशा (फ़ा.) पु. कब्रिस्तान, मरघट

शहवत (फ़ा.) स्त्री. काम वासना, भोगेच्छा

शहवती (फ़ा.) वि. कामुक, विषयी

शहसवार (फ़ा.) पु. दक्ष, माहिर, कुशल घुड़सवार

शहादत (अर.) स्त्री. बलिदान, कुर्बानी, सबूत, गवाही

शहीद (अर.) वि. बलिदानी, जान निछावर करने वाला

शहीदी जत्था पु. बलिदान के लिए तत्पर लोगों का जत्था या टोला

शहु पु. शौहर, खाविंद, पति

शहु दरिया पु. ठाठें मारती गहरी नदी, मु. प्रेमी की गहरी चिंता

शहूर सं. पु. शऊर, सलीका, ढंग, चज, दानाई अक्ल, समझदारी, चतुराई

शांत वि. (सं.) क्षोभ रहित, स्वस्थ, ठंडा, मृत, धीर, मौन, बुझा हुआ, विरक्त, काव्य के नव रसों में से एक रस।

शांति सं. (सं.) स्त्री. शांत भाव, चित्त की स्वस्थता, सन्नाटा, मौन, स्तब्धता, ठंडक

शांतिपाठ सं. (सं.) वेद का एक मंत्र जिस का यज्ञादि के अंत में उच्चारण किया जाता है।

शांतिप्रिय वि. सं. शांति के इच्छुक।

शांति भंग होवणा शांति में बाधा पड़ना

शाइद, शायद सम्भवतः, कदाचित्

शाइर, शायर वि. (अर.) पु. कवि, विशेष कर उर्दू फ़ारसी का कवि

शाइरा, शायरा सं. स्त्री. (अर.) कवयित्री, उर्दू फ़ारसी की कवयित्री

शाइस्तगी सं. स्त्री. (फ़ा.) शिष्टता, सभ्यता, विनय

शाइस्ता वि. (फ़ा.) सभ्य, शिष्ट, विनीत

शाकाहारी वि. (सं.) सागसब्ज़ी और अन्न खाने वाला (वेजीटेरियन)

शाकिर वि. (अर.) संतोषी, कृतज्ञ

शाकी वि. (अर.) शिकायत करने वाला

शाक्त वि. शक्ति का पुजारी

शाख़ सं. (फ़ा.) स्त्री. डाली, टहनी, सींग, खंड, नदी से निकली छोटी धार

शाख़ा सं. (सं.) स्त्री. टहनी, ब्रांच, पु. व्यायाम मंडल

शार्गिद वि. पु. (फ़ा.) शिष्य, चेला

शगिर्दी सं. स्त्री. (फ़ा.) शिष्यता, सेवा, हटल

शाज़ शाज़ वि. (अर.) कोई कोई, विरला, दुर्लभ

शाण सं. (सं.) धार तेज़ करने का पत्थर, सान

शाण ते चढ़ावणा धार तेज़ करना

शातिर वि. (अर.) शतरंज का खिलाड़ी, चालाक, काइयां

शाद वि. प्रसन्न, आनंदित

शादाब वि. सरसब्ज़, हराभरा

शादियाना (फ़ा.) पु. खुशी का बाजा, बधाई

शादियाने बजणा खुशी के उत्सव में बाजे बजना

शादी सं. (फ़ा.) स्त्री. विवाह, आनंदोत्सव

शान सं. स्त्री. (फ़ा.) ठाठबाट, ऐश्वर्य, शोभा

शान न गुमान अचानक, सहसा

शानदार वि. (फ़ा.) भव्य, विशाल, वैभवपूर्ण

शानशौकत सं. स्त्री. तड़कभड़क, ठाठबाठ, भव्यता

शाप सं. पु. (सं.) श्राप, धिक्कार, अनिष्ट परिणामकारी शपथ

शाफ़ी (फ़ा.) वि. शफ़ाबख्श, आरोग्यदायक

शाबाश पु. वाह वा, बहुत ख़ूब, बल्ले

शाम स्त्री. (फ़ा.) सांझ, संध्या, कृष्ण, सीरिया देश का पुराना नाम

शामत सं. स्त्री. (फ़ा.) दुर्भाग्य, दैवी प्रकोप, विपत्ति, दुर्दशा

शामलात देह गांव पंचायत की साझी सम्पदा

शामियाना सं. (फ़ा.) पु. वितान, बड़ा तम्बू

शामिल वि. (फ़ा.) सम्मिलित

शामी कबाब ख़ास किस्म का कबाब

शामी स्त्री. हाथ से चलने वाली चक्की के पाट के बीच में लगने वाला एक उपकरण जो कील पर घूमता है

शारक स्त्री. छटांक, १/१६ सेर

शारदा स्त्री. (सं.) विद्या की देवी

शाल स्त्री. ऊनी चादर

शाला अव्यय. रब करे, ईश्वर करे, इंशा अल्लाह का संक्षिप्त रूप। प्रभु ऐसा चाहे, ईश्वर रक्षक हो, अल्लाह की अमान होवे, घर, भवन, स्थान (पाठशाला, गऊशाला)

शाबा, शावा शाबास, वाहवा, बहुत ख़ूब

शासक पु. (सं.) शासन करने वाला, राजा, हाकिम, दंडाधिकारी

शासन पु. (सं.) हुकूमत, आदेश, नियंत्रण, व्यवस्था संचालन

शास्त्र पु. (सं.) धार्मिक ग्रंथ, किसी विषय का पूर्ण ज्ञान प्रदान करने वाला ग्रंथ (राजनीति शास्त्र)

शास्त्रार्थ पु. (सं.) शास्त्रीय प्रश्नों का तर्कवितर्क

शास्त्रकार पु. (सं.) शास्त्र का रचयिता

शास्त्री पु. (सं.) शास्त्रों का ज्ञाता, एक उपाधि जो संस्कृत में शास्त्री परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर मिलती है।

शास्त्रीय पु. (सं.) शास्त्र सम्बंधी

शाहंशाह पु. (फ़ा.) सम्राट, राजाधिराज

शाहंशाही स्त्री. (फ़ा.) शहंशाह का कार्य, सत्ता

शाह पु. (फ़ा.) बादशाह, राजा, फ़कीर, महान

शाहकार पु. (फ़ा.) सर्वश्रेष्ठ कृति (मास्टर पीस)

शाहख़र्च वि. (फ़ा.) उदारता से ख़र्च करने वाला

शाहज़ादा पु. (फ़ा.) बादशाह का पुत्र, राजकुमार

शाहज़ादी स्त्री. (फ़ा.) बादशाह की पुत्री, राजकुमारी

शाह जी क्रि. साहूकार, धनी, ऋणदाता

शाहरग स्त्री. (फ़ा.) गले में हो कर जाने वाली बड़ी रग

शाहराह सं. स्त्री. (फ़ा.) राजपथ (हाई वे)

शाहसवार वि. निपुण, दक्ष, कुशल खिलाड़ी

शाहाना पु. (फ़ा.) राजसी, शाहों जैसे, वर को पहनाने का जामा या पोशाक

शाहानामिज़ाज़ वि. (फ़ा.) राजाओं या शाहों के जैसे नाज़ुक स्वभाव वाला, राजसी वृत्ति वाला

शाहिद वि. पु. (अ.) साक्षी, गवाह, दर्शक

शाही वि. स्त्री. (फ़ा.) बादशाहों का, स्याही, रोशनाई

शाहूकार वि.पु. साहूकार, सेठ, ऋणदाता

शाहूकारी सं. स्त्री. साहूकार का कार्य

शिकंजवी सं. स्त्री. (फ़ा.) शिकंजबीन, नींबू के रस वाला शरबत

शिकंजा सं. पु. (फ़ा.) दबाने या कसने का यंत्र

शिकंजा कसणा सं. मु. दबाव में डालना, **—ढिल्ला करना**, मु. कसाव या दबाव कम करना

शिकन स्त्री. (फ़ा.) सिलवट, बल, वट

शिकम सं. पु. (फ़ा.) पेट, उदर

शिकमी वि. (फ़ा.) पेट सम्बंधी

शिकरा सं. पु. (फ़ा.) बाज़ पक्षी

शिकवा सं. पु. (फ़ा.) शिकायत, उपालम्भ, उलाहना

शिकस्त सं. स्त्री. (फ़ा.) पराजय, हार

शिकस्ता वि. (फ़ा.) टूटा हुआ, भग्न, जर्जर

शिकस्तादिल वि. (फ़ा.) भग्न हृदय, जिसका दिल टूट गया हो

शिकस्तानवीस वि. पु. (फ़ा.) जल्दी जल्दी घसीट लिखने वाला

शिकस्ताहाल वि. पु. (फ़ा.) फटे हाल, ख़स्ताहाल

शिकायत सं. स्त्री. (फ़ा.) निंदा, चुगली, शिकवा, रोग, फ़रियाद, गिला

शिकायती वि. स्त्री. (फ़ा.) शिकायत करने वाला, शिकायत सम्बंधी

शिकार सं. पु. (फ़ा.) आखेट, मृगया, असामी, फंसा हुआ

शिकारगाह सं. स्त्री. (फ़ा.) शिकार खेलने की जगह, मचान

शिकारी वि. पु. (फ़ा.) शिकार करने वाला, व्याध

शिकारी कुत्ता (हिं.) पु. शिकार में मदद करने वाला कुत्ता

शिकारी जानवर (फ़ा.) वह पशु जो आहार के लिए दूसरे पशुओं का शिकार करता है

शिक्षक सं. पु. (सं.) अध्यापक, शिक्षा देने वाला गुरु, उस्ताद

शिक्षण सं. पु. (सं.) शिक्षा, तालीम

शिक्षा सं. स्त्री. (सं.) तालीम, उपदेश, पाठ, सबक, विद्या

शिक्षामंत्री सं. पु. (सं.) शिक्षा विभाग का मंत्री (एजुकेशन मिनिस्टर)

शिक्षार्थी सं. पु. (सं.) विद्यार्थी, शिक्षा अर्जन में लगा हुआ

शिक्षालय सं. पु. (सं.) विद्यालय, शिक्षा का स्थान

शिखंडी सं. पु. (सं.) मोर, मुर्गा, मोर की पूंछ, हीजड़ा, राजा द्रुपद का एक पुत्र जिसे अर्जुन ने महाभारत के युद्ध में आगे करके भीष्म का वध किया था।

शिखर सं. पु. (सं.) सिर, चोटी, पहाड़ की चोटी, मन्दिर आदि का कलश

शिर डुपहर पु. मध्याह्न का समय जब सूर्य सिर पर होता है

शिखा सं. स्त्री. (सं.) चोटी, कलग़ी, आग की लपट

शिगाफ़ सं. पु. (फ़ा.) छिद्र, दरार, चीरा

शिगूफ़ा सं. पु. (फ़ा.) कली, फूल, चुटकुला

शिगूफ़े छोड़णा शोशे छोड़ना, हँसाने वाली बातें कहना

शिताब क्रि.वि. स्त्री. (फ़ा.) जल्दी, शीघ्र

शिताबी सं. स्त्री. (फ़ा.) तेज़ी, शीघ्रता, जल्दी

शिद्दत सं. स्त्री. (अर.) तेज़ी, उग्रता, अधिकता

शिनाख़्त सं. स्त्री. (फ़ा.) पहचान, परख, परिचय

शिफ़्ट स्त्री. सं. **शिफ्ट करणा** क्रि. ८ घंटे काम करने की अवधि, स्थानांतरण कर जाना

शिफ़ा स्त्री. (अर.) रोगमुक्ति, स्वास्थ्यलाभ, स्वास्थ्य

शिफ़ाख़ाना सं. पु. (अर.) हस्पताल, चिकित्सालय

शिफ़ायाबी सं. स्त्री. (अर.) रोगमुक्ति, स्वास्थ्यलाभ

शिमक सं. घोड़ों व ऊटों का एक रोग

शिरकत, शिराकत सं. स्त्री. (अर.) साझेदार, शमूलियत, शामिल होना, शरीक होना

शिरकतनामा, शिराकतनामा सं. पु. (अर.) साझेदारी सम्बंधी दस्तावेज़

शिराकती वि. (हिं.) साझे का, सम्मिलित

शिर्क सं. पु. (अर.) ख़ुदा या ईश्वर का द्वैतभाव

शिलान्यास सं. पु. (सं.) नींव का पत्थर रखा जाना

शिल्प (सं.) पु. हुनर, कारीगरी

शिव सं. पु. (सं.) कल्याण, मंगल, रुद्र, महादेव

शिवलिंग सं. पु. (सं.) शिव या महादेव की पिंडी जिस का पूजन होता है।

शिवलोक सं. पु. (सं.) कैलाश

शिवानी सं. स्त्री. (सं.) दुर्गा, पार्वती

शिवरात सं. स्त्री. शिव पूजन की रात्रि, महर्षि दयानंद की बोधरात्रि, शिवरात्रि

शिवाला सं. पु. शिवमंदिर, शिवालय

शिष वि. (हिं.) पु. शिष्य

शिष्य वि. पु. (सं.) शिक्षा देने योग्य, चेला, शागिर्द

शिस्त सं. स्त्री. (फ़ा.) निशाना, लक्ष्य

शीआ सं. पु. (अर.) मुसलमानों का एक सम्प्रदाय जो मोहम्मद साहब के बाद अली को ही ख़िलाफत का हकदार मानता है।

शीणी स्त्री. सण, सणी, पटसन

शीणी दा धागा सूतली

शीतल वि. (सं.) ठंडा, सर्द, शांत, संतुष्ट

शीतलता सं. स्त्री. (सं.) ठंडापन, ठंडक, सर्दी, जड़ता

शीतला सं. स्त्री. (सं.) चेचक रोग, इस रोग की अधिष्ठात्री देवी, माता, माई

शीदण स्त्री. बच्चों का एक खेल, शटापू

शीन पु. (सं.) वि. मूर्ख, जमा हुआ, सं. अजगर (अ.) फ़ारसी वर्णमाला का एक वर्ण जिसका उच्चारण 'श' के समान है।

शीर सं. पु. (फ़ा.) दूध, (सं.) क्षीर

शीरख़्वार वि. (फ़ा.) दूध पीने वाला, शीरख़ोर

शीरा सं. पु. (फ़ा.) शरबत, चाशनी, राब

शीराज़ा सं. पु. (फ़ा.) शृंखला, सिलसिला, प्रबंध, व्यवस्था

शीराज़ा बिखरणा सिलसिला टूटना, व्यवस्था अस्तव्यस्त होना

शीरींकलाम वि. (फ़ा.) मधुरभाषी, मीठा बोलने वाला

शीरीनी सं. स्त्री. (फ़ा.) मिठाई, बताशा, सिरनी

शीरीनियाँ वंडणा क्रि. मिठाइयाँ बाँटना

शील (सं.) पु. स्वभाव, चरित्र, पावनता

शील भंग करणा चरित्र का हनन करना, नारीत्व (सतीत्व) का हनन करना

शीशम सं. स्त्री. (हिं.) एक वृक्ष, टाहली

शीशमहल सं. (हिं.) पु. कांच का महल

शीशा सं. पु. (फ़ा.) दर्पण, आइना, कांच
शीशी सं. स्त्री. (फ़ा.) शीशे का बना लम्बूतरा पात्र, बोतल, लैम्प की चिमनी
शींह सं. पु. (सं.) सिंह, शेर
शींह आद स्त्री. शेर के तन से आने वाली दुर्गंध
शींह मक्खी सं. मक्खीमार कीड़ा
शुआ सं. (अर.) स्त्री. प्रकाश, उषाकालीन उजाला, चमक, किरण
शुऊर सं. (अर.) पु. शऊर, सलीका, ढंग
शुकाट पु. शूं शूं की आवाज़
शुकीन वि. शौकीन, रसिक
शुक्र, शुकुर, शुकूर सं. एक ग्रह, सप्ताह के दिनों में पाँचवां दिन शुक्रवार, धन्यवाद
शुकुर हे वि. प्रभु का धन्यवाद है
शुक्रगुज़ार वि. (अर.) आभारी, कृतज्ञ
शुक्रगुज़ारी सं. (अर.) स्त्री. कृतज्ञता
शुक्राणा सं. पु. (फ़ा.) मुकद्दमा जीतने के बाद वकील को फ़ीस के अतिरिक्त दिया जाने वाला धन, धन्यवाद ज्ञापन
शुक्रिया सं. पु. (फ़ा.) धन्यवाद, आभार
शुखुर ए शुक्र है, धन्यवाद है
शुग़ुल सं. पु. (अ.) शग़्ल, कार्य, व्यवसाय, व्यस्तता, विनोद
शुग़ली बंदा वि. विनोदी व्यक्ति
शुजाअत (अर.) स्त्री. बहादुरी, वीरता
शुतुर सं. पु. (फ़ा.) ऊंट, (सं.) उष्ट्र
शुतुरमुर्ग़ सं. पु. (फ़ा.) ऊंट की जैसी लम्बी गर्दन वाला एक बहुत बड़ा पक्षी।
शुदा वि. (फ़ा.) व्यतीत हो चुका, (गुमशुदा,) (ख़ारिजशुदा) हुआ हुआ
शुद्ध वि. (सं.) स्वच्छ, पवित्र, ठीक, ख़ालिस, निर्दोष
शुद्धता, शुद्धताई (सं.) सं. पवित्रता, स्वच्छता, ख़ालिसपन, शुद्धि
शुद्धि सं. स्त्री. (सं.) स्वच्छता, पवित्रता, सफ़ाई, संस्कारित कर के पुनः अपने धर्म में लाना
शुफ़ा – हक शुफ़ा (फ़ा.) पु. पड़ोस के कारण ज़मीन मकान ख़रीद करने का अधिकार
शुबह (फ़ा.) शक, संदेह
शुभ वि. (सं.) भला, अच्छा, मंगलप्रद, मुबारक
शुभाशीर्वाद सं. पु. (सं.) भला चाहते हुए दिया गया आशीष
शुभाशीष सं. पु. (सं.) शुभाशीर्वाद
शुभकामना सं. स्त्री. भलाई की इच्छा, मंगल कामना
शुमार सं. पु. (फ़ा.) गणना, गिनती, हिसाब
शुमाल सं. (फ़ा.) शिमाल, उत्तर दिशा
शुमाली वि. (फ़ा.) शिमाली, उत्तर का, उत्तर की, उत्तरी
शुरुआत सं. स्त्री. (अर.) आरम्भ
शुरू पु. (अर.) आरम्भ
शुहदा वि. (अर.) पु. लम्पट, बदमाश, बदचलन, लुच्चा, लफ़ंगा, गुंडा

शुहदापन सं. (अर.) पु. लम्पटता, बदमाशी, बदचलनी

शुहरत सं. (अर.) प्रसिद्धि, ख्याति, मशहूरी

शूक सं. स्त्री. फुंकार (सांप की), सांसां की आवाज़ (हवा या पानी की)

शूकणा क्रि., वि. फुंकारना, फुंकारने वाला

शूकणा नांग पु. फुंकारने वाला सांप

शूकदा खावी तुझे फुंकारता सांप डसे

शूकदा वद्‌दे फुंकारता फिर रहा है

शूट करणा क्रि. सं. गोली मार देना

शूदर वि. शूद्र

शूम वि. कंजूस, कृपण

शूरवीर वि. पु. (सं.) बहादुर, योद्धा

शूल, सूल सं. पु. (सं.) कांटा, चिंता, पीड़ा, बरछा

शूलधारी वि. सं. शिव, महादेव

शूशणी स्त्री. सीटी

शूशक (छूछक) पु. बच्चा होने पर बेटी के मायके से भेजा जाने वाला उपहार, मुसलमान हो जाने वाले ब्राह्मण की संतान।

शेख़ सं. (अर.) मुहम्मद साहब के वंशजों की एक उपाधि, मुसलमानों का एक श्रेष्ठ वर्ण, पीर, बूढ़ा

शेख़ाणी सं. स्त्री. (अर.) शेख़ की पत्नी या स्त्री

शेख़ चिल्ली सं. (अर.) एक कल्पित महामूर्ख व्यक्ति जो सदा अनहोनी योजनाएँ बनाता रहता था और स्वयं ही उन्हें मिटाता रहता था। अव्यावहारिक सोच वाला

शेख़ स'अदी शीराज़ी (सं.) पु. फ़ारसी का एक प्रसिद्ध शायर जो शीराज़ (ईरान) का रहने वाला था, गुलिस्तां, बोस्तां उसकी दो प्रसिद्ध काव्य कृतियाँ हैं। उसके काव्य में नैतिक शिक्षा का स्वर प्रमुख था।

शेख़ी सं. स्त्री. (फ़ा.) गर्व, घमण्ड, शान, डींग

शेख़ीबाज़ वि.पु. (फ़ा.) घमण्डी, डींगें मारने वाला

शे'र (फ़ा.) पु. ग़ज़ल या नज़्म की दो पंक्तियाँ, बैत

शेर सं. पु. (फ़ा.) सिंह, हिंसक पशु, पशुओं का राजा, जंगल का राजा, वि. वीर तथा साहसी पुरुष

शेरदिल वि. पु. (फ़ा.) बहादुर, वीर, निडर

शेरवानी सं. स्त्री. (फ़ा.) बंद गले का लम्बा घुटने तक का कोट, अचकन

शेयर (अं.) हिस्सा, कम्पनियों के शेयर

शेष वि. (सं.) बाकी, यज्ञ शेष, प्रसाद

शेषनाग सं. पु. महासर्प

शै सं. स्त्री. चीज़, वस्तु, पदार्थ

शैख़ सं. पु. मुसलमान हो जाने वाले ब्राह्मण की संतान, मुसलमानों की एक श्रेष्ठ जाति, शेख़

शैत शायद, संभवतः

शैतान सं. पु. (अर.) तमोगुण का प्रधान देवता, मनुष्य को सद्‌मार्ग से भटकाने वाला

शैतानी सं. स्त्री. (अर.) पाजीपन, दुष्टता, शैतान का कर्म

शैदा, शैदाई वि. (फ़ा.) आसक्त, अनुरक्त

शोक सं. (सं.) दुःख, प्रिय व्यक्ति की मृत्यु या वियोग से उत्पन्न दुःख

शोख़ वि. पु. (फ़ा.) चंचल, धृष्ट, ढीठ, नटखट, करारा

शोखी सं. स्त्री. (फ़ा.) धृष्टता, चंचलता, चुलबुलापन

शोदा, शोदड़ा वि. पु. बेचारा, निरीह, गरीब, स्त्री. शोदी

शोदी शुदड़ी स्त्री. बेचारी, निरीह, ग़रीब महिला

शोर सं. पु. (फ़ा.) ज़ोर की आवाज़, कोलाहल, धूम, प्रसिद्धि

शोरग़ुल सं. पु. (फ़ा.) हल्लागुल्ला, कोलाहल

शोरबा सं. पु. (फ़ा.) उबली हुई तरकारी या मांस का रस, रसा

शोरा सं. पु. (फ़ा.) मिट्टी से निकलने वाला क्षार

शोरिश सं. स्त्री. (फ़ा.) खलबली, हलचल, बलवा, बगावत

शोला सं. पु. (अर.) आग की लपट, ज्वाला

शोशा सं. पु. (फ़ा.) चुटकुला, व्यंग्य, झगड़ा खड़ा करने वाली बात

शोशा छोड़ना मु. झगड़ा पैदा करना

शोहदा, शुहदा वि. (फ़ा.) बदमाश, लम्पट, व्यभिचारी

शोहदापन सं. (फ़ा.) बदमाशी, लम्पता

शोहरत सं. स्त्री. (फ़ा.) शुहरत, प्रसिद्धि, ख्याति, मशहूरी

शौंक, शौक सं. (अर.) शौक, रुचि, चस्का, व्यसन

शौंकिया क्रि. वि. (अर.) शौक पूरा करने के लिए

शौंकीन वि. (अर.) शौक वाला, छैला, बना ठना रहने वाला

शौंकीनी, शुकीनी सं. स्त्री. तमाशबीनी, अय्याशी

शौच सं. स्त्री. (सं.) पवित्रता, मलत्याग, पख़ाने जाना

शौहर सं. पु. (फ़ा.) ख़ाविंद, पति

श्मशान सं. पु. (सं.) मरघट, मसान

श्रवणकुमार सं. पु. (सं.) एक पितृभक्त जो अपने अंधे माता पिता को कांवर में बिठा कंधे पर उठाए तीर्थ यात्रा कराता फिर रहा था कि एक रात अचानक तालाब से पानी लेते समय राजा दशरथ के बाण से घायल होकर मर गया जिसके शोक से व्याकुल माता-पिता ने राजा दशरथ को पुत्र वियोग में मरने का शाप दिया था।

श्राद्ध सं. पु. (सं.) वह धार्मिक कृत्य जो पितरों के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने के लिए किया जाता है। पितृ पक्ष।

श्री सं. स्त्री. (सं.) आदर सूचक शब्द, शोभा लक्ष्मी, सरस्वती, धन

श्रीमान वि. पु. (सं.) आदर सूचक शब्द, मान्य, माननीय, धनवान

श्रीमती वि. स्त्री. (सं.) श्रीमान का स्त्रीलिंग, पत्नी वाचक शब्द (मिसेज़)

स

संकट (सं.) पु. कष्ट, दुःख, संताप, विपत्ति, क्लेश

संकट जनक (सं.) वि. पु. कष्टकारी, दुःखद

संकल्प (सं.) पु. व्रत, इरादा, सेवा

संकल्प करणा (घिनणा) कुछ अर्पित करने या त्यागने का व्रत लेना

संकेत (सं.) पु. इशारा, इंगित

संकोच (सं.) पु. शर्म, झिझक

संकोची वि. शर्मीला, झिझकने वाला

संख पु. शंख जो मंदिरों में बजाया जाता है, सौ पद्म की गिनती

संख वजावणा, (फूंकणा) क्रि. फूंक मार कर शंख बजाना

—फोके शंख वजावणा, —वड्डे शंख वजावणा मु. शेखियां मारना (वड्डे शंख वजावण दा क्या फ़ैदा)

संख्या (सं.) स्त्री. गिनती, जहर

संग (सं.) पु. साथ, (पं.) संकोच

संगदिल (फ़ा.) वि. पत्थर दिल, कठोर हृदय

संगणा (सं.) क्रि. संकोच करना, शर्माना, झिझकना

संगत (सं.) स्त्री. संगति, धार्मिक सम्मेलन में एकत्र भक्तसमूह, मैत्री, दोस्ती, समाज

संगती, संगाती वि. संगी, मित्र, दोस्त, साथी, सफ़र का साथी

संगतड़ा पु. संतरा, नारंगी, एक रसदार फल, ब.व. संगतड़े, संतरे, नारंगियां

संगमरमर (फ़ा.) पु. एक विशेष प्रकार का पत्थर

संगलाख़ (फ़ा.) वि. सख़्त, पथरीली

संगलाख़ ज़मीन स्त्री. पथरीली धरती, जटिल छंद

संगली पु. तीतर, चकोर, स्त्री. संगल, गले में पहनी जाने वाली पतली ज़ंजीर

संगवां वि. संकोची, शर्मीला

संगीत (सं.) पु. रागविद्या, गायन विद्या

संगीतकार वि.पु. संगीत विद्या का ज्ञाता

संगीत विद्या वि.पु. गायन सम्बंधी कला

संगीतशाला स्त्री. संगीत विद्यालय, संगीत कक्ष

संगीन (फ़ा.) वि. सख़्त, कठोर, दंडनीय

संगीन जुर्म (फ़ा.) पु. कठोर दंडनीय अपराध

संगुड़णा क्रि. संकुचित होना, छोटा पड़ जाना, वि. छोटा पड़ जाने वाला

संगोड़ क्रि. आज्ञा. इकट्ठा या इकट्ठी कर (जंघीं संगोड़ घिन), सिकोड़ ले

संगोड़णा क्रि. सं. सिकोड़ लेना, इकट्ठी कर लेना

संघ पु. गला, कंठ, जनसंघ पार्टी का संक्षिप्त नाम

संघड़ पाकिस्तान में स्थित तौंसे की एक बरसाती नदी का नाम, गणेश

संघड़ चौथ स्त्री. गणे[illegible] तुर्थी

संघणा वि. बहुत घना

संघ फाड़णा क्रि. बहुत ऊंची आवाज़ में बोलना, गला फाड़ना, चिल्लाना

संघ फड़ीजणा क्रि.सं. बहुत ऊंची आवाज़ में बोलने से गला फटना

संघर्ष (सं.) पु. रगड़, टकराव, झगड़ा, उलझन

संङ पु. सम्बंध, रिश्ता, नाता, क्रि. आज्ञा. संकोच कर

संङणा क्रि. संकोच करना, झिझकना, शर्माना

संचत (पं.) संचित (सं.) एकत्र किया हुआ, बचाया हुआ

संचार (सं.) **महिमकमा** (फ़ा.) सूचना प्रसार विभाग

संचार दे साधन सूचना पहुंचाने के साधन

संचालक (सं.) संचालन करने वाला, चलाने वाला, निदेशक, डायरैक्टर

संजणा क्रि. संचित करना, बचाना

संजू वि. संचित करने वाला

संजो क्रि. आज्ञा. बचाओ, बचत करो, पु. लोहे के तारों से बनी पोशाक, कवच

संजोग (पं.) पु. संयोग, मेल, सबब

संजोगी मेला पु. सबब से हुई अचानक और थोड़ी देर की मुलाकात, संयोग से हुई मैत्री

संझ (सं.) स्त्री. संध्या, सांझ, शाम, (पं.) तिकालां

संझा, संझा वेले संध्या, शाम के समय

संझाण, सुञाण स्त्री. पहचान, संज्ञान, क्रि. पहचानना

संज्ञा (सं.) पु. किसी चीज़, स्थान या व्यक्ति का नाम

संटर (अं.) सैंटर पु. केन्द्र, (फ़ा.) मरकज़

संटरल (अं.) सैंटरल वि. (सं.) केन्द्रीय, (फ़ा.) मरकज़ी

संडा (पं.) पु. वि. मोटा ताज़ा, हट्टा कट्टा आदमी

संडासी स्त्री. सन्नी, गरम लोहे को पकड़ने का यंत्र

संढ (पं.) स्त्री. वि. बांझ स्त्री, जिस स्त्री को औलाद न हो

संढण वि. स्त्री. जिस गऊ को कई दिन से दुहा न गया हो

संढणा क्रि. सं. गांठना, मिलाना, जोड़ना

संढा पु. भैंसा, सांढ, झोटा, मोटा ताज़ा, हट्टाकट्टा

संढी स्त्री. वह भैंस जिस के बच्चा न हो, बांझ भैंस

संत (सं.) पु. साधु, भक्त, फ़कीर, सीधा व्यक्ति, धर्मी

संतणी स्त्री. संत का स्त्री लिंग

संतरा पु. संगतरा, एक रसदार फल, ब. व. संतरे

संतान (सं.) स्त्री. औलाद, संतति

संताप (सं.) पु. ताप, जलन, मानसिक दुःख, पश्चाताप, पछतावा

संतुष्ट (सं.) वि. जिस को संतोष हो जाए, प्रसन्न, तुष्ट, तृप्त

संतोष (सं.) (पं.) **संतोख** संतुष्टि का भाव, तृप्ति, प्रसन्नता, तुष्टि

संतोषी (सं.) (पं.) **संतोखी** संतोष रखने वाला, हर हाल में खुश, संतृप्त

संथाल पु. मध्य भारत की एक आदिवासी जाति

संद, संद्र (पं.) **संदर** बढ़ई के औज़ार

संदल पु. चंदन, एक वृक्ष जिस की लकड़ी सुगंधित और मज़बूत होती है और जिसके तने पर सांप लिपटे रहते हैं। संदल का शरबत ठंडक देने वाला पेय होता है।

संदल दा, संदली वि. चंदन का, संदल सा ख़ुशबूदार

संदारी स्त्री. बकरी की खाल से बनी मशक जो तैरने के काम आती है

संदकू पु. लकड़ी का बड़ा बक्स

संदूकड़ी स्त्री. छोटी संदूक, टीन की बनी ट्रंकड़ी

संदूर स्त्री. सिंदूर, लाल रंग का चूर्ण जिसे स्त्रियां मांग में भरती हैं।

संध स्त्री. सेंध, दीवार में चोरी के लिए बनाया गया छिद्र, (फ़ा.) नकब, (पं.) सन्ह

संध मारणा या लावणा क्रि. पाड़ लावणा, सेंध लगाना, नकब लगाना

संधला, संदला पु. सियापे के समय स्त्रियों की कमर में विशेष ढंग से बँधा कपड़ा,

संधि (सं.) स्त्री. समझौता, सुलह

संधि-पत्र पु. सुलहनामा, समझौते के काग़ज़

संबलक पु. (सं.) संकल्प, अर्घ्य, पुजापा

संबलक डेवणा मु. कन्यादान या अन्य शुभ कर्म के समय जलांजलि ले कर संकल्प लेना

संभदा रह वञणा तैयार होते होते अवसर खो देना

संभल, संभिल क्रि. आज्ञा. सचेत हो, सावधान हो, चौकस हो

सँभलना क्रि. सचेत होना, सावधान होना, चौकस होना

संभव वि. मुमकिन हो सकने वाला

संभाल क्रि. आज्ञा. हस्तगत कर, सुरक्षित रख, याद कर

संभाला घिनणा (डेवणा) क्रि. सँभाला लेना, बुझते हुए दीपक का चमक उठना, मरने से पूर्व रोगी का कुछ स्वस्थ लगना

संभालू वि. संभालने वाला, याद करने वाला, संभाल कर रखने वाला

संभोग (सं.) पु. मैथुन, मिलन, उपभोग

संरक्षक (सं.) पु. रक्षक, सरपरस्त

संवारणा क्रि. सँवारना, सुधारना

संविधान (सं.) पु. शासन व्यवस्था, दस्तूर, आईन

संशोधक (सं.) वि. सुधारक

संशोधन (सं.) पु. सुधार, शुद्धिकरण

संशोधित (सं.) वि. सुधरा हुआ, शुद्ध किया हुआ

संसद (सं.) स्त्री. (अं.) पार्लियामेंट

संसदी वि. संसदीय, संसद सम्बंधी

संसा पु. डर, संशय, भय, झिझक, संकोच

संसार (सं.) पु. जगत, दुनिया, जहान, सृष्टि

संसार चक्र (सं.) पु. जगत्-प्रपंच, आवागमन, जन्ममरण का चक्र

संसार यात्रा (सं.) स्त्री. मर्त्यलोक में जन्म, सारे विश्व का भ्रमण

संसारिक, संसारी वि. सांसारिक, संसार सम्बंधी, दुनियावी

संस्कार (सं.) पु. छाप, प्रभाव, परिष्करण

संस्कृत स्त्री. संस्कृत भाषा, परिष्कृत, संस्कारित

संस्कृति (सं.) स्त्री. रहन सहन की पद्धति, (अं.) कल्चर

संस्था (सं.) स्त्री. सभा, समाज, सोसाइटी (सहकारी संस्था)

सईं पु. साईं, स्वामी, श्रीमान जी, साहब

सईं जीवे श्रीमान की लम्बी आयु हो।

सई (घिन सई) सही, भी (ले भी)

सई स्त्री. सखी, सहेली, ब.व. सइयां, (फ़ा.) यत्न, कोशिश, ब.व. मसाई

सईयां पु. स्वामी, मालिक, पति (सईयां भये कोतवाल अब डर काहे का)

सईकल पु. साइकिल

सक, सकड़ा (छिल, छोडा) पु. पेड़ की छाल, दंदासा

सक मलणा क्रि. दंदासे की दातुन करना

सकणा क्रि. कुछ कर सकना, करने में समर्थ होना

सकत (फ़ा.) स्त्री. शक्ति, सामर्थ्य

सकतई स्त्री. सख़्ती, कठोरता

सकत्तर, सकत्तरी पु. सचिव, (अं.) सेक्रेटरी, सचिव का कार्य

सकत्तरेट पु. सचिवालय, (अं.) सेक्रेटेरियेट

सकता (हिं.) सकना क्रिया का रूप, समर्थ (अर.) छंद भंग की स्थिति, एक बीमारी जिसमें रोगी अचेत पड़ा रहता है (अं.) कॉमा

सकदा, सगदा क्रि. सकता, समर्थ

सकना (फ़ा.) वि. साकिन, रहने वाला (पं.) वसणीक

सकराना पु. घी शक्कर या घी खांड वाले चावल

सकर्मक (सं.) पु. कर्म सहित

सकर्मक क्रिया वह क्रिया जिस का कर्म हो

सकर्वी स्त्री. मसूढ़े गल जाने का एकरोग

सक्रीन (अं.) पु. पर्दा, सिनेमा का पर्दा, स्क्रीन, सैक्रीन नामक एक औषधि जिसका सेवन शूगर के मरीज़ों को करना होता क्योंकि इस में चीनी की मात्रा बहुत ही कम होती है।

सकल (सं.) सारा, समग्र

सकारथ, सकारथा वि. सफल, कृतकार्य, सार्थक, उचित कार्य में लगा हुआ

सकारा, सकारी हुंडी सकारने की फ़ीस

सकीम स्त्री. योजना, उपाय, जुगत

सक्का वि. सगा, सम्बंधी, रिश्तेदार, मां जाया, भिश्ती, माशकी, कहार, मशक में पानी भर कर ढोने वाला, स्त्री. सक्किण

सक्खर वि. खरा, ख़ास
सखणा, सखणी वि. ख़ाली, रिक्त, शून्य, जो भरा हुआ न हो, जुलाहे का नड़ा
सख़्त (फ़ा.) वि. करड़ा, पक्का, कठोर, कठिन
सख़्ती (फ़ा.) स्त्री. **सख़्तई** सख़्त होने का भाव, कठोरता, कठिनाई, दुर्भाग्य
सख़्ती चावणा मु. शामत आना, दुर्भाग्य जागना
सख़्त्यां स्त्री. ब.व. सख़्तियां, मुसीबतें, कठिनाइयां
सगई स्त्री. सगाई, मंगनी
सगणा क्रि. सकना, समर्थ होना, योग्य होना
सगड़ी स्त्री. एक तरह की अंगीठी
सगन पु. शगन, भेंट, उपहार, शगुन
सगरा वि.पु. सारा, परिवार सहित
संगरांद स्त्री. संक्रांति, सौर-मास का पहला दिन जब सूर्य राशि से दूसरी राशि में आता है
संगरांद दे जाढ़े संक्रांति के दिन
सगला पु. पतीला, एक बर्तन
सगली स्त्री. पतीली, छोटा पतीला
सगवां वि. असल से मिलता जुलता, ठीक वही चीज़ जो चोरी हुई थी
सग्गा पु. तावीज़, रख, रक्षक सूत्र
सङ पु. रिश्ता, सम्बंध
सच, सच्च, सचई पु. सत्य, सच्चाई
सच आहदे वह सच कहता है
सच आहदें? क्या तू सच कहता है?

सच सच आखणा खरी खरी कहना, सत्य सत्य कहना
सचखंड पु. सत्यलोक, ब्रह्मलोक, ईश्वर
सच सच होंदे झूठ बणावणा पौंदे सत्य सत्य होता है झूठ गढ़ना पड़ता है
सच कूं झूठ बणावणा सत्य को असत्य कर दिखाना
सच सच ठीक ठीक, बिना तोड़े मरोड़े
सच मुच, सच्ची मुच्ची वास्तव में, असल में
सचला, सचली वि. असली, सचमुच की, वास्तविक
सच्चा वि.पु. सच्चा, खरा, सत्यवादी, स्पष्टवादी
सच्चिदानंद वि.पु. सत् चित् आनंद स्वरूप परमेश्वर
सच्ची वि.पु. सच्ची, खरी, सत्यवादिनी
सच्चरित्र (सं.) वि. सदाचारी
सचियार वि. सच्चा, निरीह, बेकसूर
सचेत, सुचेत वि. सावधान, चौकस, होशियार
सजदा (फ़ा.) पु. माथा टेकना, वंदन, नमन
सजधज स्त्री. शोभा, धूमधाम, ठाठबाठ, सजावट
सजई (अजई का विपरीत) वि. सार्थक अच्छे काम में लगी हुई या लगाई हुई (राशि, शक्ति)
सजरा, सज्रा वि. सद्यः, ताज़ा, नया
सजा क्रि. आज्ञा. सज्जित कर
सज़ा (फ़ा.) स्त्री. दण्ड, जुर्माना

सजावणा क्रि. सं. सज्जित करना, अलंकृत करना, सजाना

सजाया वि. सार्थक, अच्छे काम में लगाया गया (धन, समय, बल)

सजाया वा वि. सजाया हुआ, सज्जित

सज्॒ञा वि.पु. (सं.) सद्यः, ताज़ा, दायां

सज्॒ञी वि. स्त्री. (सं.) सद्या, ताज़ी, नई, दायीं

सज्॒ञा धांता वि. सं. सद्यः स्नातः, अभी अभी नहा कर आया हुआ

सज्॒ञी धांती वि. स्त्री. सद्यास्नाता, अभी अभी नहा कर आई हुई

सज्॒ञण आविन अखीं विच समाविन अखा. हितैषी मित्रों का सदा स्वागत है।

सज्॒ञण वि. भला आदमी, सज्जन पुरुष, मित्र, हितैषी, दोस्त, बंधु बांधव

सजणई स्त्री. सज्जनता, भलमनसाहत, मैत्री

सज्॒ञणा! सम्बो. हे सज्जन, हे मित्र! हे प्रिय!

सज्॒ञणें दा सहारा होंदे बंधु बांधवों का आसरा होता है

साजन, सजना पु. प्रियतम, महबूब

सजनी स्त्री. प्रिया, महबूबा

सट क्रि. आज्ञा. फैंक, गिरा, डाल (ऊपर से नीचे को)

सट घत फैंक दे, डाल दे, गिरा दे, छोड़ दे

सट घतेसी वह गिरा देगा

सट घतेसें तू गिरा देगा

सट घतेसो तुम गिरा दोगे

सट घत्यिस उसने गिरा (छोड़) दिया है

सटणा क्रि. सं. फैंकना, गिराना

सट्ट (पं.) स्त्री. चोट, रगड़, आघात, सदमा

सट्ट लगणा क्रि. चोट लगना, आघात या सदमा पहुंचना

सटपटावणा क्रि. तड़पना, तंग होना, व्याकुल होना

सटपलट उथलपुथल

सटवावणा क्रि. सं. दूसरे से फिकवाना, (गिरवाना)

सटवई स्त्री. दूसरे से फिकवाने की उजरत

सट्टा पु. बदला, वट्टा सट्टा, वटांदरा, लेनदेन, क्रयविक्रय, जुए का दांव, अग्रिम सौदेबाज़ी करने का कार्य

सट्टी स्त्री. कामर्स चैम्बर, जहां सट्टा खेला जाता है

सट्टी क्रि? क्या तू ने फैंक दी है? क्या तू ने गिरा दी है? या गिरा दिया है?

सट्टूं डालें, फैंकें, छोड़ें

सट्टेबाज़ वि. सट्टा खेलने वाला, जुएबाज़

सट्टेबाज़ी स्त्री. सट्टा खेलने का काम, जुएबाज़ी

सट्यिस उसने गिराया है, गिरा दिया है

सट्यिसी? क्या तू ने उसे गिरा दिया है?

सठ वि. साठ (६०)

सठड़ी, सट्ठी वि. ६० दिन में पक जाने वाली धान की फ़सल

सट्ठी, छट्ठी स्त्री. बच्चे के जन्म के बाद छटी रात जब परिवार वाले उसे घुट्टी देते हैं, छट्ठी दी रस्म

सठवां, सठवीं वि. साठ की गिनती को पूरा करने वाला या वाली

सड पु. आवाज़, (फ़ा.) सदा (पं.) सद

सड मारणा, सडणा क्रि.स. आवाज़ लगाना, बुलाना

सड पंध आवाज़ सुनाई दे जाने जितनी दूरी

सड्डा (पं.) सद्दा पु. बुलावा, निमंत्रण

—सड्डिस क्रि. आज्ञा. उसको बुला

—सडेसां क्रि. सं. मैं बुलाऊंगा

—सडेसिन क्रि. सं. वे बुलाएँगे

—सडेसी क्रि. सं. वह बुलाएगा

—सडेसूं क्रि.सं. हम बुलाएँगे

—सडेसो क्रि.स. तुम बुलाओगे

सड़ जल

सड़क स्त्री. ए.व. सड़कमार्ग, (अं.) रोड

सड़कां स्त्री. ब.व. सड़कें

सड़कीं ते (पं. सड़कां ते) सड़कों पर

सड़क्का पु. जलापा, ईर्ष्या, द्वेष

सड़णा क्रि. जलना, ईर्ष्या करना

सड़दा पे जल रहा है

सड़ बल वञणा जल भुन जाना

सड़ सड़ कोला थीवणा जल जल कर कोयला होना, भयंकर ईर्ष्या की आग में जलना

सड़ांद स्त्री. गले सड़े होने की वदबू, जलना

सड़ियल, सड़ू वि. वदमिज़ाज, ईर्ष्यालू

सड़्या वा वि.पु. जला हुआ

संण, सणी पु. पटसन

सणेहा पु. संदेशा

सणें (पं.) वि. साथ, समेत, सहित

सत पु. असल तत्व, जौहर, रस (सतमुलट्ठी), सत्य, सत्व, धर्म, जीवनी शक्ति

सत वि. सात (७)

सतारह, सतारां वि. सतरह (१७)

सतावी वि. सत्ताईस (२७)

सतत्री वि. सैंतीस (३७)

सताली वि. सैंतालीस (४७)

सतवंझा वि. सत्तावन (५७)

सतैठ (पं.) सताहठ वि. सड़सठ (६७)

सतत्तर वि. सतहत्तर (७७)

सतासी वि. सतासी (८७)

सतानवे वि. सतानवे (९७)

सतनाम पु. ईश्वर का सच्चा नाम

सतत्ता वि. पु. अभी अभी का, तुरंत का

सतत्ती वि. स्त्री. अभी अभी की, तुरंत की

सतन्ना वि. सात तरह के अनाजों का मिश्रण

सतरंगा वि.पु. सात रंगों वाला

सतलड़ा वि.पु. सात लड़ियों वाला

सतलुज पु. पंजाब की एक नदी

सतवंत वि.पु. सद्धर्म का पालक, सती यति

सतवंती वि. स्त्री. सद्धर्म की पालना करने वाली, सती स्त्री

सतवचन पु. अस्तु, तथाऽस्तु, तुम्हारा वचन सत्य है स्वीकार्य है

सतह स्त्री. थाह, तल, ऊपरी तल

सतही वि. साधारण स्तर का, छिछला, कम गहरा

सतून (फ़ा.) पु. स्तम्भ, खम्बा
सतोगुण सं. सत्वगुण, सच्चाई का गुण
सत्कर्म पु. सच्चा काम
सत्कार पु. आदर, सम्मान
सताहरी वि. सताहरे माप की जूती, ताश का एक खेल जिसमें तीन व्यक्ति १७-१७ पत्ते बांट कर खेलते हैं
सत्तोवाड़ा पु. विवाह के बाद दुल्हन का पहली बार मायके में आकर स्नान करने की रीति
सथ क्रि. आज्ञा. सटा, मिला, जोड़
सथणा क्रि. जोड़ना, मिलाना, सटाना
सथर भूमि, स्थल
सथल स्त्री. सांथल, रान, टांग के घुटने से ऊपर का भाग (सं.) स्थल, स्थान
सथल सेना स्त्री. स्थल सेना, ज़मीनी फ़ौज
सथान पु. (सं.) स्थान
सथानक (पं.) वि. स्थानीय, मुकामी, स्थान विशेष की (हिं.) पूजा स्थल या सभा स्थल, जैसे जैन स्थानक
सथायी वि. स्थायी, पक्का
सथित वि. (सं.) स्थित
सथिर वि. (सं.) स्थिर
सथिर बुद्धि वि. (सं.) स्थिर बुद्धि वाला
सथिर चित्त वि. (सं.) स्थिर मनवाला
सथिरता स्त्री. (सं.) स्थिरता, दृढ़ता, पक्कापन
सथूल वि. (सं.) स्थूल, मोटा
सथ्या वेठे सट कर बैठा है
सथ्या पे सटा पड़ा है
सथ्या लाथे सटा हुआ रखा है
सथ्या वा वि. सटा हुआ
सद (फ़ा.) वि. सौ, सैंकड़ा
सद्द (पं.) पु. आवाज़ (फ़ा.) सदा, पुकार
सदणा (पं.) क्रि. बुलाना, आवाज़ लगाना, पुकारना
सदका (अर.) पु. निछावर, उतारा, दान, प्रसाद, भेंट, (पं.) सिर वारणा
सदके बलिहारी जाऊं, वाहवा, खूब है
सदके थीवां, सदके वञां बलिहारी जाऊं, कुर्बान जाऊं
सदना पु. सदना कसाई
सदमा (अर.) पु. आघात, चोट, धक्का, मानसिक आघात
सदर (अर.) वि. प्रधान, मुख्य, सभापति, केन्द्रीय स्थान
सदर थाणा मुख्य पुलिस स्टेशन
सदर बाज़ार (अर.) पु. मुख्य बाज़ार, छावनी का बाज़ार
सदरी (हिं.) स्त्री. एक प्रकार की बिना बाज़ू की कुर्सी
सदस्य (सं.) पु. सभासद, (अं.) मैम्बर
सदस्यता (सं.) स्त्री. सदस्य होने का भाव या पद, मैम्बरशिप
सदा (फ़ा.) स्त्री. आवाज़, नवा
सदा (हिं.) वि. (सं.) सदैव, नित, नित्य, हमेशा, हर वेले
सदाक़त (अर.) स्त्री. सच्चाई, सत्यता
सदाचार (सं.) पु. अच्छा आचरण, शिष्ट व्यवहार

सदाचारी (सं.) वि. आचारवान, सच्चरित्र, धर्मात्मा

सदाबहार वि. जो सदा हरा भरा रहे

सदावर्त (सं.) पु. नित्य दिया जाने वाला भोजन

सदारत (अर.) स्त्री. प्रधानता, सभापतित्व

सदी (फ़ा.) स्त्री. शताब्दी, सैंकड़ा (सैंचरी)

सदुपदेश (सं.) पु. नेक सलाह, अच्छा उपदेश

सदुपयोग (सं.) पु. अच्छा उपयोग

सद्गति (सं.) स्त्री. मरने के बाद उत्तम गति

सद्गुरु (सं.) पु. अच्छा और सच्चा गुरु

सद्धर्म (सं.) पु. उत्तम धर्म

सद्र (अर.) पु., **सद्रमुकाम** सब से ऊंचा स्थान, प्रधान अधिकारी, अध्यक्ष

सधरां ब.व. अभिलाषाएँ, अरमान, उमंगें

सधवा (सं.) स्त्री. सुहागिन

सधारण वि. मामूली, साधारण, आम

सधावणा क्रि. प्रेर. सधाना, साधने का काम दूसरे से कराना

सनअ़त (अर.) स्त्री. हुनर, कारीगरी, शिल्प, उद्योग

सनअ़ती (अर.) वि. उद्योगों सम्बंधी

सनअ़ती तरक्की स्त्री. औद्योगिक उन्नति

सनक (हिं.) स्त्री. धुन, पागलपन

सनद (अर.) स्त्री. सबूत, दलील, प्रमाण, प्रमाणपत्र, दस्तावेज़, डिग्री

सनम (अर.) पु. प्यारा, माशूक, साजन, बुत

सनमख़ाना पु. बुतख़ाना, मंदिर

सनमान पु. (सं.) सम्मान, आदर

सनमुख वि. सामने, रूबरू, मौजूदगी में

सनमुख थीवणा मु. उऋण हो बैठना, सुर्ख़रू होना, कृतकार्य होना

सना (फ़ा.) स्त्री. स्तुति, बड़ाई, प्रशंसा

सनाख़ानी (फ़ा.) स्त्री. स्तुतिगान, स्तवन

सनातन (सं.) पु. पुरातन, जिस का आदि नहीं, अनादि

सनातन धर्म (सं.) पु. पुरातन धर्म, हिंदुओं का प्राचीन मत जो सगुणोपासना में आस्था रखता है

सनातनी वि. सनातनधर्मी, पुराने विचारों का, सगुणोपासक

सनान पु. (सं.) स्नान, नहाना

सनीचर, छनछण (सं.) शनिश्चर, शनिवार

सनीचर चढ़णा या भारी होवणा मु. साढ़ सती आना, बुरा समय आना

सन्नाटा पु. चुपचाप, चुप्पी, ख़ामोशी

सन्नी स्त्री. संडासी, गरम लोहा पकड़ने का उपकरण

सन्नूं पु. चिमटा (फ़ा.) दस्तपनाह

सने सने शनैः शनैः, धीरे धीरे

सनेहा, सनेहड़ा, सनिहा पु. संदेशा

सप (पं.) पु. सांप, सर्प

सप लड़णा सांप का डसना

सपंज (अं.) पु. समुद्र से निकला एक पदार्थ जो नमी को सोख लेता है

सपणी (पं.) स्त्री. सर्पनी, सांपिन
सपना (हिं.) पु. स्वप्न, ख़्वाब
सपने डेखणा स्वप्न देखना, ख़्वाब देखना, कल्पनाओं में उड़ना
सपड़ सपड़ कुत्ते की दूध या पानी पीने की आवाज़
सप्रिंग पु. (अं.) स्प्रिंग
सप्रेटा पु. क्रीम निकाला हुआ कच्चा दूध
सप्लाई (अं.) स्त्री. आपूर्ति
सप्लाई महकमा पु. आपूर्ति-विभाग
सपास (फ़ा.) पु. प्रशंसा, स्तुति
सपास नामा (फ़ा.) पु. अभिनंदन-पत्र
सपुत्र वि. पु. (सं.) सुपुत्र, सपूत, अच्छा बेटा
सपेद (फ़ा.) वि. सफ़ेद, चिट्टा, उजला, साफ़
सपेदी (फ़ा.) स्त्री. सफ़ेदी, उजलापन
सपेरा (हिं.) पु. सांप पकड़ने वाला
सपेरिण (हिं.) स्त्री. सपेरे की स्त्री
सपोलिया (हिं.) पु. संपोलिया, सांप का बच्चा
सुपारी स्त्री. एक फल जिसे कुतर कर पान में डालते हैं
सुपारी डेवणा मु. किसी की हत्या हेतु धन देना
सप्त-ऋषि (सं.) पु. सप्तर्षि, सात नक्षत्रों का समूह
सप्ताह (सं.) पु. (फ़ा.) हफ़्ता, सात दिन का समय
सफ़ (फ़ा.) स्त्री. चटाई, फ़र्श, पंक्ति, कतार
सफ़ वल्हेटणा मु. बिस्तर गोल करना

सफ़ई स्त्री. सफ़ाई, शुद्धता, पवित्रता
सफ़न सफ़ा वि. पं. रड़ा (मैदान), ख़ाली, वीरान, सुनसान
सफ़र (फ़ा.) पु. यात्रा, भ्रमण
—सफ़रख़र्च पु. यात्रा व्यय, यात्रा भत्ता
—सफ़र दा साथी वि. यात्रा का साथी
—सफ़रनामा पु. यात्रा-वृत्तांत
—सफ़री वि. सफ़र से सम्बद्ध
—सफ़री कोट पु. सफ़र में पहना जाने वाला कोट
—सफ़री सूट पु. सफ़र में पहना जाने वाला सूट
सफ़रा (फ़ा.) पु. गरमी, पित्त, पीलिया रोग, यरकान
—सफ़रा थी गिस उसे यरकान या पीलिया हो गया है
—सफ़रावी मिज़ाज पित्त प्रधान प्रकृति
सफ़रा पु. छानने का कपड़ा, छाणा, पोणा
सफल (सं.) वि. कामयाब, फल सहित, कृतकार्य
सफलता (सं.) स्त्री. कामयाबी, कृतकार्यता
सफ़्हा (फ़ा.) पु. पृष्ठ (अं.) पेज
सफ़ा वि. शुद्ध, साफ़, पवित्र, उज्ज्वल, निर्मल
सफ़ाक वि. (अर.) सफ़्फ़ाक, ज़ालिम, क्रूर, निर्मम
सफ़ा चट्ट वि. बिल्कुल साफ़, सफ़न सफ़ा ख़ाली (मैदान), गंजा (सिर)
सफ़ारिश (फ़ा.) स्त्री. किसी के लिए किसी से कुछ कहना, सहायता का अनुरोध करना, हिमायत

